CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 22°C
न्यूनतम : 09°C

मुजफ्फरनगर, सोमवार 9 फरवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 24 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 20 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



असम भाजपा के एक्स हैंडल पर वीडियो को लेकर बवाल पेज 2



रातों रात भारत के विश्व कप स्टार बने मोहम्मद सिराज खेल टाइम्स



मिर्गी: बीमारी नहीं, सोच बनती है सबसे बड़ी चुनौती सम्पादकीय



गलवान तनाव के सात दिन बाद चीन ने किया था परमाणु परीक्षण पेज 12

# भारत बनेगा 30-35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली, वार्ता**

**भारत और अमेरिका** के बीच हालिया व्यापार समझौता दोनों देशों के रिश्ते को और बेहतर व नई दिशा देने की संभावना के तौर पर देखा जा रहा है। ऐसे में अब केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस समझौते को लेकर एक बार फिर अपनी प्रतिक्रिया दी है।

रविवार को उन्होंने कहा कि भारत को अगले पांच साल में अमेरिका से 500 अरब डॉलर के सामान खरीदने में कोई समस्या नहीं होगी। उन्होंने इसे बहुत ही सुरक्षित बताया, क्योंकि उनका मानना है कि भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था अगले पांच साल में लगभग 2 ट्रिलियन डॉलर की मांग पैदा करेगी। भारत भविष्य में 35 ट्रिलियन डॉलर का बाजार पेश कर सकता है। गोयल ने बताया कि वर्तमान में भारत 300 अरब डॉलर का सामान अमेरिका से खरीद सकता है, जो अभी वह दुनिया के अन्य देशों से लेता है। उन्होंने कहा कि भारत ने अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप दे दिया है। इसके तहत भारत अगले पांच साल में ऊर्जा उत्पाद, विमान और पार्ट्स, कीमती धातु, तकनीकी उत्पाद और कोकिंग कोयला अमेरिका से खरीदने का इरादा रखता है। किसानों की आय पर जोर देते हुए गोयल ने कहा कि

**कहा: भारत पांच साल में अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने में सक्षम**

**भारत ने अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को दिया अंतिम रूप**



अमेरिकी बाजार किसानों को अधिक मूल्य देगा और उनकी आय बढ़ाने में मदद करेगा। उन्होंने बताया कि भारत-अमेरिका के व्यापार समझौतों से किसानों को नई निर्यात संभावनाएं मिलेंगी, जिससे उन्हें बेहतर दाम और लाभ मिलेगा। गोयल ने कहा कि आज भारत व्यापार समझौतों की बातचीत ताकत और आत्मविश्वास के साथ कर रहा है। उनका मानना है कि भारत भविष्य में 35 ट्रिलियन डॉलर का बाजार पेश कर सकता है, और यही हमारी सबसे बड़ी वार्ता ताकत है। गोयल ने यह बात भारत-अमेरिका के बीच शुल्क समझौते के बाद अपने पहले इंटरव्यू में कही। यह समझौता दोनों देशों के द्विपक्षीय व्यापार समझौते की ओर पहला कदम माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज हम 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं, लेकिन 2047 तक यह बढ़कर 30-35 ट्रिलियन डॉलर होगी, जब हम एक विकसित अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। यही भारत का आत्मविश्वास है। इस वृद्धि का अवसर हम अपने व्यापारिक साझेदारों को पेश कर रहे हैं। गोयल के अनुसार यह भविष्य की संभावनाओं को लेकर भारत की रणनीति और ताकत का परिचय है, जिससे देश के लिए नए निवेश और व्यापार के अवसर खुलेंगे। गोयल ने कहा कि भारत पहले ही कृषि और मत्स्य उत्पादों का 55 अरब डॉलर का निर्यात कर रहा है। यह समझौता किसानों को और अधिक निर्यात अवसर और बेहतर लाभ दिलाने में सहायक होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी बाजार में नए अवसर किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाने में मदद करेंगे।

# गौरव गोगोई का मामला गृह मंत्रालय भेजेगी असम सरकार



**गुवाहाटी।** असम सरकार कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के पाकिस्तान कनेक्शन मामले को केंद्रीय गृह मंत्रालय भेजेगी। असम कैबिनेट ने शनिवार को यह फैसला लिया। जिसके बारे में रविवार को मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी।

असम सरकार कांग्रेस सांसद गौरव की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न का ओसीआई/वीजा रद्द करने की मांग भी करेगी, क्योंकि उनकी मौजूदगी भारत के लिए नुकसानदायक है। असम सीएम का आरोप है कांग्रेस सांसद गौरव और उनकी पत्नी एलिजाबेथ, पाकिस्तानी एजेंट अली तौकीर शेख के बहुत करीब हैं। एक पाकिस्तानी फर्म ने गौरव की पत्नी को नौकरी दी, फिर उन्हें भारत ट्रांसफर कर दिया। एलिजाबेथ भारत से जुड़ी कई जानकारियां इकट्ठा करती थीं और पाकिस्तानी नागरिक अली शेख को रिपोर्ट देती थीं। अली तौकीर शेख एलिजाबेथ को इस काम के लिए सैलरी देता था। हिमंता ने यह भी दावा किया कि अली तौकीर 2010 से 2013 के बीच 13 बार भारत आया था। उसका मकसद दुनिया में भारत विरोधी नैरेटिव तैयार करना था। असम सीएम की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर गौरव गोगोई ने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा ने मीडिया के सामने मंच पर खुद को शर्मिंदा किया। असम में कोई उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेता। असम

**■ सीएम हिमंता ने लगाया गंभीर आरोप**
**■ कहा: कांग्रेस सांसद की पत्नी के पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई से संबंध**

कांग्रेस अध्यक्ष ने सवाल उठाया कि हिमंता परिवार ने कथित तौर पर पूरे असम में 4,000 एकड़ जमीन कैसे हासिल की। उन्होंने कहा कि राज्य में भविष्य की कांग्रेस सरकार ऐसी जमीनों को गरीबों में बांट देगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिमंता ने बताया कि हमने मौजूदा सांसद गौरव गोगोई से पाकिस्तान कनेक्शन के बारे में पूछताछ नहीं की है। हमने उनके पद की गरिमा का सम्मान करते हुए यह मामला केंद्र पर छोड़ दिया है। हिमंता ने यह भी कहा कि अगर अब गौरव गोगोई को गिरफ्तार करने जैसा कदम उठाया, तो मुझ पर असम विधानसभा चुनावों से पहले राजनीति करने का आरोप लगेगा। गौरव गोगोई-एलिजाबेथ पर सीएम हिमंता के 10 आरोप लगाए गए हैं, आरोपों के अनुसार एलिजाबेथ ने आईबी सूत्रों से क्लाइमेट एक्शन के बारे में जानकारी इकट्ठा कीं। गौरव गोगोई ने चुनावी हलफनामे में पत्नी के पाकिस्तानी बैंक खाते के बारे में नहीं बताया। गोगोई की पत्नी एलिजाबेथ को पेमेंट करने के लिए एफसीआरए नियमों को दरकिनार किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान समेत पांच राज्यों में सुबह-शाम की सर्दी

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने देश के किसी भी राज्य में रविवार के लिए कोई अलर्ट जारी नहीं किया है। हालांकि जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल में हुई बर्फबारी के कारण उत्तर भारत के सभी राज्यों में अभी भी सर्दी का असर है। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ और चंडीगढ़ में सुबह और शाम सर्दी हो रही है। जबकि दिन के समय कई जिलों में पारा 30 डिग्री का आंकड़ा पार कर रहा है। इन राज्यों में फरवरी में ही मार्च जैसी गर्मी का अहसास होने लगा है। हिमालयी राज्य उत्तराखंड और हिमाचल में मौसम विभाग ने 9 फरवरी से ऊंचे इलाकों में बर्फबारी का अनुमान जताया है। 10 फरवरी को दोनों ही प्रदेशों में बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

### स्कूली छात्रों के एक करोड़ अनिवार्य बायोमेट्रिक नवीनीकरण पूरे

**नई दिल्ली।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने मिशन-मोड के अंतर्गत चल रहे अभियान में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए देश भर के 83 हज़ार स्कूली छात्रों के लिए एक करोड़ से अधिक अनिवार्य बायोमेट्रिक नवीनीकरण (एमबीयू) को पूरा करने का लक्ष्य हासिल कर लिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्रालय की ओर से रविवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, यूआईडीएआई ने सितंबर 2025 में स्कूली छात्रों के लिए यह विशेष अभियान शुरू किया था। यह अभियान शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली प्लस एप्लीकेशन के साथ सफल तकनीकी एकीकरण के बाद शुरू किया गया था। इससे स्कूलों में बच्चों के एमबीयू की स्थिति को देखना संभव हुआ था।

### स्टेट्समैन विंटेज कार रैली में दिखा 'पुराने दौर' का वैभव

**नई दिल्ली।** राजधानी में रविवार को आयोजित हुई 59वीं वार्षिक 'स्टेट्समैन विंटेज कार रैली' का शानदार समापन हो गया। इस रैली में पुरानी कारों में शुमार 1906 की शानदार 'रेनो' कार ने चार चांद लगा दिए। यह रैली बाराखंभा रोड स्थित 'स्टेट्समैन हाउस' से शुरू होकर मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम तक निकली, तो लगा मानो वक्त का पहिया पीछे घूम गया हो।

# आतंकवाद पर कोई समझौता नहीं: मोदी

## हम किसी भी देश के ऐसे रुख की कड़ी निंदा करते हैं, ऐसे देशों की असलियत उजागर हो चुकी

**कुआलालंपुर, वार्ता**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** का रविवार को मलेशिया की प्रशासनिक राजधानी पुत्रजाया के पर्दाना पुत्र भवन में औपचारिक स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने उनका स्वागत किया।

वहीं इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने दोनों देशों के मंत्रियों और प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की। इसके बाद पीएम मोदी और मलेशियाई पीएम ने द्विपक्षीय वार्ता की। इस वार्ता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद पर भारत का रुख साफ है, कोई दोहरा मापदंड और समझौता नहीं किया जा सकता, हम किसी भी देश के ऐसे रुख की कड़ी निंदा करते हैं, ऐसा रवैया अपनाने वाले देशों की असलियत उजागर हो चुकी है। श्री मोदी ने कहा कि भारत- मलेशिया की साझेदारी ऐतिहासिक है और दोनों देशों में सहयोग लगातार बढ़ा है। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने मलेशियाई प्रधानमंत्री और वहां की सरकार का दिल से धन्यवाद करते हुए कहा कि जिस तरह उनका और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया गया, वह हमेशा यादगार रहेगा।

**मलेशिया के पीएम अनवर इब्राहिम ने प्रधानमंत्री मोदी का किया स्वागत, दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय वार्ता की**



### आजाद हिंद फौज के वरिष्ठ सेनानी जयराज राजा राव से मिले पीएम

**कुआलालंपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मलेशिया की अपनी दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान आजाद हिंद फौज के पूर्व सैनिक जयराज राजा राव से संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में आईएनए की ऐतिहासिक भूमिका और दक्षिण-पूर्व एशिया में बसे भारतीय समुदाय के बीच उसकी स्थायी विरासत को रेखांकित किया।

**भारत- मलेशिया की साझेदारी ऐतिहासिक और दोनों देशों में सहयोग लगातार बढ़ा : मोदी**

### सुरक्षा से लेकर सेमीकंडक्टर तक हुए बड़े समझौते

**कुआलालंपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मलेशिया दौरे पर कुआलालंपुर से विदेश मंत्रालय ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान विदेश मंत्रालय के सचिव (ईस्ट), पी. कुमारन ने कहा कि दोनों प्रधानमंत्रियों ने हमारी पार्टनरशिप के पूरे दायरे में द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की, जिसमें व्यापार, निवेश, रक्षा, सुरक्षा, सेमीकंडक्टर, डिजिटल टेक्नोलॉजी, फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी, संस्कृति, पर्यटन और लोगों के बीच आदान- प्रदान शामिल हैं। भारत और मलेशिया के बीच अहम समझौतों का विवरण-भारत गणराज्य की सरकार और मलेशिया की सरकार के बीच ऑडियो-विजुअल सह-निर्माण समझौता, आपदा प्रबंधन में सहयोग पर मलेशिया सरकार और भारत गणराज्य की सरकार के बीच समझौता ज्ञापन, भ्रष्टाचार से निपटने और उसे रोकने में सहयोग के लिए मलेशिया सरकार और भारत गणराज्य की सरकार के बीच समझौता ज्ञापन, भारत गणराज्य की सरकार और मलेशिया की सरकार के बीच संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर पत्र का आदान-प्रदान, भारत गणराज्य की सरकार और मलेशिया की सरकार के बीच सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सहयोग पर नोट का आदान-प्रदान, अंतर्राष्ट्रीय बिग -शेष पृष्ठ दो पर

# सूरजकुंड मेला हादसा: कार्रवाई तेज

**फरीदाबाद।** सूरजकुंड मेला परिसर में 7 फरवरी को हुए झूला हादसे के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए झूला संचालक कंपनी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हादसे में घायलों को बचाते हुए हरियाणा पुलिस के निरीक्षक जगदीश प्रसाद शहीद हो गए थे।

पुलिस के अनुसार थाना सूरजकुंड में हिमाचल प्रदेश की हिमाचल फन केयर कंपनी के प्रो. मोहम्मद शाकिर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में मामला दर्ज किया गया है। जांच के दौरान पुलिस ने मोहम्मद शाकिर निवासी

**■ पुलिस ने संचालक कंपनी के दो लोगों को किया गिरफ्तार**

गांव टोका नंगला, जिला सिरमौर (हिमाचल प्रदेश) व एक अन्य आरोपी नितेश निवासी धर्मपुरी सदर, मेरठ कैंट को गिरफ्तार किया है। अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की जांच जारी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के निर्देश पर पुलिस उपायुक्त अपराध के पर्यवेक्षण में तीन सदस्यीय एसआईटी गठित की गई है।

### बांग्लादेश के पूर्व मंत्री रमेश चंद्र सेन की हिरासत में मौत

**ढाका।** बांग्लादेश के वरिष्ठ नेता और पूर्व जल संसाधन मंत्री रमेश चंद्र सेन का शनिवार सुबह हिरासत में निधन हो गया। 83 वर्षीय सेन दिनाजपुर जिला जेल में बंद थे। जेल अधिकारियों के अनुसार, शनिवार तड़के उनकी तबीयत बिगड़ी, जिसके बाद उन्हें दिनाजपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां सुबह करीब 9:29 बजे डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सेन की मौत ऐसे समय हुई है, जब बांग्लादेश में 12 फरवरी 2026 को आम चुनाव होने वाले हैं।

# कुत्ता मुक्त गांव के नाम पर चली हत्या की मुहिम

**हैदराबाद।** तेलंगाना के गांवों में अब अजीब सन्नाटा है। कुछ दिन पहले तक गांव में कोई अजनबी आता था, तो आवारा कुत्ते भौंक-भौंक कर गांव को चेता देते थे। अब यहां कोई हलचल नहीं होती। यह हालात किसी एक गांव के नहीं। राज्य के छह जिलों के 12 से ज्यादा गांवों में इस साल की शुरुआत से अब तक 1600 से अधिक कुत्ते मार दिए जाने के आरोप सामने आए हैं। शुरुआत में यह संख्या कम थी। धीरे-धीरे आंकड़ा बढ़ता गया।

दरअसल, गांवों में कुत्तों के काटने की घटनाएं बढ़ीं, तो दिसम्बर



**■ तेलंगाना में 1600 कुत्तों को दी मौत, आंध्र से डॉग कैचर्स बुलाकर दिए जहरीले इंजेक्शन**

में हुए सरपंच चुनाव में यह मुद्दा प्रमुख रूप से उठा। कई जनप्रतिनिधियों ने 'कुत्ता मुक्त गांव' बनाने का वादा किया। इसके बाद गांव से कुत्ते गायब होने लगे। गांव के बाहर सामूहिक कब्र मिलीं, तो संदेह गहराया। जांच में साफ हो गया कि यह सब योजनाबद्ध तरीके से किया गया। आरोप है कि आंध्र प्रदेश से डॉग कैचर्स बुलवाए और 500 रुपये प्रति कुत्ते के हिसाब से जहरीले इंजेक्शन दिए गए। हनुमानकोंडा जिले के श्यामपेट और अरपेल्ली गांवों में 300 कुत्तों की हत्या की शिकायत दर्ज कराई गई है। कामारेड्डी जिले के वाड़ी, फरीदपेट, बंदारमश्वेरपल्ली, भवानीपेट और पलवनचा गांवों में 200 कुत्ते मारे गए।

### कर्नाटक में प्राइवेट ट्रेनी प्लेन क्रैश, दोनों पायलट सुरक्षित

**वियजवाड़ा।** कर्नाटक के विजयपुरा जिले में रविवार को एक खेत में प्राइवेट ट्रेनी प्लेन क्रैश हो गया। जमीन पर गिरने से पहले ही दोनों पायलट ने इजेक्ट कर लिया। उन्हें हल्की चोटें आई हैं। घटना बालेश्वर क्षेत्र मंगलुरु गांव में हुई। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि यह रेड बर्ड एविएशन का एक प्राइवेट ट्रेनी एयरक्राफ्ट है। जो कलबुर्गी से बेलगावी जा रहा था। शुरुआती जांच में सामने आया है कि प्लेन के इंजन में टेक्निकल खराबी आई थी। विमान के मुख्य पायलट कैप्टन कुणाल मल्होत्रा थे। मल्होत्रा रेडबर्ड एविएशन में असिस्टेंट फ्लाइट इंस्ट्रक्टर (एएफआई) हैं। वहीं, ट्रेनी पायलट की पहचान गौतम शंकर पीआर के रूप में हुई है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि रेडबर्ड फ्लाइंग ट्रेनिंग एकेडमी लिमिटेड का सेसना 172 विमान, वीटी- ईयूसी (एमएसएन- 17265717) था। इसने बेलगावी एयरपोर्ट से 100 किमी पूर्व में बागलकोट के पास एक खेत में इमरजेंसी लैंडिंग की। इंस्ट्रक्टर और कैडेट दोनों सुरक्षित हैं।

# आरएसएस कहे, तो पद छोड़ दूंगा: मोहन भागवत

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि यदि संघ उनसे पद छोड़ने को कहेगा, तो वे तुरंत ऐसा करेंगे। आमतौर पर 75 साल की उम्र के बाद किसी पद पर नहीं रहने की परंपरा की बात कही जाती है।

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि सरसंघचालक बनने के लिए क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र या ब्राह्मण होना कोई योग्यता नहीं है। जो हिंदू संगठन के लिए काम करता है। वही सरसंघचालक (आरएसएस प्रमुख) बनता है। भागवत रविवार को मुंबई में आरएसएस के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में

**■ संघ प्रमुख ने कहा: कोई भी हिंदू आरएसएस प्रमुख बन सकता है**
**■ सावरकर को भारत रत्न देने से पुरस्कार की गरिमा बढ़ेगी**

### बांग्लादेश में 1.25 करोड़ हिंदू, एकजुट हो जाएं तो...

**मुंबई।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के मुद्दे पर भागवत ने कहा कि बांग्लादेश में अभी भी 1.25 करोड़ हिंदू हैं। यदि वे एकजुट हो जाएं, तो वे वहां की राजनीतिक व्यवस्था उपयोग अपने हित और अपनी सुरक्षा के लिए कर सकते हैं। लेकिन उन्हें एकजुट होना होगा। अच्छी बात यह है कि इस बार उन्होंने वहां से भागने का नहीं, बल्कि वहीं रहकर लड़ने का फैसला किया है। अगर अगर उन्हें लड़ना है , तो एकता जरूरी होगी। जितनी जल्दी वे एकजुट होंगे, उतना ही बेहतर होगा।

बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि वीर सावरकर को भारत रत्न दिया गया तो इससे पुरस्कार की गरिमा और बढ़ेगी। भागवत ने कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) सभी को विश्वास में लेकर बनाई जानी चाहिए और इससे समाज में मतभेद नहीं बढ़ने चाहिए। उम्मीद है कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारत के हितों को ध्यान में रखकर किया गया होगा और देश को किसी तरह का नुकसान नहीं होगा। घुसपैठ के मुद्दे पर सरकार को बहुत काम करना है। पहचान कर निष्कासन की प्रक्रिया होनी चाहिए। यह पहले नहीं हो पा रहा था, लेकिन अब धीरे-धीरे शुरू हुआ है और आगे बढ़ेगा। आरएसएस का काम प्रचार करना नहीं, बल्कि समाज में संस्कार विकसित करना है। जरूरत से ज्यादा प्रचार से दिखावा और फिर अहंकार आता है।



## संक्षिप्त समाचार

### कोडीन युक्त सिरप तस्करी में पांच आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी।** कोडीन युक्त प्रतिबंधित कफ सिरप की तस्करी के मामले में कोतवाली पुलिस, एसआईटी और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने मुख्य सरगना शुभम जायसवाल के पांच साथियों को मिर्जापुर के भोरसर लिंक रोड से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में 25-25 हजार रुपये के इनामी अमित जायसवाल (सोनिया), दिवेश जायसवाल (खोजवा), अंकुश सिंह (खोजवा) तथा अभिनव कुमार यादव और घनश्याम मौर्या शामिल हैं। पुलिस के अनुसार से सभी नेपाल भागने की फिराक में थे। उनके पास से 46 विदेशी मुद्रा नोट और एक आईफोन बरामद किया गया है। पुलिस उपायुक्त (काशी जोन) गौरव बंशवाल ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ कोतवाली थाने में बीएनएस की विभिन्न धाराओं तथा एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है।

### संगम में प्रवाहित की गई पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित की अस्थियां

**प्रयागराज।** महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अस्थियां रविवार को संगम में प्रवाहित की गईं। उनके पुत्र जय पवार ने विधि-विधान से अस्थि विसर्जन किया। इस दौरान परिवार के सदस्य और पार्टी कार्यकर्ता भावुक नजर आए। परिवार चार्टर्ड फ्लाइट से बारामती से प्रयागराज पहुंचा था। जय पवार पिता की अस्थियों का कलश लेकर नंगे पैर एयरपोर्ट से बाहर आए। एयरपोर्ट से संगम तक लंबा काफिला घाट पहुंचा, जहां भाजपा और राकांपा के कई नेता भी मौजूद रहे। राकांपा की युवा इकाई राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज शर्मा के नेतृत्व में कश्मीर से कन्याकुमारी तक 'अस्थि कलश यात्रा' निकाली गई थी।

# चुनाव आयोग भाजपा का सहयोगी: सपा

## एसआईआर पर फिर बरसे अखिलेश यादव, केवल फॉर्म-6 लागू हो

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग और बीजेपी पर फिर हमला बोला है। उन्होंने चुनाव आयोग पर भाजपा का सहयोगी होने का गंभीर आरोप लगाया है, खासकर फॉर्म-7 के जरिए मतदाता सूची में धांधली को लेकर उन्होंने इसे लोकतंत्र के लिए खतरा बताया। वह यहां पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि एसआईआर आज देश का सबसे बड़ा मुद्दा बन चुका है, लेकिन भाजपा की काली करतूतों के खिलाफ मजबूरी में काला कोट पहनकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा है। उन्होंने ने आरोप लगाया कि उपचुनावों में जिस तरह की गतिविधियां देखने को मिलीं, उससे साफ है कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं, यहां तक कि आयोग पर भाजपा का झंडा लगा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि फॉर्म-7 के जरिये फर्जी दस्तक, अंगूठा लगवाना और हस्ताक्षर कराना गंभीर अपराध है, जो चुनाव नियमों की धारा 31 और 32 का खुला उल्लंघन है। इस दौरान उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी के संगठन, पीडीए पहरी और



जिम्मेदार नेताओं द्वारा समय-समय पर जो फॉर्म उपलब्ध कराए गए, उनसे कई फर्जी मामलों की पहचान हुई। नंदलाल जैसे लोग आज सच्चाई के साथ सामने आए हैं। उन्होंने सहयोग स्वरूप नंदलाल को 1,00,000 की सहायता दी है और उनके घर में दुर्गा माता के मंदिर निर्माण में भी पूरा सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि कई बीएलओ के बयान सामने आ रहे हैं कि उन्हें दबाया और धमकाया जा रहा है, बावजूद इसके बड़ी संख्या में बीएलओ लोकतंत्र को बचाने के लिए मजबूती से खड़े हैं। सपा नेता ने कहा कि चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है कि वह निष्पक्ष रहकर संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करे, न कि सिस्टम को कमजोर करने का माध्यम बने।

# भारत-अमेरिका टैरिफ समझौता उप्र के लिए अवसर: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भारतीय निर्यातकों व श्रम प्रधान उद्योगों को वैश्विक विस्तार करेगा

**लखनऊ।** भारत-अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत जारी टैरिफ ज्वाइंट स्टेटमेंट को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम बताते हुए कहा कि यह समझौता भारतीय निर्यातकों, एमएसएमई और श्रम-प्रधान उद्योगों के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार करेगा।

उन्होंने कहा कि समझौते में किसानों, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के हितों को पूर्ण रूप से संरक्षित रखा गया है, साथ ही 'मेक इन इंडिया' को मजबूती मिलेगी और युवाओं व महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के प्रयासों की भी सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमेरिकी टैरिफ में प्रस्तावित कटौती से उत्तर प्रदेश के निर्यात-आधारित क्लस्टर्स को संरचनात्मक बढ़त मिलेगी। भदोही-मिर्जापुर कार्पेट, वाराणसी सिल्क, कानपुर-आगरा लेदर, मेरठ-मुरादाबाद होम डेकोर तथा पूर्वांचल के टेक्सटाइल उद्योग को लागत प्रतिस्पर्धा में लाभ होगा। चुनिंदा कृषि उत्पादों और प्रोसेस्ड फूड पर शून्य शुल्क से मूल्यवर्धित निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, जबकि फार्मा, मशीनरी और ऑटो कंपोनेंट्स को वैश्विक सप्लाई चेन से जुड़ने का अवसर मिलेगा। इससे एमएसएमई इकाइयों की सीधे निर्यात में भागीदारी बढ़ने की संभावना है। उन्होंने कहा कि नोएडा-ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग और डेटा सेंटर निवेश को भी इस समझौते से प्रोत्साहन मिलेगा। संवेदनशील कृषि क्षेत्रों में संतुलन बनाए रखते हुए किसानों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। मुख्यमंत्री ने इसे उत्तर प्रदेश के लिए निर्यात, निवेश और रोजगार सृजन के लिहाज से दीर्घकालिक अवसर करार देते हुए कहा कि यह समझौता राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति देगा।

### उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र आज से, हुई सर्वदलीय बैठक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू होगा। सत्र से पहले रविवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में विधानसभा परिसर में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें सत्तारूढ़ भाजपा के साथ कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सदस्य भी शामिल हुए। बैठक में सदन के सुचारु संचालन और जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रदेश सरकार वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट 11 फरवरी को पेश करेगी। इस बार बजट का आकार करीब 9 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। सरकार का फोकस प्रदेश के समग्र विकास और आम लोगों की सुविधाओं को मजबूत करने पर रहेगा।

## पीक ऑवर में प्रदेश में मिल रही भरपूर सप्लाई

# गर्मियों में यूपी में नहीं होगा बिजली संकट!

लखनऊ, वार्ता

केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत उत्तर प्रदेश में ऊर्जा के क्षेत्र में कई काम कराए जा रहे हैं। इसके चलते अब यूपी में बिजली संकट पिछले सालों की तुलना में कम होने लगा है। इस योजना के तहत नई लाइनें बिछाने का काम तेजी से चल रहा है। विद्युत उपकरण भी उच्च क्वालिटी के इंस्टॉल कराए जा रहे हैं। नए उपकेंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। यही कारण है कि अब जर्जर लाइनें कम हो गई हैं। उच्च क्षमता के ट्रांसफॉर्मर लगने के चलते बिजली संकट की स्थिति काफी कम पैदा हो रही है। प्रदेश सरकार की तरफ से भी लगातार बिजली सप्लाई को लेकर पावर कारपोरेशन को निर्देश दिए जा रहे हैं।

गर्मी में बिजली संकट की स्थिति उत्पन्न न हो, इसे ध्यान में रखकर तेजी से अनुरक्षण का काम



■ ग्रामीण इलाकों में दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के जरिये बड़े स्तर काम किया गया, छोटे उद्योगों को नई गति मिली

कराया जा रहा है। प्रदेश में बिजली की मांग व आपूर्ति के बीच का अंतर लगातार घटा है। बेहतर बिजली आपूर्ति के चलते प्रदेश में औद्योगिक निवेश बढ़ा है। एमएसएमई सेक्टर को संबल मिला है और रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि वित्त वर्ष 2022-23 में उत्तर प्रदेश की बिजली की कुल आवश्यकता एक लाख 44 हजार 251 मिलियन यूनिट थी, योगी सरकार ने बिजली की मांग व आपूर्ति के अंतर को समाप्त करने के लिए नीतियों और प्रबंधन सुधारों का जो प्रयास किया, उसका असर दिखा है। वित्त वर्ष 2023-24 में आपूर्ति एक लाख 48 हजार 287 मिलियन यूनिट तक पहुंच गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 में एक लाख 64 हजार 786 मिलियन यूनिट हो गई। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिसंबर 2025 तक की स्थिति में बड़ा सुधार हुआ है। इस अवधि में बिजली की कमी व्यावहारिक रूप से काफी कम हो गई है। सरकार ने बिजली उत्पादन और आपूर्ति के साथ-साथ पारेषण व वितरण व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया। राष्ट्रीय ग्रिड के माध्यम से अधिशेष बिजली वाले राज्यों से उत्तर प्रदेश को समय पर बिजली उपलब्ध कराई गई। सर्वाधिक मांग (पीक ऑवर) के समय भी प्रदेश में बिजली आपूर्ति लगभग पूरी की गई, जिससे उद्योगों और घरेलू उपभोक्ताओं को राहत मिली। संशोधित वितरण क्षेत्र सुधार योजना (आरडीएसएस) के अंतर्गत जर्जर लाइनों को बदला गया। ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई गई और स्मार्ट मीटरिंग को बढ़ावा दिया गया।

### वितरण कंपनियों के घाटे में कमी आई



इससे वितरण कंपनियों के घाटे में कमी आई और बिजली चोरी पर प्रभावी नियंत्रण संभव हुआ। ग्रामीण इलाकों में बिजली पहुंचाने के लिए दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना और सौभाग्य योजना के जरिए बड़े स्तर पर काम किया गया। गांवों और घरों तक बिजली पहुंचने से कृषि, कुटीर उद्योग और छोटे कारोबार को नई गति मिली है। उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा का मानना है कि बिजली, जहां आम जनता की आधारभूत आवश्यकता है। वहीं प्रदेश की आर्थिक रफ्तार में भी बिजली का बड़ा योगदान है। उद्योग-धंधों को ज्यादा से ज्यादा बिजली उपलब्ध हो सके, जिससे वह ज्यादा से ज्यादा उत्पादन कर सकें, इस ओर सरकार ने ध्यान दिया है। उन्होंने कहा कि इसी का नतीजा है कि आज उत्तर प्रदेश में निर्धारित रोस्टर के मुताबिक बिजली आपूर्ति हो रही है। आम जनता को भी भरपूर बिजली मिल रही है, तो इंडस्ट्री को भी भरपूर बिजली सप्लाई की जा रही है। इससे उत्तर प्रदेश आर्थिक विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हो रहा है।

# असम बीजेपी के पोस्ट पर बवाल, भड़की कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

■ पार्टी ने बताया नरसंहार जैसा

■ सत्ता के शीर्ष से फैलाया गया जहर

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा अपने बयानों को लेकर अक्सर विवादों में रहते हैं। अब असम से एक और कथित नफरत से भरा वीडियो सामने आया है, जिसने राजनीतिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया पैदा कर दी है।

आरोप है कि असम भाजपा यूनिट के आधिकारिक एक्स हैंडल से साझा किए गए एक वीडियो में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा को प्रतीकात्मक रूप से मुसलमानों पर गोली चलाते हुए दिखाया गया है। वीडियो के वायरल होते ही सोशल मीडिया पर इसकी कड़ी निंदा शुरू हो गई। कांग्रेस ने इसे अल्पसंख्यकों के खिलाफ खुला उकसाव करार दिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि यह वीडियो 'अल्पसंख्यकों की लक्षित, पॉइंट-ब्लैंक हत्या' को दर्शाता है और यह सीधे तौर पर 'नरसंहार का आह्वान' है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कोई साधारण ट्रोल कंटेंट नहीं, बल्कि सत्ता के शीर्ष से फैलाया गया जहर है। वेणुगोपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस पर कार्रवाई या निंदा की उम्मीद नहीं है, लेकिन न्यायपालिका को स्वत: संज्ञान लेकर सख्त कदम उठाने चाहिए और किसी भी तरह की नरमी नहीं बरती जानी चाहिए। मामले को लेकर राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है।


काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800



Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com


## अर्थ व्यापार देश

सेंसेक्स 83313.93 | निफ्टी 25642.80 | सोना 154570 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट) | चांदी रु. 300000 प्रति किलो

# शेयर बाजारों पर दिखेगा अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का असर

मुंबई, वार्ता

पिछले सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते का असर घरेलू शेयर बाजारों में देखा जाएगा।

अमेरिका और भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर दोनों देशों ने शनिवार को एक साझा बयान जारी किया जिसमें बताया गया है कि किन-किन वस्तुओं पर दोनों देशों में कितना-कितना आयात शुल्क और सीमा शुल्क घटाया जाएगा। इस समझौते से सेक्टर विशेष को लेकर निवेशकों की धारणा प्रभावित होगी। पिछले सप्ताह, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच टेलीफोन पर हुई बातचीत के बाद व्यापार समझौता होने की घोषणा की गई थी, जिससे सेंसेक्स एक दिन में दो हजार अंक (ढाई प्रतिशत) से अधिक की तेजी के साथ बंद हुआ था। आने वाले सप्ताह में गुरुवार को आधार वर्ष 2024 की सीरीज पर पहली



बार खुदरा महंगाई के आंकड़े जारी होंगे। निवेशकों की नजर इस पर भी होगी। वाहनों की खुदरा बिक्री के आंकड़े भी इसी सप्ताह आने हैं। पिछले सप्ताह रविवार को आम बजट के दिन विशेष सत्र के कारण शेयर बाजारों में छह दिन कारोबार हुआ। यह पूरा सप्ताह बेहद उतार-चढ़ाव भरा रहा। इस दौरान बीएसई का सेंसेक्स 1,310.62 अंक (1.59 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त में रहा। बजट के दिन रविवार को सेंसेक्स 1,547 अंक टूट गया। अगले ही दिन सोमवार को इसमें 944 अंक की तेजी देखी गई। मंगलवार सुबह अमेरिका के साथ व्यापार समझौता होने की जानकारी आने के बाद सेंसेक्स 2,073 अंक उछल गया।

# शीर्ष सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,62,055 करोड़ रुपये बढ़ा

**मुंबई।** बीएसई के सेंसेक्स में रही डेढ़ फीसदी की तेजी के बीच पिछले सप्ताह बीएसई की शीर्ष 10 में शामिल सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,62,055 करोड़ रुपये बढ़ गया जबकि अन्य तीन का 1,32,206 करोड़ रुपये घट गया।

विविध क्षेत्रों में कारोबार करने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 74,361 करोड़ रुपये बढ़ा। सार्वजनिक क्षेत्र की जीवन बीमा कंपनी एलआईसी का एमकैप 48,734 करोड़ रुपये और दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल का 40,057 करोड़ रुपये बढ़ा। आईसीआईसीआई बैंक के एमकैप में 37,063 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस में 31,797 करोड़ रुपये की बढ़त देखी गई। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 18,271 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनीलिवर का 11,771 करोड़ रुपये बढ़ा। देश की सबसे बड़ी सूचना



प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस को एमकैप में 66,428 करोड़ रुपये और इंफोसिस को 55,486 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा। भारतीय स्टेट बैंक के बाजार पूंजीकरण में 10,292 करोड़ रुपये की गिरावट रही। बाजार पूंजीकरण के मामले में 19,63,359 करोड़ रुपये के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष पर बनी रही। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 14,48,250 करोड़ रुपये रहा और यह दूसरे स्थान पर रहा। भारती एयरटेल ने टीसीएस को पछाड़कर एक बार फिर तीसरा स्थान हासिल किया। शुक्रवार को इसका बाजार पूंजीकरण 10,64,242 करोड़ रुपये रहा।



# चावल, दाल, चीनी में साप्ताहिक तेजी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के विपरीत गेहूं में नरमी रही। दालों और चीनी के दाम भी बढ़ गए जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 11 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,822 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं तीन रुपये सस्ता हुआ और सप्ताहांत पर 2,863 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा नौ रुपये चढ़कर 3,337 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया।

बीते सप्ताह खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा। पाम ऑयल की औसत कीमत 93 रुपये और मूंगफली तेल की 72 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 34 रुपये और सरसों तेल तीन रुपये महंगा हुआ। वनस्पति में 17 रुपये और सोया तेल में छह रुपये प्रति



क्विंटल की गिरावट दर्ज की गई। सप्ताह के दौरान तुअर दाल औसतन 189 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत 79 रुपये और मूंग दाल की 25 रुपये बढ़ गई। चना दाल में 22 रुपये और मसूर दाल में 15 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 21 रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। चीनी भी 10 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। तुअर दाल 10974.18 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2862.70 रुपये और चावल 3821.61 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3337.02 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

# पीडीपी ने अमेरिकी डील को बताया विनाशकारी

■ जम्मू-कश्मीर में सेब और अखरोट पर मंडराया संकट

**श्रीनगर।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) का बयान सामने आया है। पार्टी ने दावा किया है कि अगर अमेरिका से आयातित कृषि और बागवानी उत्पादों पर कोई शुल्क नहीं लगाया गया, तो भारत-अमेरिका व्यापार समझौता जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था के लिए विनाशकारी साबित होगा। पीडीपी के प्रवक्ता मोहम्मद इकबाल ट्रंबू ने रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पीएम ने जम्मू-कश्मीर के बागवानी क्षेत्र पर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के प्रभाव के बारे में नहीं सोचा है। अमेरिका से आयातित कृषि उत्पादों पर शून्य शुल्क होगा, जम्मू-कश्मीर में उत्पादित सेब और अखरोट का क्या होगा?' मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा पेश किए गए जम्मू-कश्मीर के बजट पर टिप्पणी करते हुए पीडीपी नेता ने कहा कि यह साधारण है और जम्मू-कश्मीर के लोगों को परेशान करने वाली समस्याओं का समाधान प्रदान करने में विफल रहा है। उन्होंने बजट पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस बजट में बेरोजगारी को दूर करने के लिए कुछ भी नहीं है, जो जम्मू-कश्मीर में एक प्रमुख समस्या है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सुरक्षा से लेकर...** कैट्स एलायंस पर ढांचागत समझौता/कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), भारत गणराज्य और सामाजिक सुरक्षा संगठन मलेशिया के बीच में बीमित व्यक्तियों के रूप में भारतीय नागरिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों और गतिविधियों पर सहयोग ज्ञापन, भारत गणराज्य की सरकार और मलेशिया की सरकार के बीच व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण (टीवीईटी) में सहयोग पर नोट का आदान-प्रदान, भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय और मलेशिया के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के बीच सुरक्षा सहयोग पर नोट का आदान-प्रदान, भारत गणराज्य की सरकार और मलेशिया की सरकार के बीच स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र में सहयोग पर नोट का आदान-प्रदान , 10वें मलेशिया-भारत सीईओ फोरम की रिपोर्ट का प्रस्तुतीकरण शामिल है। विदेश मंत्रालय के सचिव (ईस्ट), पी. कुमारन ने आगे कहा कि क्रॉस-बॉर्डर क्यूआर आधारित भुगतान और यूपीआई लिंक पर काम जारी है। इससे पर्यटकों, कामगारों और व्यापार को सीधा लाभ मिलेगा। हवाई संपर्क बढ़ाने और नए रूट खोलने पर भी सहमति बनी है। प्रधानमंत्री ने आसियान के साथ सहयोग, भारत की एक्ट ईस्ट नीति, इंडो-पैसिफिक विजन और ब्रिक्स में मलेशिया की भागीदारी का भी जिक्र किया और भविष्य में संबंध और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# आयकर के नए नियम, प्रपत्रों पर सुझाव आमंत्रित

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर अधिनियम, 2025 से संबंधित प्रस्तावित नियमों और प्रपत्रों को सार्वजनिक रूप से जारी कर दिया है और इस पर हितधारकों की राय और सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। नए आयकर अधिनियम को अगस्त 2025 में राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। यह अधिनियम 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा। वित्त मंत्रालय की रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आयकर नियमों और प्रपत्रों की अंतिम अधिसूचना से पहले, हितधारकों की व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए, प्रस्तावित आयकर नियम और प्रपत्र भारतीय आयकर विभाग के आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। संबंधित आयकर नियम और प्रपत्र व्यापक परामर्श के बाद तैयार किए गए हैं, ताकि वे आयकर अधिनियम, 2025 के प्रावधानों के अनुरूप हों। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सभी हितधारकों को इसका अध्ययन करने और सुझाव देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

# अमेरिकी ट्रेड डील के खिलाफ सड़कों पर उतरेंगे किसान

## व्यापार समझौते को आत्मसमर्पण के समान बताया

नई दिल्ली, वार्ता

भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने समझौते को भारतीय कृषि का अमेरिकी मल्टीनेशनल कंपनियों के सामने 'पूरी तरह आत्मसमर्पण' बताया है। एसकेएम और अन्य किसान संगठनों ने इस समझौते की कड़ी आलोचना करते हुए वाणिज्य मंत्री के इस्तीफे की मांग की है। इस डील के विरोध में 12 फरवरी की देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का समर्थन कर रहे हैं। किसान संगठनों की तरफ से कहा गया कि सरकार किसानों की पीठ में छुरा घोपने का काम कर रही है।

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की तरफ से कहा गया कि इस डील की वजह है कि कृषि और डेयरी उत्पादों पर कोई असर नहीं



पड़ेगा। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने आरोप लगाया कि अमेरिका के साथ प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौता भारतीय कृषि का अमेरिकी मल्टीनेशनल कंपनियों के सामने पूरी तरह से आत्मसमर्पण है। इस तरह के फैसलों के लिए पीयूष गोयल को इस्तीफा दे देना चाहिए। एसकेएम नेताओं ने कहा कि देशभर के गांवों में विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। वे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पुतले जलाएंगे। एसकेएम ने 12 फरवरी की आम देशव्यापी को भी अपना समर्थन दिया। अखिल भारतीय किसान सभा (एआईकेएस) के नेता कृष्णा प्रसाद ने कहा कि यह व्यापार समझौता सूखे डिस्टिलर अनाज, पशु आहार के लिए लाल ज्वार और सोयाबीन तेल जैसी वस्तुओं के लिए बाजार खोलकर कृषि क्षेत्र पर गहरा प्रभाव डालेगा। यह भी दावा किया कि यह डेयरी क्षेत्र को प्रभावित करेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका साथ ही यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ ये समझौते उनकी स्थिर अर्थव्यवस्थाओं को फायदा पहुंचाने के लिए किए जा रहे हैं और भारत के लिए फायदेमंद नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह समझौता उन किसानों को और प्रभावित करेगा जो पहले से ही कम आय की समस्याओं का सामना कर रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा ने भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते को लेकर केंद्र सरकार पर कड़ा हमला बोला है। किसान नेताओं का कहना है कि वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल यह दावा कर रहे हैं कि कृषि और डेयरी सेक्टर को इस समझौते से बाहर रखा गया है, लेकिन हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। भारत-अमेरिका के संयुक्त बयान से साफ है कि भारत ने अमेरिकी कृषि और खाद्य उत्पादों पर लगी गैर-टैरिफ बाधाओं को हटाने पर सहमति जताई है। इससे भारतीय बाजार अमेरिकी कृषि उत्पादों के लिए खुल जाएगा और भारतीय किसानों को भारी नुकसान होगा।

# मुजफ्फरनगर के साजिद ने सऊदी में की जिंदगी खत्म

## पत्नी से वीडियो कॉल के दौरान उठाया कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मिमलाना रोड निवासी साजिद पुत्र निसार ने सऊदी अरब में रहते हुए अपनी पत्नी से वीडियो कॉल पर बातचीत के दौरान फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह दर्दनाक घटना स्थानीय समुदाय में सनसनी फैला रही है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार के अनुसार, साजिद पिछले 6-7 महीने से सऊदी अरब में ड्राइवर का काम कर रहा था। वह नियमित रूप से परिवार से वीडियो कॉल पर संपर्क में रहता था।

बुधवार की शाम को पत्नी से बातचीत के दौरान मनमुटाव होने पर उसने वीडियो काल के दौरान ही फंदा लगा लिया। वीडियो कॉल पर ही पत्नी ने यह भयावह ख्रश्य देख



**मृतक का फाइल फोटो**

लिया, जिससे घर में हाहाकार मच गया। परिजनों का दावा है कि पत्नि से साजिद का मनमुटाव चलता रहता था। उसकी पत्नी के मोबाइल में साजिद ने वॉइस नॉट भी छोड़ा है, लेकिन परिजनों को इसकी भनक नही थी कि कट्टर कदम उठा लेगा। चर्चा यह है कि साजिद की मौत का कारण उसकी पत्नि से फोन पर नोकझोक ही है, लेकिन सच्चाई का पता तो जांच के बाद ही चलेगा। मृतक के भाई ने बताया कि साजिद ने मरते समय अपनी पत्नी को वीडियो कॉल की थी।

12 मिनट की वीडियो कॉल के दौरान ही उसने सब कुछ खत्म कर लिया। साजिद को फोन के माध्यम से उसकी पत्नी द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था जिस कारण साजिद ने आत्महत्या करने का फैसला लिया । अब परिजनों में कोहराम मचा हैं।

## पतंग का पीछा कर रहे बालक की छत से गिरकर दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** कटी पतंग का पीछा कर रहा बालक छत से नीचे गिरकर घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इकलौते पुत्र की मौत से परिवार मे कोहराम मच गया है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव खेड़िफिरोजाबाद मे रविवार शाम मौ.वाजिद का दस वर्षीय पुत्र अबूज़र मकान की छत पर अन्य बच्चों के साथ उड़ती हुई पतंग को देख रहा था की अचानक एक कटी पतंग को पकड़ने के लिए उसने मकान की छत से बाथरूम की छत पर छलांग लगाई। जिसपर बाथरूम की छत टूट जाने से अबुजर छत के मलबे के साथ नीचे गिर कर घायल हो गया। आनन फानन मे अबुजर को गांव स्थित क्लिनिक पर ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। अबुजर की अचानक मौत से परिवार मे मातम छा गया है।

अबुजर प्राथमिक कक्षा का छात्र था।पिता वाजिद माँ अफरोज तथा बहन आफिया, सफिया गहरे सदमे मे हैं।

वहीं सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी परिजनों ने घटना को हादसा बताते हुए पोस्टमार्टम आदि की कार्रवाई से इंकार कर दिया।

# सफाईकर्मियों ने चेयरपर्सन का आवास घेरा

## तीन माह से वेतन न मिलने से खफा हैं आउटसोर्स सफाईकर्मी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** करीब तीन माह से वेतन न मिलने पर नगर पालिका के आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों का सब्र का बांध टूट गया। आउटसोर्स के सफाई कर्मचारियों ने रविवार को चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के आवास का घेराव किया। सफाई कर्मचारियों ने अपनी समस्या चेयरपर्सन के सामने रखी और वेतन न मिलने के कारण आर्थिक संकट बताया है। उन्होंने बताया कि ईपीएफ घोटाले के चलते 397 कर्मचारियों का वेतन पिछले तीन महीनों से अटका हुआ है। नगर पालिका में आउटसोर्स के माध्यम से कार्यरत सफाई कर्मचारियों और वाहन चालकों का वेतन संकट लगातार गहराता जा रहा है। नगर पालिका में सफाई कर्मचारियों की आपूर्ति कर रही दो निजी ठेकेदार फर्मों पर भारी गबन किए जाने का आरोप सामने आया है।

इसके चलते इन फर्मों के अधीन कार्यरत कुल 397 कर्मचारियों को नवंबर, दिसंबर और जनवरी माह का वेतन अब तक नहीं मिल सका है।

इन 397 कर्मचारियों में 369 सफाई कर्मी और 28 वाहन चालक शामिल हैं। लगातार तीन माह से वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों और उनके परिवारों के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

जांच में यह गंभीर तथ्य उजागर हुआ है कि अलर्ट सिक्योरिटास प्रा. लि. द्वारा कर्मचारियों के भविष्य निधि (ईपीएफ) के नाम पर बड़े स्तर पर धोखाधड़ी की गई। फर्म ने पालिका के समक्ष फर्जी चालान प्रस्तुत कर 17 लाख 4 हजार 357 रुपये की ईपीएफ राशि जमा दिखा दी, जबकि वास्तविकता में मात्र 69 हजार 494 रुपये ही जमा किए गए। फर्मों के भुगतान पर रोक लगाए जाने के बाद से ही कर्मचारियों का वेतन पूरी तरह से अटक गया। रविवार को सुबह सफाई कर्मचारी संघ के महामंत्री मिलन कुमार, राज. कुमार बेनीवाल, सोनू बेनीवाल और पाल्लेराम के नेतृत्व में पीड़ित कर्मचारियों ने पटेलनगर पहुंचकर नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के समक्ष अपनी पीड़ा को रखा। पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कर्मचारियों को आश्वा. सन देते हुए कहा कि जल्द ही बोर्ड बैठक बुलाकर उनके वेतन भुगतान के लिए प्रस्ताव लाया जाएगा, ताकि रुका हुआ वेतन शीघ्र जारी किया जा सके।



मुजफ्फरनगर: हिन्दू स्वराज्य अधिवेशन में विचार रखते पूर्व केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान।



मुजफ्फरनगर: अधिवेशन में उमड़ा जन सैलाब।

# साइबर क्राइम पुलिस के हत्थे चढ़ा एक ठग

**■ आरोपी से तीस लाख की ठगी में प्रयुक्त दो मोबाइल बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा लोगों को फर्जी काल कर उनके साथ धोखाधडी कर यूपीआई के माध्यम से 30 लाख रुपए से अधिक की ठगी करने वाले गिरोह के एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से वारदात में प्रयुक्त दो मोबाइल बरामद किए है। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी का चालान कर दिया है।

एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विकसिक आनलाइन पोर्टम प्रतिबिम्ब से फर्जी कॉल कर लोगों के साथ साइबर धोखाधडी की शिकायते मिली। साइबर क्राइम पुलिस द्वारा धोखाधडी की घटना में प्रयुक्त मोबाइल व बैंक खाते जनपद में संचालित मिले।

साइबर क्राइम थाना पुलिस ने जांच पडताल के बाद आरोपी विजय कुमार निवासी गांव सावटू थाना भौराकलां को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी से दो मोबाइल बरामद किए है। गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसे ऑनलाइन गेमिंग में पांच लाख रुपए का नुकसान हुआ था। इस कारण उसे अपनी दो बीघा जमीन बेचनी पडी। इस कारण उसने साइबर अपराधियों से मिलकर पैसा कमाने का रास्ता अपनाया। आरोपी ने शुरुवात में अपने मोबाइल नम्बर व बैंक खातों का उपयोग कर ऑनलाइन धोखाधड़ी की। विभिन्न राज्यों में शिकायते दर्ज होने के कारण उसके बैंक खाते फ्रीज हो गए। उसके बाद आरोपी ने अपने भाई व माता के बैंक खातों व मोबाइल नम्बरों को उपार कर टेलीग्राम के माध्यम से साइबर ठगी की। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का पूछताछ के बाद चालान कर दिया है। एक करोड़ की धोखाधड़ी की शिकायतें दर्ज आरोपी के 2 मोबाईल नम्बरों पर 2 शिकायतें तथा 2 खातों पर कुल 15 शिकायतों दर्ज होना अभी तक प्रकाश में आया है, इसके अतिरिक्त आरोपी से बरामद मोबाईल फोन में लिंक मेल आइडी में रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर भी 41 शिकायतें दर्ज है। आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त बैंक खाते में 2 माह में करीब 30 लाख रुपये का लेनदेन किया गया है, शेष अन्य खातों की जांच प्रचलित है। आरोपी के विरुद्ध अभी तक लगभग 01 करोड रुपये से अधिक की धोखाधडी की शिकायतें दर्ज है, जिसमें से 30 लाख रुपये की धनराशि अभियुक्त के खाते में आना पाया गया है।

## मायके में रह रही विवाहिता ने फांसी लगाई

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव नरा में शनिवार देर शाम एक विवाहिता ने पंखे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतका पिछले दो साल से पति के साथ विवाद के चलते अपने मायके में रह रही थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। इस मामले को लेकर लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रही है।

# जलभराव से खफा ग्रामीणों ने बिछाई चारपाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** गांव सिकंदरपुर में सीकरी मार्ग पर हो रहे जल भराव की समस्या से परेशान सैंकडो ग्रामीणो ने इकठा होकर पानी के बीच चारपाई बिछाकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने तालाब पर हुए अतिक्रमण को हटवाकर समस्या के तुरंत समाधान की मांग को लेकर प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने अभिलेखों की जांच कर समाधान का आश्वासन दिया।

मोरना ब्लॉक् क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर मे सीकरी मार्ग पर वर्षो से जलभराव की समस्या बनी हुई है। जल भराव के कारण मार्ग पर गहरे गड्ढे बन गये हैं। जहां से किसी भी वाहन का गुज़रना मुश्किल हो रहा है। अक्सर बाइक सवार पानी मे गिरकर घायल हो जाते हैं। रविवार को सिकंद. रपुर, सीकरी, रहमतपुर, गड़वाड़ा, योगेन्द्र नगर, ख़ुशीपुरा भोकरहेड़ी आदि गांव से आये सैंकड़ो ग्रामीण पानी के बीच चारपाई बिछाकर धरने पर बैठ गये ग्रामीणों ने मार्ग पर ट्रैक्टर ट्रालियां खड़ी कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी ग्रामीणों ने बताया की रास्ते के पास स्थित एक तालाब पर अतिक्रमण किया गया है जिस कारण रास्ते पर जल भराव हो रहा है दर्जनो गांवों के ग्रामीण इस रास्ते से छोटे-बड़े वाहनों से गुजरते हैं जिनका निकलना अब दुभर हो गया है। मार्ग के पास मंदिर, स्कूल, बैंक, सहकारी समिति, अस्पताल हैं। इसके बावजूद वर्षो से मार्ग पर जल भराव की समस्या बनी हुई है अनेक बार प्रशासन को इस बारे में अवगत कराया जा चुका है किंतु अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है समाधान न होने तक वह धरना जारी रखेंगे। इस दौरान शमशाद सिद्दीकी पूर्व प्रधान इरफान अली अप्पी, विकास चौधरी,राजेंद्र प्रधान,बर्फ सिंह,मैनपाल सिंह प्रधान, अफसर कुरैशी, अतीक अहमद आसिफ, राजीव, सुरेंद्र सिंह,बिट्टू, कृष्णपाल, अमन सिंह, सतीश, राज सिंह, नदीम, शफाअत नबी,अजीत एडवोकेट, ललित सहरावत, नजर मोहम्मद, आस मोहम्मद, कलीम पीर जी, सागर कुमार आदि ने बताया कि निकट के तालाब पर भूमाफिया ने अतिक्रमण किया हुआ है। जिसके कारण मार्ग पर जल भराव हो रहा है जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना है। स्कूल, मंदिर, बैंक तथा दर्जनों गांव मे जाने वाले मार्ग पर जल भराव की समस्या से निजात दिलाई जाये नायब तहसीलदार बृजेश कुमार ने बताया की भूमि दस्तावेज की जांच की जा रही है समस्या का समाधान किया जायेगा क्षेत्र के सांसद चंदन चौहान व विधायक मिथलेश पाल ने भी अधिकारियो को पत्र लिख कर समस्या के समाधान कराने की बात बताई है।



मोरना: जलभराव की समस्या से परेशान ग्रामीण धरना देते हुए।

# हिन्दू स्वराज्य अधिवेशन में राष्ट्र चेतना का दिया संदेश

## छत्रपति शिवाजी सेना के कार्यक्रम में संगठित हिन्दू समाज को राष्ट्र की आधार शिला बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** छत्रपति शिवाजी सेना के तत्वावधान में रविवार को जीआईसी मैदान में हिंदू स्वराज्य अधिवेशन हुआ। इसमें संगठित हिंदू समाज को ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला बनाने की हुंकार भरी गई।

अधिवेशन में मुजफ्फरनगर सहित अन्य प्रदेश से भी छत्रपति शिवाजी सेना से जुड़े युवा पहुंचे। हिंदू स्वराज्य अधिवेशन का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान और भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी के स्वागत से हुआ।

इस अवसर पर वैदिक यज्ञ एवं शंखनाद के साथ हुआ, जिसने संपूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा और राष्ट्रभाव से ओत-प्रोत कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित शिवाजी सैनिकों ने पूर्ण उत्साह के साथ राष्ट्रवादी उद्घोष लगाए, जिससे जनमानस में जोश और संकल्प की भावना प्रबल हुई। इस दौरान पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डा. संजीव बालियान ने कहा कि हिंदू समाज का जातियों में बटना बड़ी समस्या है। जनसख्या नियंत्रण वक्त की आवश्यकता है, यह धरती और अधिक बोझ नहीं झेल सकती है। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्चित आर्य ने हिंदू स्वराज्य की अवधारणा को जन-जन तक पहुँचाने के लिए अपने संकल्प को जाहिर किया। उन्होंने कहा कि यह अधिवेशन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हिंदुत्व की नई ताकत के आगाज का प्रतीक है।

इस दौरान बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या मुस्लिम नागरिकों की संख्या निरंतर बढ़ने पर चिंता जताई गई। उन्होंने मांग की कि जनपद मुजफ्फरनगर एवं पूरे उत्तर प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या मुस्लिम नागरिकों की पहचान हेतु विशेष सत्यापन एवं खोज अभियान चलाया जाए तथा जांच में अवैध पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही करते हुए उन्हें उनके मूल देश वापस भेजा जाए।

जिलाध्यक्ष मोहित सोलंकी ने कहा कि क्षात्रत्व की भावना सदैव से राष्ट्र-रक्षा का आधार रही है और भविष्य में भी राष्ट्र की रक्षा के लिए यह परंपरा जीवित रहेगी। इस अवसर पर विवेक, सुलभ राय, अमन राय, राहुल धीमान, अर्चित आर्य, ध्रुव पाल, आदित्य, शांतनु, विकास वर्मा, अमित बिवकर्मा, सत्यवीर, सुधांशु, दीपांशु, आकाश, प्रणव, गौरव रावत, मोहित राणा, दिवाकर, शिवा, अजय धीमान, सागर, आदित्य चौहान सहित अनेक शिवाजी सैनिक उपस्थित रहे।

# एक शाम देश के अमर बलिदानों के नाम हुआ कार्यक्रम

## अन्तर्राष्ट्रीय संत महासभा ने किया समाज के लिए काम करने वाले लोगों को सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा एवं अखिल भारत हिंदू महासभा तथा अंतरराष्ट्रीय कृष्ण जन्म भूमि संघर्ष न्यास एवं हिंदू महासभा जनकल्याण ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में समाज से जुड़ी 151 हस्तियों को सम्मानित किया गया जिसमें मुख्य रूप से पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने वाले पत्रकारों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

वही भगवान का दूसरा दर्जा प्राप्त डॉक्टर को भी सम्मानित किया गया जिसमें शहर के 21 प्रमुख डॉक्टर को सम्मानित किया गया। इसके अलावा देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले विवेक देशवाल, रजत त्यागी, नरेंद्र राठी, सहित 11 देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले महान सपूत को मरणोपरांत उनके परिजनों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक 1008 जगतगुरु स्वामी माधव आनंद सरस्वती जी महाराज विश्व हिंदू के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य मदन महाराज अंतरराष्ट्रीय महामंत्री आचार्य अजय कृष्ण समाजवादी नेता अशोक बाटला शामली से आए कट्टर हिंदूवादी युवा हिंदू नेता विवेक प्रेमी मुख्य अतिथि रूप में शामिल रहे। इस अवसर पर थाना सिविल लाइन के थाना अध्यक्ष आशुतोष कुमार, कोतवाली प्रभारी बबलू कुमार, मंसूरपुर थाना अध्यक्ष आनंद देव मिश्र, छपार थाना अध्यक्ष मोहित कुमार को भी सम्मानित किया गया! हिंदू वीरों में हरियाणा गुरुग्राम से आई कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास की राष्ट्रीय मंत्री उर्मिला यादव अयोध्या से आए हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय दादा अयोध्या वासी अंतर्राष्ट्रीय संत महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉक्टर सिद्धार्थ भटाचार्य अखिल भारत हिंदू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष डॉ कपिल कश्यप, प्रदेश अध्यक्ष अरुण चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमरीश त्यागी, जिला अध्यक्ष संदीप मित्तल, मंडल अध्यक्ष गौरव त्यागी, गौतम बुद्ध नगर के जिला अध्यक्ष विश्वबंधु सैनी, सहित सात प्रदेशों के प्रदेश अध्यक्ष को हिंदू रक्षा के लिए सम्मानित किया गया।

देश की रक्षा करना सनातन धर्म को मजबूत करना कार्यक्रम में मुख्य रूप से जगतगुरु स्वामी माधवानंद सरस्वती जी महाराज, आचार्य मदन जी महाराज, आचार्य अजय कृष्ण, अमित त्यागी, हरिओम त्यागी, अरुण चौधरी, कृष्ण जन्मभूमि से उर्मिला यादव, डॉक्टर कपिल कश्यप, शीलू कश्यप, एडवोकेट बृजभूषण शर्मा, संदीप मित्तल, अनुज गर्ग, सोना सिंह, मोहित त्यागी, गौरव त्यागी, हार्दिक शर्मा, नरेश कुमार, सावन प्रजापति, टीटू कुमार, विनोद प्रजापति, रमेश क्रिस्टो, विकास कुमार, अरुण कुमार, राखी प्रजापति, नेहा प्रजापति, डॉक्टर एम एस ताजवर, गौतम बुद्ध जिला अध्यक्ष विश्वबंधु सैनी, हिमाचल प्रदेश अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा, उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष संदीप मित्तल, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अमित कुमार, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता एवं पदाधिक. ारी उपस्थित रहे।



मुजफ्फरनगर: वृद्धा आश्रम का उद्घाटन करती चेयरपर्सन व अन्य।

# बेसहारा बुजुर्गों के लिए वृद्धा आश्रम का शुभारंभ

**■ शालू सैनी व चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने किया उद्घाटन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्ष क्रांतिकारी शालू सैनी ने बेसहारा बुजुर्ग महिलाओं के लिए दक्षिणी कृष्णापुरी में गोगा की म्हाड़ी के सामने अपना घर वृद्धा आश्रम की शुरुआत की।

रविवार को आयोजित उद्घाटन समारोह में नगरपालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने फीता काटकर आश्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने क्रांतिकारी शालू सैनी और उनकी पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में जब रिश्ते कमजोर हो रहे हैं, ऐसे में यह आश्रम केवल एक भवन नहीं बल्कि संवेदनाओं का केंद्र बनेगा। शालू सैनी जैसी समाज सेविकाएं हमारे समाज की असली धरोहर हैं, जो बेसहारा माताओं को सम्मान और अपनापन देने का कार्य कर रही हैं।शालू सैनी ने कहा कि समाज सेवा के दौरान उन्हें कई ऐसी माताओं से मिलने का अवसर मिला, जिनकी आंखों में अपनों के बिछड़ने का दर्द और भविष्य की अनिश्चितता साफ झलकती थी। यहां मास्टर विजय सिंह, मंगलेश प्रजापति, राजू सैनी, साक्षी सैनी, सुमित सैनी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।




मुजफ्फरनगर: समाज के लिए काम करने वालों को सम्मानित करते अतिथि।

# नगर पालिका और तहसील में एडीएम का वार्षिक निरीक्षण



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली नगर पालिका परिषद और तहसील कार्यालय में शनिवार को उस समय हलचल मच गई, जब अपर जिला. धिकारी (प्रशासन) संजय कुमार सिंह ने दोनों कार्यालयों का वार्षिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एडीएम ने प्रशासनिक व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, अभिलेखों के रखरखाव और आमजन को मिलने वाली सुविधाओं का गहन परीक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। नगर पालिका कार्यालय में निरीक्षण के दौरान एडीएम ने साफ-सफाई की स्थिति को संतोषजनक बताया, लेकिन इसे निरंतर बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने शहर में नियमित सफाई अभियान, प्रभावी जल निकासी व्यवस्था और कूड़ा प्रबंधन को और बेहतर करने के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व वसूली में तेजी लाने को कहा।

एडीएम ने पेयजल की गुणवत्ता पर चिंता जताते हुए निर्देश दिए कि समय-समय पर पानी के सैंपल लेकर जांच कराई जाए, ताकि नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके।

नगर पालिका परिसर स्थित गौशाला के निरीक्षण के दौरान उन्होंने पशुओं के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, स्वच्छता तथा पर्याप्त चारा-भूसा उपलब्ध कराने के स्पष्ट निर्देश दिए। तहसील कार्यालय के निरीक्षण में एडीएम ने राजस्व अभिलेखों के रखरखाव, जनसुनवाई व्यवस्था और कर्मचारियों की उपस्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंच सके। निरीक्षण के दौरान अधिका. रियों और कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। एडीएम ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्यप्रणाली में सुधार हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।

# चिकित्सा क्षेत्र के लिए डाक्टर सोनू कश्यप हुए सम्मानित

**बुढ़ाना।** कम उम्र में ही चिकित्सा जगत में नाम कमाने वाले बुढ़ाना कस्बा निवासी एमबीबीएस डाक्टर सोनू कश्यप को रविवार के दिन उनके प्रतिष्ठान पर सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया गया। मिली जानकारी के अनुसार अन्तर्राष्ट्रीय संत महासभा रजिस्टर्ड एवं हिन्दू महासभा जन कल्याण ट्रस्ट के कुछ पदाधिकारियों के द्वारा आयोजित एक शाम देश के बलिदा. नियों के नाम कार्यक्रम के तहत रविवार के दिन डाक्टर सोनू कश्यप को उनके प्रतिष्ठान मदनलाल हास्पिटल पर पहुंचकर प्रशस्ति पत्र दिया गया। जिसमें कहा गया कि अन्तर्राष्ट्रीय संत महासभा एवं हिन्दू महासभा जनकल्याण ट्रस्ट आपके सराहनीय कार्यों के लिए आपको सम्मानित करती है। आपके द्वारा चिकित्सा के क्षेत्र में जो योगदान दिया जा रहा है। उसके लिए आप बधाई के पात्र है। हम आपके



उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इस प्रशस्ति पत्र में श्री श्री 1008 स्वामी महा देवानन्द सरस्वती जी महाराज, अर्न्तराष्ट्रीय मुख्य संरक्षक अन्तर्राष्ट्रीय संत महासभा रजिस्टर्ड, योगेन्द्र वर्मा अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष अन्तर्राष्ट्रीय संत महासभा रजिस्टर्ड का भी उल्लेख है। इस दौरान डाक्टर शेखर ठाकुर और सचिन पाल आदि मौजूद रहे। इसके लिए डाक्टर सोनू कश्यप ने हिंदू महासभा का आभार जताया है।

## मेले में दूसरे दिन भी रही श्रद्धालुओं की भीड़

**बुढ़ाना/फुगाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव खेडा मस्तान में स्थित हनुमान मंदिर परिसर में लगे धार्मिक मेले में रविवार को दूसरे दिन भी हजारों श्रदालुओं की भारी भीड रही। खेड़ा मस्तान में 44वां विशाल हनुमान मेला बीती शनिवार के दिन से ही शुरू हो गया था। इस 03 दिवसीय मेले में आज दूसरे दिन हजारों श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर अपनी मनोकामनाए मांगीं। ग्रामीणों के अनुसार यह हनुमान मंदिर एक सिद्ध पीठ के रुप में प्रसिद्ध है। मान्यता है कि जो श्रद्धालु लगातार तीन दिनों तक यहां दीपक जलाते हैं उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। मेले मे चित्रकार सुनील ने चित्रों की एक प्रदर्शनी लगाई। मेले में लगातार तीन दिन तक 24 घंटे श्रद्धालु शुद्ध देशी घी का दीपक जलाते हैं। यहां संस्कृति कार्यक्रम और जागरण भी चल रहा है। आसपास के स्कूलों के छात्र छात्राओं के द्वारा देश भक्ति से ओत प्रोत कई विभिन्न कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गये। इस भव्य मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने चाक-चौबंद व्यवस्था की हुई है। यहां पर मुजफ्फरनगर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा के निर्देश पर यातायात नियंत्रण के लिए विशेष पुलिस बल तैनात किया गया है।

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड में ऐश्वर्या मोतला की शानदार उपलब्धि, मैपल्स अकादमी गौरवान्वित

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली स्थित मैपल्स अकादमी की होनहार छात्रा ऐश्वर्या मोतला ने अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड-2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का मान बढ़ाया है। हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में ऐश्वर्या ने उत्तर क्षेत्र में तृतीय स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की।

इस उपलब्धि पर छात्रा को विशिष्ट योग्यता प्रशस्ति पत्र एवं कांस्य पदक देकर सम्मानित किया गया। ऐश्वर्या की सफलता से विद्यालय में हर्ष और उत्साह का माहौल है। विद्यालय की प्रधानाचार्या गरिमा सिंह ने छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मैपल्स अकादमी में विद्यार्थियों के शैक्षणिक के साथ-साथ बौद्धिक और



भाषाई विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य विपिन सिंघल एवं सोनम सिंघल ने भी ऐश्वर्या और उसके परिजनों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र संख्या:- 11066 दिनांक 01/10/2022 में नियमों की जानकारी न होने के कारण नाम अंकित नहीं कराया गया। पिता के रूप में मेरा नाम विकास वर्मा अंकित है इस प्रकार वास्तविक नाम क्रमश: विराज वर्मा व विकास कुमार पंजीकृत हेतु आवेदन पत्र संबधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**निवेदक**

**विकास कुमार S/0 राकेश कुमार**

**722 लद्दावाला मुजफ्फरनगर**

# मीरांपुर में डॉक्टर्स एंड पैथ लैब एसोसिएशन ने लगाया मैडिकल कैंप

**मीरापुर।** डॉक्टर्स एंड पैथ लैब एसोसिएशन की ओर से नगर के पड़ाव चौक पर एक निशुल्क परामर्श मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

मुजफ्फरनगर के नाक, कान एवं गला रोग वरिष्ठ चिकित्सक डा. योगेंद्र कुमार ने करीब 200 मरीजों की आधुनिक दूरबीन विधि से जांच की और उन्हें रोग के अनुसार उचित परामर्श दिया। कैंप के संयोजक डॉक्टर मनोज पाल ने बताया कि प्रात: काल से ही मीरापुर नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नाक, कान और गला संबंधी रोगी कैंप में पहुंचे और विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श प्राप्त किया। कैंप का उद्घाटन फीता काटकर जानसठ चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अर्जुन सिंह, विधायक मिथलेश पाल की पुत्री सुप्रिया पाल एवं डॉक्टर नदीम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर अर्जुन सिंह ने कहा कि मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है और इस प्रकार के मेडिकल कैंप जरूरतमंद लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं। सुप्रिया पाल ने भी विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दी जा रही सेवाओं की प्रशंसा करते हुए ऐसे आयोजनों को समाज के लिए उपयोगी बताया। कस्बे में कोई भी नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ न होने के कारण कैम्प का ग्रामीण क्षेत्र के लोगो ने भी लाभ उठाया। कैंप में संगठन के अध्यक्ष डॉक्टर अशोक कुमार प्रजापति सहित डॉक्टर प्रवीण शर्मा, डॉक्टर सरताज बैग, डॉक्टर आलोक शर्मा, डॉक्टर ताहिर कुरैशी, डॉक्टर राजवीर सिंह, डॉक्टर साकिब, डॉक्टर शारिक कुरैशी, डॉक्टर रियासत कुरैशी, डॉक्टर शहनवाज मेवाती, डॉक्टर फरमान, डॉक्टर आमिर हसन, डॉक्टर इस्लाम, डॉक्टर अजीम, डॉक्टर सुनील, डॉक्टर जाकिर एडवोकेट, डॉक्टर अमजद, डॉक्टर समद, डॉक्टर गुलजार और डॉक्टर नदीम, वरिष्ठ बसपा नेता सतीश रवि, भाजपा नेता अरूण शर्मा, असीम शर्मा सहित अन्य चिकित्सकों का सहयोग सराहनीय रहा। अंत में कैंप के संयोजक डॉक्टर मनोज पाल ने सभी अतिथियों, चिकित्सकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# किसानों की आय बढ़ाने और लागत घटाने पर केंद्रित है बजट : मंत्री कपिल देव

**बजट को लेकर कूकड़ा मंडल में मंत्री ने लगायी चौपाल**

**मुजफ्फरनगर।** विधानसभा क्षेत्र के कूकड़ा मण्डल के ग्राम मखियाली में आयोजित जन चौपाल में मंत्री कपिल देव ने बजट 2026-27 को किसान हित में ऐतिहासिक बताते हुए कृषि क्षेत्र के लिए किए गए व्यापक प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य 'हर खेत को पानी' अभियान को गति देना है, जिसके तहत सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, सूक्ष्म सिंचाई योजनाओं को बढ़ावा तथा लंबित परियोजनाओं को पूर्ण करने हेतु विशेष धनराशि का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने बताया कि उन्नत व प्रमाणित बीजों की उपलब्धता, जैविक एवं प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन, मृदा स्वास्थ्य सुधार तथा उर्वरक सब्सिडी के माध्यम से खेती की लागत घटाने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। साथ ही कृषि यंत्रीकरण, ड्रोन तकनीक, डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन, प्रिसिजन फार्मिंग और कृषि स्टार्टअप को बढ़ावा देकर युवाओं को खेती से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

कृषि में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के बढ़ते योगदान पर प्रकाश डालते हुए मंत्री कपिल देव ने कहा कि AI आधारित फसल सलाह, मौसम पूर्वानुमान, रोग पहचान, मिटी विश्ल

# प्रपोज डे पर प्रेमियों ने प्रेमिकाओं को किया प्रपोज

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढाना।** रविवार के दिन काफी प्रेमियों द्वारा अपनी अपनी प्रेमिक. ाओं से चोरी छिपे प्रपोज डे मनाया गया। संडे होने के बाद भी प्रेमी प्रेमिका रेस्टोरेंट और ओयो में एक दूसरे से मिले और एक दूसरे को प्रपोज कर प्रपोज डे मनाया। वेलेंटाइन वीक के दूसरे दिन प्रपोज डे पर प्रेमी प्रेमिकाओं ने एक दूसरे से अपने प्यार का इजहार किया। किसी ने इस दौरान चॉकलेट दी तो किसी ने एक दूसरे को गिफ्ट दिए। बाजार में भी प्रपोज डे को लेकर अच्छी खासी चहल पहल दिखाई दी। वेलेंटाइन वीक शुरू होने के साथ ही शहर में युवाओं के चेहरे भी खिल उठे हैं।



एक दिन पहले जहां युवाओं ने गुलाब देकर रोज डे मनाया था वहीं दूसरे दिन प्रपोज डे पर भी बाजार में अच्छी चहल पहल दिखाई दी। इस दौरान युवा जोड़ों ने एक दूसरे से अपने प्रेम का इजहार किया। युवाओं ने अपने प्यार से दिल की बात कही। महीनों से दिल में दबाए बैठे जज्बातों को प्रपोज डे के माध्यम से युवाओं ने ढाई आखर में कहा। वेलेंटाइन वीक में गुलाबी मौसम की आवारगी में युवा मन भी झूम उठे। प्रपोज डे पर बुढ़ाना कस्बे क्षेत्र के रेस्तरां फुल रहे। मोबाइल पर वीडियो कालिंग के जरिए भी प्रपोज डे मनाया गया। कहते हैं प्रेम के ढाई अक्षर में बहुत शक्ति होती है। अगर आप सच्चे दिल और शिद्दत से किसी को चाहते हैं तो उससे अपनी दिल की बात कहने पर वह कभी इंकार नहीं करेगा।

इस दिल की बात कहने में होने वाली सकुचाहट अक्सर मुहब्बत की राह में रोड़ा बनकर खड़ी हो जाती है। इस दीवार को ढहाने के लिए जरूरत होती है किसी खास मौके की। रविवार को ये खास मौका भी आया जब युवाओं ने अपनी झेंप व सकुचाहट को किनारे लगाया। मौका था वेलेंटाइन वीक के दूसरे दिन प्रपोज डे का। युवाओं ने इस मौके का फायदा उठाते हुए प्रोमिकाओं को अपने दिल की बात कही। अपने साथी से दिल की बात कहने के लिए किसी ने तरकीब का सहारा लिया तो किसी ने सीधे जाकर ही अपने दिल में दबे प्यार के ढाई आखर को बाहर निकाला।

# ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में आशीर्वाद समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न




**मीरापुर।** ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय से विदा हो रहे वरिष्ठ विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई देना और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करना रहा। इस अवसर पर कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया, जिससे पूरे वातावरण में अपनत्व और स्नेह का भाव दिखाई दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय निदेशक रोहित कुमार एवं प्रधानाचार्य दीपक कुमार धीमान द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा अनेक सांस्कृतिक एवं शिक्षाप्रद प्रस्तुतियां दी गईं। नृत्य, समूह गीत और नाटड मंचन के माध्यम से जूनियर विद्यार्थियों ने अपने सीनियर साथियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं, जिसे उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों ने सराहा।

कार्यक्रम के दौरान अवंतिका को मिस ज्ञानस्थली, मोहम्मद असद को मिस्टर ज्ञानस्थली, स्वर्णिका शर्मा को मिस फेयरवेल तथा विधान अग्रवाल को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। चयन के समय विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

विद्यालय निदेशक रोहित कुमार एवं प्रधानाचार्य दीपक कुमार धीमान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें सच्चाई के मार्ग पर चलने, चरित्रवान बनने और अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संच. ालन अंशिका जैन, लबा, अवनी, जसमीत, अनन्या, सोफिया, ;षिका, दीक्षा, नित्या, लामिया एवं अलिना ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रंजीता, जतिन कोहली, धीरज राजवंशी, तारिक खान, ज्योति, अमित कुमार धीमान, सुगंध भट, मीनाक्षी अरोरा एवं समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# देश को औरंगजेब की नहीं श्रीराम की विचारधारा की जरूरत: अचल कृष्ण शास्त्री

**मुजफ्फरनगर।** भागवत पीठ शुकतीर्थ के राष्ट्रीय कथा व्यास अचल कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भारत में हिंदू के रूप में जन्म लेना परम सौभाग्य की बात होती है। उन्होंने कहा कि आज के समय में हमें औरंगजेब की नहीं बल्कि श्रीराम की विचारधारा की जरूरत है।

नई मंडी पटेल शाखा द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में माड़ी की धर्मशाला में आयोजित हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता अचल कृष्ण शास्त्री ने कहा देश में इस समय दो विचारधाराएँ हैं। एक श्रीराम की विचारधारा है जिसमें प्रभु श्रीराम सहर्ष अपने भाइयों के लिए राजसिंहासन छोड़कर वन में चले जाते हैं और उनका भाई भरत अपने बड़े भाई का अनुरोध स्वीकार नहीं करता। वहीं दूसरी ओर औरंगजेब की विच. ारधारा है जहाँ अपने पिता को जेल में डालकर और भाइयों की हत्या कर सिंहासन पर कब्जा किया जाता है। हिन्दू समाज सदैव से ही श्रीराम की विचारधारा को अपनाता रहा है। उन्होंने कहा कि इस समय देश को बाहरी और आंतरिक शत्रुओं का सामना करना पड़ रहा है। बाहरी शत्रु हम सब जानते हैं लेकिन आंतरिक शत्रु हमें जातिवाद जैसे अस्त्र से घायल कर कमजोर करने में जुटे हुए हैं। हिन्दू समाज को एकजुट होकर इसका सामना करना होगा। अचल कृष्ण शास्त्री जी ने कहा कि भाग्य को हम तीन तरह से परिभाषित कर सकते हैं इनमें भाग्य वह होता है जिसमें मनुष्य जन्म मिलता है। सौभाग्य व होता है जब मनुष्य का जन्म भारत की पावन भूमि पर होता है और परम सौभाग्य वह होता है जब जन्म भारत की पावन भूमि पर हिन्दू के रूप में होता है। हम सब परम सौभाग्यशाली हैं। आचार्य कृष्ण शास्त्री जी ने हिन्दु और हिन्दुत्व पर विस्तार से अपने विचार रखे और सभी हिंदू समाज को जाति बिरादरी में न बंटकर एकजुट होने का आह्वान किया। मेरठ प्रान्त के प्रान्त सह व्यवस्था प्रमुख विनय कुमार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष के सफर पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने डॉ. हेगड़ेवार द्वारा संघ की स्थापना किए जाने से लेकर अब तक संघ के समक्ष आई चुनौतियों एवं लक्ष्य प्राप्त किए जाने पर विस्तार से विचार रखे। दून वैली पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अनुराग सिंघल ने प्रेरणादायक वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पांच परिवर्तन सिद्धान्तो पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज वॉट्सएप के माध्यम से परिवार और कुटुम्ब दूर रहते हुए भी फिर से आपस में जुड़कर एकजुट दिखाई देते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी रमेशचंद्र जैन ने की जबकि संचालन आयोजन समिति के सचिव विपुल भटनागर ने किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष सीए संजय सिंघल ने सभी अतिथियों एवं वक्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि हमें हिंदू होने पर सदा गर्व रहा है और आगे भी गर्व रहेगा। इससे पूर्व हिंदू सम्मेलन के आयोजन के उद्देश्यों पर पटेल शाखा के प्रभारी आलोक जी ने अपने विचार रखते हुए सभी का आभार जताया। हिंदू सम्मेलन में राधा माधव संगीत केन्द्र, किडजी स्कूल, भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज, नचिकेता स्कूल, दून वैली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिनकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, भाजपा नेता, महेंद्र आचार्य, राजीव गर्ग, ललित महेश्वरी, नईमंडी मंडल अध्यक्ष प्रवीन खेड़ा के साथ ही आयोजन समिति के संरक्षक अरविंद मित्तल सुनील गोयल, अनिल गोयल, अजय कपूर, आयोजन समिति के पदाधिकारी मुकेश गोयल, हरिमोहन शर्मा, अमरकान्त गुप्ता, अरविंद भारद्वाज, मनोज अग्रवाल, मनीष भाटिया, राकेश मित्तल, सुरेंद्र बंसल, हरीश भाटिया, राजेंद्र गर्ग, संजय गर्ग, अवधराज, अरविंद जैन, ब्रजमोहन शर्मा, डॉ. रजत जिंदल, लक्ष्य भाटिया, पूर्व सभासद प्रियांशु जैन, श्याम सुंदर श्यामु दादा, जगबीर पाल, रोहित सिंघल, पूनम गर्ग, सुनीता गुप्ता, संतोष देवी, अनिका अग्रवाल समेत पटेल शाखा के सभी कार्यकर्ता एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में श्री राम कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी का सराहनीय कदम

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी के द्वारा एफ डी इस्लामिया इंटर कॉलेज बिलासपुर में एक नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस मेडिकल कैंप का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना तथा लोगों को उनके स्वास्थ्य की देखभाल के प्रति सतर्क बनाना था। इस आयोजन में विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं, जैसे कि सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप जांच, शुगर जांच, एवं प्राथमिक चिकित्सा सुविधा। कैंप के दौरान एफडी इस्लामिया इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं एव शिक्षको ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और बड़ी संख्या में अपनी जांच करवाई ।

कैम्प का शुभारंभ एफडी इस्लामिया इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आरिफ अंसारी और श्री राम कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी के सहायक शिक्षक टिंकू कुमार ने किया। कैंप के दौरान स्कूल में उपस्थित छात्र-छात्राओं एव शिक्षको को स्वास्थ्य संबधी जानक. ारी साझा की उन्होंने बताया कि आज बीमारियों से भरे दौर में स्वस्थ रहने के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, स्वच्छता और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कितना आवश्यक है।

इस मेडिकल कैंप में श्री राम कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी के छात्र-छात्राओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण रही। विशेष रूप से समीर अहमद, अंजलि, खुशबु, आयुष, वंशिका, प्रियम, प्रिया, आयान, वंशराज चौहान, प्रियांशी, अंश शर्मा, मिट्ठू, आशिया परवीन, संस्कृति, मौ. आदिल, आदि ने अपनी सक्रिय सहभागिता और समर्पण से कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कैंप की संपूर्ण रूपरेखा का निर्धारण एवं संचालन श्री राम कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी के अध्यापक टिंकू कुमार के नेतृत्व में किया गया ।

कैंप के समापन अवसर पर श्री राम कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी के टिंकू कुमार (सहायक अध्यापक) ने छात्र-छात्राओं से संवाद किया और कहा, एक फार्मासिस्ट का प्रथम




कर्तव्य समाज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना होता है।

इस प्रकार के कार्यक्रम हमें हमारी वास्तविकता से जोड़ते हैं और उच्च कोटि का प्रयोगात्मक ज्ञान प्रदान करते हैं। श्री राम कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी समय-समय पर इस तरह की गतिविधियों का आयोजन करता रहता है ताकि विद्यार्थियों का समग्र विकास हो सके। इससे न केवल उनका आत्मबल बढ़ता है, बल्कि वे जीवन के कठिन लक्ष्यों को भी सहजता से प्राप्त करने में सक्षम होते हैं। इस आयोजन में विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का भी बोध कराया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने टिंकू कुमार, विकास कुमार, मोद्द अरशद और छात्र-छात्रा मौ. शुहेल, इस्माइल, कार्तिक सैनी, सौरभ, आशुतोष मौर्या, फैसल, नैंसी पाल, कीर्ति, आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए बेहतर रणनीति और टाइम मैनेजमेंट बहुत जरूरी : डा. रणजीत सिंह

**मुजफ्फरनगर।** यूपी बोर्ड और सीबीएसई बोर्ड की हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं प्रारंभ होने जा रही है जिसको लेकर विद्यार्थियों में काफी मानसिक तनाव देखने को मिलता है इसी विषय को लेकर आज आकांक्षा कॉलेज के शिक्षा विभाग के सहायक प्रोफेसर डा.रणजीत सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए कहा कि परीक्षा विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होती है। यह केवल ज्ञान का मूल्यांकन नहीं करती, बल्कि मेहनत, अनुशासन और समय प्रबंधन की क्षमता को भी दर्शाती है। लेकिन अक्सर विद्यार्थी परीक्षा को लेकर अनावश्यक तनाव में आ जाते हैं, जिसका असर उनकी पढ़ाई और प्रदर्शन पर पड़ता है। ऐसे समय में सही दिशा-निर्देश, सकारात्मक सोच और स्वस्थ दिनचर्या उन्हें तनाव-मुक्त होकर बेहतर परिणाम प्राप्त करने में मदद कर सकती है परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए छात्रों को ये टिप्स अपनानी चाहिए समय का सही प्रबंधन करें और पढ़ने के लिए एक निश्चित टाइम टेबल बनाएं, पाठ्यक्रम को अच्छी तरह से समझ कर पढ़े, नोट्स बनाकर नियमित रूप से इनका रिवीजन करना चाहिए, परीक्षा से पूर्व प्रश्न पत्र हल करने का अभ्यास अवश्य करें, पढ़ाई के समय एकाग्रता बनाए रखें व सोशल मीडिया एवं टीवी से दूर रहे, स्वस्थ दिनचर्या अपनायें पर्याप्त नींद ले और व्यायाम अवश्य करें, परीक्षा के समय उत्तर लिखने की रणनीति अपनाएं और सबसे पहले आसान प्रश्नों का उत्तर दें , सकारात्मक ही सोचे एवं आत्मविश्वास बनाए रखें,कठिन प्रश्न समझ नहीं आने पर अपने शिक्षकों से मदद ले।

सकारात्मक वातावरण विद्यार्थियों के लिए ऊर्जा का स्रोत है। शिक्षकों और अभिभावकों को भी चाहिए कि वे बच्चों को दबाव में लाने के बजाय उनका मार्गदर्शन करें, प्रोत्साहित करें और उन्हें यह एहसास दिलाएं कि मेहनत हमेशा अच्छे परिणाम लाती है। आत्मविश्वास, आत्मनियंत्रण और सतत प्रयास सफलता की सबसे बड़ी कुंजी हैं। विद्यार्थियों को यह विश्वास रखना चाहिए कि मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। यदि आप सही योजना, सकारात्मक सोच और तनाव-मुक्त मन से अध्ययन करें तो अच्छे अंक प्राप्त कर सकते है। परीक्षा जीवन का सिर्फ एक चरण है, लक्ष्य उससे कहीं बड़ा है आप खुद को बेहतर बनाये और मुस्कुराते हुए, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें, सफलता निश्चित रूप से आपको प्राप्त होगी।

## भगवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशंस में एनुअल स्पोर्ट्स मीट का भव्य आयोजन

**मीरापुर।** फैकल्टी एवं स्टाफ एनुअल स्पोर्ट्स मीट का भव्य आयोजन बी. आई.टी. कैंपस में किया गया। इस खेल महोत्सव का उद्देश्य शिक्षकों व कर्मचारियों में शारीरिक फिटनेस, अनुशासन, टीम भावना तथा सकारात्मक कार्य संस्कृति को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में संस्थान के विभिन्न विभागों से जुड़े फैकल्टी और स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।स्पोर्ट्स मीट के अंतर्गत महिला एवं पुरुष वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो तथा वॉकिंग इवेंट जैसी अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खेल भावना का परिचय दिया। महिला वर्ग में उर्वशी ने दौड़ प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, वहीं प्रियंका, अनन्या, अर्पिता और खुशबू सहित अन्य प्रतिभागियों ने भी विभिन्न स्पर्धाओं में स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में शरद, राजा चौधरी, अभिषेक, अंकित और अन्य खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला अत्यंत रोमांचक रहा, जिसमें बीजीआई साइंस राइजर की टीम ने कप्तान डॉ. पुष्पनील वर्मा के नेतृत्व में शानदार जीत दर्ज की। फाइनल में बीजीआई टेक वॉरियर्स की टीम, कप्तान डॉ. अजय सिंह के नेतृत्व में, उपविजेता रही। दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। समापन अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह ने विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को मेडल व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुखढ़ करते हैं, बल्कि कार्यस्थल पर आपसी सहयोग और सकारात्मक ऊर्जा को भी बढ़ाते हैं। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक, उपनिदेशक, डीन, विभागाध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में फैकल्टी एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# एक दर्जन से भी अधिक टयूबवैलों पर हुई चोरी

**बुढ़ाना।** अज्ञात चोरों ने एक बार फिर से अपना कमाल दिखाते हुए एक ही रात में चार गांवों के जंगलों में स्थित एक दर्जन से भी अधिक किसानों की टड्बवेलों पर चोरी करके किसानों में भय पैदा कर दिया। कोतवाली की उमरपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव अलीपुर अटेरना, गांव वैल्ली, गांव माजरा व गांव बसी खुर्द के करीब एक दर्जन किसानों की टड्बवैलों पर अज्ञात चोरों ने रविवार की प्रथम रात्रि नकब लगाकर व ताले तोड़कर एक लाख रुपये की कीमत के करीब के स्टार्टर, केबिल, कटाउट व अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना का पता किसानों को आज सुबह लगा जब वे खेतों पर गये। जिनका नुकसान हुआ उनमें अनिल पुत्र रामपाल, विक्रम पुत्र श्रीराम, राजबीर पुत्र ओमबीर, गजेंद्र पुत्र इलम, ज्ञान पुत्र बाबूराम, राजेंद्र, अरुण त्यागी बसी खुर्द, भूपेंद्र व पुष्पेंद्र पुत्रगण जवाहर,



नितिन, निरंकार त्यागी, चंदर, नाथीराम और धुमान आदि किसान हैं। घटना की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली तो पुलिस ने मौके पर पहुंच सब टड्बवैलों का मुआयना किया और किसानों को आश्वासन देकर पूर्व की तरह लौट गयी। किसानों ने बताया कि बीते 9 साल से उनके गांव के किसानों की टयूबवेलों पर समय समय पर चोरियां हो रही हैं मगर आज तक चोर पकडे नहीं गये। किसान विक्रम एक ऐसा अभागा किसान है जिसकी टयूबवेल पर 12 बार से भी अधिक चोरी हो चुकी। कुछ हफ्ते पहले भी टयूबवैलों पर चोरी की घटनाएं हुई। बस पुलिस खानापूर्ति करती है और चली जाती है। आज तक किसी घटना का खुलासा हुआ ही नहीं क्योंकि पुलिस चोरी की घटना की रिपोर्ट दर्ज करती ही नहीं। जिसके चलते चोरों के हौंसले बुलंद हैं।

**सिंचाई व्यवस्था प्रभावित....**

बुढ़ाना। टयूबवैलों पर विद्युत तार व अन्य सामान चोरी होने के बाद सिंचाई व्यवस्था भी बुरी तरह से ठप्प हो गयी है। किसानों को गेंहू और गन्ने सहित अन्य फसलों में भी आज पानी देना था लेकिन चोरों ने टयूबवैल संबंधी सभी सामान चोरी करके सब टयूबवेलें ठप्प कर किसानों व खेतों में खड़ी फसलों को पानी से महरुम कर दिया। सुबह जब किसान अपने खेतों पर पहुंचे तो जले केबिल, उखड़े पैनल व बंद पड़ी टयूबवेलें देख उन्हें चोरी होने का पता चला।कई स्थानों पर तार जलाकर उनमें से तांबा निकालने की बात सामने आई है। किसान नेता वीर सिंह ने चेता. वनी देते हुए कहा यदि जल्दी ही चोरी की घटनाओं का खुलासा न किया गया तो वे धरना देंगे।क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह ने बताया कि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## वैभव कुंज शुभ लक्ष्मी धाम में हुआ वार्षिकोत्सव का आयोजन निकाली कलश यात्रा

**मोरना।** शुकतीर्थ में स्थित वैभवकुंज शुभ लक्ष्मी धाम मे रविवार को वार्षिकोत्स्व का आयोजन किया गया। जिसमे बड़ी संख्या मे महिला श्रद्धालुओं ने भाग लिया व आश्रम से गंगा घाट तक विशाल कलश यात्रा निकाली गई तथा भंडारे मे भोजन प्रसाद का वितरण किया गया।

पंडित विकास भारद्वाज ने जानकारी देकर बताया की शनिवार शाम सुंदरकांड पाठ व भजन कीर्तन का आयोजन हुआ रविवार को कलश यात्रा निकाली गयी जिसमे संकड़ो महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर ढोल बाजो के साथ भजन कीर्तन करते हुए भाग लिया।गंगा घाट पर मां गंगा की पूजा की गई तथा हवन यज्ञ में आहुति दी गई साधु संतों को भोजन प्रसाद ग्रहण कराया गया आश्रम के संरक्षक पंडित राजपाल शर्मा ने जनकल्याण जगत कल्याण मानव सेवा महिला उत्थान का संकल्प दिलाया। महामंडलेश्वर गोपाल दास महाराज ने कहा कि जगत कल्याण के लिए साधु संत तपस्या करते हैं मानव सेवा सबसे बड़ी सेवा है।

सच्चे भाव के साथ पूजा करने से निश्चित ही ईश्वर की कृपा मिलेगी। हवन यज्ञ से शान्ति का प्रसार होता है। शान्ति सबसे बड़ी सुगंध है। नित्य हवन यज्ञ कर परिवार मे सुख शान्ति स्थापित करें। हवन यज्ञ मे यज्ञमान के रूप मे कमल आनंद,रेखा आनंद शकुंतला देवी रहे।

## खेत में खड़े पेड़ चोरी करने का आरोप

**भोपा ।**शहर मे निवास कर रही गांव निवासी महिला ने खेत मे खडे पेड़ चोरी करने का आरोप ग्रामीण पर लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव सीकरी निवासी महिला अरशी ने बताया की वह वर्तमान में मुजफ्फरनगर शहर में बच्चो के साथ रह रही है। गांव के जंगल में उसके खेत हैं। जिनमें पापुलर के पेड बो रखे हैं। उसकी गैर मौजूदगी में गाँव के ही व्यक्ति ने 20 हजार रूपयों कीमत के दस पेड काट लिये हैं। इससे पहले भी पांच महीने पहले एक आरोपी ने पापुलर के पेडों को क्षति पहुंचाई थी। जिसकी शिकायत पुलिस से की गयी थी। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई थी। पुनरूआरोपी ने चोरी से पेड़ काटने की घटना को अंजाम दिया है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## खेल की नोक झोंक ने लिया हिंसक रूप, मदरसा छात्र को युवकों ने पीट-पीटकर किया गंभीर घायल

**खतौली।** खेल के दौरान हुई मामूली कहासुनी देखते-ही-देखते हिंसक झगड़े में तब्दील हो गई। गिल्ली लगने पर आपत्ति जताना मदरसे में पढ़ने वाले एक छात्र को भारी पड़ गया। आरोप है कि आधा दर्जन युवकों ने छात्र पर लात-घूंसे और लाठी-डंडों से हमला कर उसे अधमरा कर दिया।

इस्लामनगर निवासी अमन खालिद ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका छोटा भाई रइयाँन पुत्र खालिद, जो मदरसे का छात्र है, रविवार को खेलने के लिए घर से निकला था। सद्दीकनगर स्थित खेल मैदान के पास गिल्ली-डंडा खेल रहे कुछ युवकों की गिल्ली रइयाँन को जा लगी। जब उसने इसका विरोध किया तो युवक भड़क उठे।

बताया गया कि आरोपित युवकों ने गाली-गलौज करते हुए रइयाँन को घेर लिया और लात-घूंसे व लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई की। हमले में रइयाँन गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। मौके पर मौजूद लोगों व परिजनों की मदद से उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित का भाई कोतवाली पहुंचा और हमलावरों के खिलाफ तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की। कोतवाली पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।



बुढाना: पूर्व प्रमुख व तहसीलदार एक दूजे संग हाथ मिलाते हुए।

## किसान फर्नीचर, मायरा पेंट स्टोर व साजिद बिल्डिंग मैटेरियल कंपनी का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** क्षेत्र के गांव भसाना में खतौली मोड़ पर बुढ़ाना ब्लाक के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने किसान फर्नीचर का उद्घाटन फीता काटकर किया। उन्होंने कहा इस प्रतिष्ठान के खुलने से यहां के लोगों को किफायती दामों पर फर्नीचर मिलेगा। प्रतिष्ठान के आनर खान मोहम्मद ने बताया कि वे यहां साऐ का समान भी बनाकर देंगे। एक बार अगर कोई यहां आएगा तो वो दूसरी बार किसी ग्राहक को जरुर लेकर आएगा क्योंकि उनका दावा है कि इस प्रतिष्ठान पर अच्छा मंदा सामान मिलेगा। इसी प्रतिष्ठान के सामने साजिद बिल्डिंग मैटेरियल कम्पनी का भी शुभारंभ हुआ। जिसका उदघाटन इंडियन बैंक भसाना के मैनेजर धर्मवीर सिंह ने फीता काटकर किया। प्रतिष्ठान के आनर साजिद ने बताया कि यहां राणा सरिया, रोडी, कोरसेंट, रेत्ता, डस्ट,



अल्ट्राटेक, उत्तराखण्ड, राजस्थान कम्पनी का टिकाऊ मजबूत सीमेंट होल सेल रेट पर मिलेगा। इसके सामने स्थित मायरा पेंट स्टोर का भी शुभारम्भ हुआ। जिसका उद्घाटन डा. सुभाष नसीरपुर ने फीता काटकर किया। मायरा पेंट स्टोर के मालिक मुरसलीन राणा ने बताया हमारे यहां एशियन पेंट, बर्जर पेंट, नेरोलक पेंट, बिरला उपेक्स, ओपोन पेंट, त्रिमूर्ति, सकरनी, जेके समेत अन्य कंपनियों का पेंट, पुट्टी, समोसम होल सेल रेट पर मिलेगा। यहां ग्रीन हास्पिटल से कौसर राणा, अशोक प्रधान, एहतेशाम नंगला, अबूजर राणा, राजेंद्र प्रधान, इंतजार मुखिया और हामिद प्रधान रियावली आदि मौजूद थे।

## ग्राम पंचायत कुतुबपुर में पुस्तकालय का हुआ शुभारंभ



**मीरापुर।** ग्राम पंचायत कुतुबपुर में वार्ड सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता रवि शर्मा के सहयोग से पुस्तकालय/बुक बैंक का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश विधान परिषद की सदस्य वंदना वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। उद्घाटन समारोह में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष अनुराज पवार सहित विपिन शर्मा, प्रवीन शर्मा, अभिषेक शर्मा, सुधीर शर्मा, अश्वनी शर्मा, राजपाल, सुरेंद्र प्रजापति, आबिद, मनोज कुमार तथा गांव के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पुस्तकालय की स्थापना को विद्यार्थियों एवं युवाओं के लिए लाभकारी बताते हुए इसकी सराहना की। परियोजना समन्वयक प्रमोद चौधरी ने बताया कि वार्ड स्तरीय स्वशासन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत इस पुस्तकालय/बुक बैंक का संचालन वार्ड के नागरिकों के सामूहिक सहयोग से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय के संचालन के लिए वार्ड सदस्य रवि शर्मा ने अपने आवास का एक कमरा निशुल्क उपयोग हेतु उपलब्ध कराया है। इस पहल से गांव के विद्यार्थियों और पाठकों को अध्ययन की बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

# पूर्व प्रमुख व तहसीलदार के बीच हुई वार्ता रही सफल

**12 फरवरी की महापंचायत को किया स्थगित**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** तहसीलदार बुढ़ाना महेंद्र सिंह यादव व बुढ़ाना ब्लाक के पूर्व प्रमुख और राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता विनोद मलिक के बीच कई दिनों से चल रही खींचतान आज काफी देर तक हुई वार्ता के बाद खत्म हो गयी। इसी के चलते बुढ़ाना तहसील परिसर में आगामी 12 फरवरी को होने वाली महापंचायत को भी स्थगित कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना ब्लाक के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने बुढ़ाना तहसीलदार को अपनी व्यस्तता के चलते कुछ काम मोबाइल फोन पर बतलाए थे और बुढाना तहसीलदार के कहने पर अपने भतीजे जितेंद्र मलिक को उनके पास भेजा था लेकिन आरोप के मुताबिक तहसीलदार ने पूर्व प्रमुख के द्वारा बताए गये काम को करने से मना कर दिया था और उनके भतीजे को अप शब्द कहे थे। तब इसी बात से क्षुब्ध होकर पूर्व प्रमुख ने ब्लाक कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता करके तहसीलदार बुढाना को खुली चुनोती देते हुए ऐलान किया था कि वे उनके भतीजे को अपशब्द बोलने वाले तहसीलदार के खिलाफ हल्ला बोलेंगे। पूर्व प्रमुख ने इसके बाद एक मीटिंग भी बुलाई जिसमें सड़कों पर उतरकर प्रदर्शनघ करते हुए बुढाना तहसीलदार के खिलाफ नारेबाजी कर धरना दिया गया। धरने पर न्यायिक एसडीएम श्रीकांत विश्वकर्मा ने पहुंचकर पूर्व प्रमुख को शांत कर उनको आश्वासन दिया था कि वे तीन दिन में उक्त मामले का पटाक्षेप कर देंगे। तब पूर्व प्रमुख ने धरना उठा लिया था। उसी दौरान एसडीएम ने प्रयास किया कि पूर्व प्रमुख और तहसीलदार में आपस में जो खींचतान चल रही है वो खत्म हो जाए लेकिन दोनों के बीच चली वार्ता विफल हो गयी थी। उसके बाद पूर्व प्रमुख ने गांव फुगाना में मीटिंग की। जिसमें गठवाला खाप के बाबा बलजीत सिंह आए। जिन्होंने पूर्व प्रमुख को 12 फरवरी को महापंचायत करने को कहा। उसके बाद बीते दिनघ पूर्व प्रमुख ने महापंचायत की सफलता को लेकर एक दर्जन गांवों में जनसंपर्क कर प्रशासन में हड़कंप मचा दिया। तब आज एसडीएम श्रीकांत विश्वकर्मा के पुन प्रयास के चलते डाक बंगले पर पूर्व प्रमुख विनोद मलिक व तहसीलदार के बीच घंटो तक बात चली। जिसमें दोनों के बीच चली वार्ता सफल रही। तहसीलदार ने बताया वे सब कर्मचारियों की बैठक लेंगे और जो काम पैंडिंग पड़े हैं वे जल्द कराए जाएंगे।

पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने बतलाया कि सुरेंद्र सहरावत, बाल किशोर त्यागी और डाक्टर सुभाष नसीरपुर के समक्ष तहसीलदार से हुई वार्ता सफल रही। हमारी जो जायज मांगे थी वे मान ली गयी। इसलिए वे 12 फरवरी की महापंचायत स्थगित करते हैं। बुढ़ाना तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव और हमारे बीच अब कोई भी मनमुटाव नही है।

# जौली में हुआ मजलिसे चेहल्लुम का आयोजन

**भोपा।** गांव जौली मे स्थित करबला परिसर मे इमाम सज्जाद अलैहिस्सलाम के रोज़े में मजलिस ए चेहलुम का हुआ आयोजन रविवार को किया गया।

जिसमे मर्सियाखानी शादाब हुसैन व साथियो ने की व पेशखानी तकी बादशाह ने की।

स्वर्गीय फाजिल हुसैन के चेहल्लुम के अवसर पर आयोजित मजलिस मे लखनऊ से आये मौलाना हबीब हैदर आब्दी ने अपने सम्बोधन में कहा की देश प्रेम की भावना से प्रत्येक ज़रूरत मंद की मदद करें। तथा कुरआन की आयत पढ़ते हुए अबाबील नामक पक्षी का उदाहरण देते हुए कहा की सच्चाई की सहायता के लिए अल्लाह पक्षियों को मदद का माध्यम बना देता है।मजलिस में इमाम हुसैन पर हुए जुल्म को भावपूर्ण बयान करने पर उपस्थित जन ज़ार कतार रोने लगे। मजलिस के उपरांत फातिहा खानी हुई। मजलिस में तिस्सा, बेलड़ा ,रहकडा, मुझेड़ा, हाशिमपुर, संधावली, मेरठ, से आए व्यक्तियों ने शिरकत की। मुख्य रूप से काशिफ अली, सैफ अब्बास, इजहार हुसैन, शाहनवाज ज़ैदी, शबाब आलम, एडवोकेट हसीन हैदर, सपा राष्ट्रीय प्रवक्ता अली अब्बास काजमी, मौलाना अली मेंहदी, मौलाना जकी काजमी, प्रधान जौली साजिद कुरैशी, पूर्व प्रधान जावेद असगर, असरम, आदि मौजूद रहे।

## एक वर्ग विशेष को नए आयोजनों की मिल रही अनुमति

**बुढ़ाना।** स्थानीय पुलिस और प्रशासन का दोहरा चेहरा उजागर हो रहा है। आखिर किसके इशारे पर पुलिस प्रशासन एक वर्ग विशेष के लोगों को नये नये आयोजनों की अनुमति अविलंब दे रहा है जबकि दूसरे समुदाय के लोगों को राजनेतिक या अराजनैतिक पार्टी के कार्यक्रमों की अनुमति नहीं मिल पा रही। इसे लेकर कस्बे और क्षेत्र के संभ्रांत लोगों में पुलिस प्रशासन के इस दोहरे रवेय्ये को लेकर भारी रोष है।

सुत्रों के मुताबिक शासन की गाइड लाइंस है कि नये आयोजनघ या नई परम्परा पूरे प्रदेश में कतई ना हो लेकिन बुढ़ाना कस्बे व क्षेत्र में कई दिनों से देखा जा रहा है कि जो कार्यक्रम या सम्मेलन यहां पर कमी हुए ही नहीं वे करवाए जा रहे हैं जबकि दूसरे समुदाय के लोगों को धमकाया जा रहा है। उनको परमिशन नहीं दी जा रही। चक्कर भी कटवाए जा रहे हैं जबकि ये लोग कोई बड़ा आयोजन नहीं कर रहे बस अपनी अपनी पार्टियों के छोटे बड़े कार्यक्रम वो भी किसी के घेर या बड़े मकान में करने को आफिसों के चक्कर काट रहे हैं। प्रशासन को ऐतराज है तो किसके तहत है या इसके लिए प्रशासन पर कौन प्रेशर डाल रहा है जो दूसरे समुदाय के कार्यक्रम होने ही नहीं दे रहा है। कस्बे व क्षेत्र में रोजाना कहीं ना कहीं सम्मेलन या कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं लेकिन दूसरे समुदाय का कोई भी कार्यक्रम होने नहीं दिया जा रहा।

अभी 26 जनवरी पर डाक्टर सोनू कश्यप ने अपने नेतृत्व में बुढ़ाना कस्बे में तिरंगा यात्रा निकाली लेकिन इसी दिन आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी की तिरंगा यात्रा को बुढ़ाना में होने नहीं दिया गया। आरोप है कि उनको यहां तक कहा गया कि अगर उन्होंने तिरंगा यात्रा निकाली तो उनके विरुद्ध बडी कार्यवाही होगी। क्या 26 जनवरी के दिन शासन का कोई इस तरह का आदेश था कि एक समुदाय तिरंगा यात्रा निकाल सकता है और दूसरे समुदाय के निकालने पर कार्यवाही होगी। इसी तरह इसी पार्टी ने गत माह पूर्व गांव जौला में एक मीटिंग रखनी चाही जो प्रशासन ने होने नहीं दी। अब आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी बुढ़ाना क्षेत्र में एक प्रोग्राम करने को आतुर है। जिसकी परमिशन उन्हें नहीं दी जा रही। इस तरह की सोच रखने वाले अधिकारी क्या किसी के इशारे पर काम रहे हैं यह उच्च अधिकारियों को देखना होगा। वैसे इस संबंध में सोमवार को कुछ लोग डीएम से मिलेंगे।

# न्यू वैल्किन पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन

**भोपा।** जट मुझेड़ा स्थित न्यू वैल्किन पब्लिक स्कूल में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष विनय कुमार , उपाध्यक्ष के0 के0 आनंद , प्रबंधक दुष्यंत कुमार , प्रधानाचार्य मनीष कुमार द्वारा माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कक्षा 11वी व 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

सर्वप्रथम कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं का विद्यालय के प्रवेश द्वार में स्वागत तिलक लगाकर वह फूलों के द्वारा किया गया। विदाई समारोह का प्रारंभ 11वीं कक्षा की छात्राएं वंशिका, शगुन चौधरी ने किया। कक्षा 11 की शगुन चौधरी, अवनी व इशिका, हरनीत कौर ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा 12 की तनु तोमर, खुशी, अक्षी ने भी सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कक्षा 12वी के छात्र पवित्र राठी ने पुशअप में विजयी रहे। कार्यक्रम में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमे बैलून ब्लू हेड, मेक टाई, बॉयज विएर सारी, रेप दा राईट, रैंप वाक, पास दा रिंग आदि सम्मिलित थे। मिस्टर फेयरवेल पवित्र राठी तथा मिस फेयरवेल खुशी रहे। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों को उपहार भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी। स्कूल के उपाध्यक्ष केके आनंद , प्रबंधक दुष्यंत कुमार, प्रधानाचार्य मनीष कुमार ने 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहां कि माता पिता के बाद स्कूल में ही बच्चों को संस्कार मिलते हैं । उन्होंने विद्यार्थियों को उनकी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरंतर कठिन परिश्रम एवं अनुशासन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। बोर्ड परीक्षाओं के लिए उनका मार्गदर्शन भी किया। सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं ने भी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।



भोपा: विदाई समारोह में शामिल शिक्षक व छात्र-छात्राएं।

## महिला ने पति की आत्महत्या की आशंका जताकर दौड़ाई पुलिस

**भोपा।** बेलड़ा नहर पुल पर बैग को रखा देख महिला ने पति द्वारा नहर मे कूदकर आत्महत्या करने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरो की सहायता ली गयी जिसमे व्यक्ति बैग को छोड़कर आगे जाता नजर आया है।भोपा थाना क्षेत्र के गांव धीराहेडी निवासी ममता ने रविवार की दोपहर बेलड़ा पुल पर पति द्वारा आत्महत्या करने की आशंका जताते हुए विलाप करना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस को ममता ने बताया की पति योगेन्द्र घर से बैग लेकर चला था जो बैग अब नहर पुल पर मिला है महिला ने पति के नहर मे कूदकर आत्म हत्या करने की आशंका जताते हुए मदद की गुहार लगाई।थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने आस पास लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज देखी जहां योगेन्द्र बैग को पुल पर रख छोड़ पैदल आगे जाता दिखाई पड़ा। पति को जीवित देख पत्नी ने राहत की सांस ली तथा पति की बरामदगी को पुलिस से मदद की गुहार लगाई है।

# 21 लोगों ने अपनी स्वेच्छा से किया रक्तदान

**बुढ़ाना।** रविवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र की सफीपुर पटी में स्थित मदीना मस्जिद के भव्य परिसर में सर्वोदय जन कल्याण समिति शामली के बैनर तले एक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। जिसमें एआर फार्मेसी हैल्थ केयर लुहसाना रोड सफीपुर पट्टी के पूरे स्टाफ का सराहनीय सहयोग देखने को मिला। इस भव्य रक्तदान शिविर का उद्घाटन अपने कर कमलों द्वारा बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला मिर्दगान में स्थित कूबा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती आस मौहम्मद कासमी ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रक्तदान का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इससे जीवन बचाया जा सकता है। कई बीमारियों में रक्त चढ़ाने की आवश्यकता होती है। जिनमें कैंसर, गंभीर एनीमिया और गंभीर चोटें शामिल हैं। आपातकालीन स्थिति में रक्त




चढ़ाना जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर साबित हो सकता है। चूंकि रक्त को बनाया या संश्लेषित नहीं किया जा सकता इसलिए इसे दाताओं से प्राप्त करना आवश्यक है। इसलिए रक्तदान करके आप जरूरतमंद लोगों की सहायता कर सकते हैं और यहां तक कि जीवन भी बचा सकते हैं। रक्तदान से हृदय रोग का खतरा कम होता है। यहां डाक्टर अंसार रंगरेज, डाक्टर जैद ठाकुर, डॉक्टर समीर व समाजसेवी सोनू सहित अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# राष्ट्रीय किन्नर संघ की मेराज जहां बनी राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रदेश प्रभारी

**मुजफ्फरनगर।** मल्लूपुरा राष्ट्रीय किन्नर संघ के राष्ट्रीय कार्यालय मल्लूपुरा में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के अधिकारों, सम्मान और सामा. जिक भागीदारी को मजबूत करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में संगठन के विस्तार और नेतृत्व को और प्रभावी बनाने के लिए अहम निर्णय लिए गए इस दौरान सर्वसम्मति से मेराज जहाँ को राष्ट्रीय किन्नर संघ की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया। उन्हें संगठन की नीतियों को आगे बढ़ाने, किन्नर समाज की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने और प्रदेश स्तर पर संघ को सशक्त बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई

बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष नाजिम बाजी ने की, जबकि कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष



विपिन कैमरी विशेष रूप से मौजूद रहे।

दोनों नेताओं ने मेराज जहाँ को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा समाज के हितों की आवाज प्रभावी ढंग से उठाई जाएगीबैठक में समाज के उत्थान, शिक्षा, रोजगार और कानूनी अधिकारों को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया तथा भविष्य की कार्ययोजना तय की गई

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



## चरथावल बस स्टैंड तिराहे पर हर तीसरे-चौथे दिन लगता है जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** चरथावल मार्ग स्थित बस स्टैंड के तिराहे पर जाम अब रोजमर्रा की समस्या बनता जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार यहां हर तीसरे-चौथे दिन भीषण जाम लग जाता है, जिससे घंटों तक यातायात बाधित रहता है। जाम में फंसकर राहगीर, स्कूली बच्चे, मरीज और नौकरीपेशा लोग खासे परेशान होते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि तिराहे पर ट्रैफिक सिग्नल न होने, स्थाई ट्रैफिक व्यवस्था के अभाव और बस स्टैंड के पास अव्यवस्थित तरीके से खड़े वाहनों के कारण यह स्थिति बार-बार बनती है। बसें, ई-रिक्शा, ऑटो और निजी वाहन एक साथ निकलने की कोशिश करते हैं, जिससे चारों ओर अफरा-तफरी मच जाती है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि चरथावल बस स्टैंड पर यह समस्या कोई नई नहीं है। कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई स्थाई समाधान नहीं किया गया। लोगों का कहना है कि यदि इस तिराहे पर ट्रैफिक सिग्नल लगाया जाए और ट्रैफिक पुलिस की नियमित तैनाती हो तो जाम से काफी हद तक राहत मिल सकती है। जाम की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर अस्थाई रूप से यातायात सुचारु करा देती है, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर वही हालात बन जाते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि थाना भवन.चरथावल मार्ग के इस व्यस्त तिराहे पर स्थाई ट्रैफिक प्लान तैयार किया जाए, ताकि लोगों को बार-बार जाम की समस्या से न जूझना पड़े।

# बाइक की टक्कर से 12 वर्षीय दिव्यांग की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** रविवार की शाम थाना भवन क्षेत्र के ग्राम कादर गढ़ में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 12 वर्षीय बालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान उवेश पुत्र गुलफाम (उम्र 12 वर्ष), निवासी ग्राम कुल्हेड़ी, थाना चरथावल, जनपद मुजफ्फरनगर के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि उवेश जन्म से ही बोलने और सुनने में असमर्थ था तथा मंदबुद्धि भी था। वह इस तरह कभी-कभी घर से बिना बताए निकल जाता था। इसी तरह वह आज भी घर से निकला था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उवेश थाना भवन थाना क्षेत्र के गांव कादरगढ़ में किसी कार्यक्रम में खाना खाने के बाद बाहर निकला था। उसी दौरान किसी अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने उसे टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद राहगीरों ने घायल अवस्था में बालक को उठाकर सीएचसी थाना भवन में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। काफी देर तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने सोशल मीडिया पर फोटो साझा कर शिनाख्त कराने का प्रयास किया, जिसके बाद परिजन सीएचसी थाना भवन पहुंचे और बालक की पहचान की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामे की कार्रवाई शुरू कर दी। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई और न ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था।



# वीडियो वायरल कर युवक ने की आत्महत्या, कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर में एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। युवक ने आत्महत्या से पहले एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था, जिसमें उसने कैराना निवासी दो सगी बहनों और उनके माता-पिता पर लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है और गांव में शोक की लहर व्याप्त है।

गांव मलकपुर निवासी 32 वर्षीय जुनैद पुत्र शराफत ने शनिवार को एक वीडियो वायरल करते हुए अपनी पीड़ा बयां की थी। वीडियो में युवक ने बताया कि कैराना निवासी दो



सगी बहनें और उनके माता-पिता उसे लंबे समय से परेशान कर रहे थे। आरोप है कि दोनों बहनें और उनके माता-पिता बार-बार पुलिस कार्रवाई कराने की धमकी देते थे, जिससे वह मानसिक तनाव और भय के साए में जी रहा था। युवक ने वीडियो में यह भी कहा कि वह लगातार दबाव में था और इससे उबर नहीं पा रहा था। बताया गया कि इसी मानसिक प्रताड़ना से आहत होकर जुनैद ने शनिवार को फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद जब मृतक का शव गांव पहुंचा तो परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गमगीन माहौल में मृतक को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, रिश्तेदार और परिचित मौजूद रहे। हर आंख नम थी और हर जुबान पर यही सवाल था कि आखिर एक युवक को इतना मजबूर क्यों होना पड़ा। पीड़ित परिजनों का कहना है कि जुनैद बेहद सीधा-सादा और मेहनती युवक था, लेकिन लगातार मिल रही धमकियों और मानसिक दबाव के कारण वह अंदर ही अंदर टूट चुका था। पीड़ित परिवार ने दोनों सगी बहनों और उनके माता-पिता के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित परिजनों की तहरीर पर मुक. दमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।मामले में कार्यवाहक थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि पीड़ित परिजनों की ओर से तहरीर प्राप्त हो गई है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## मामूली विवाद में पड़ोसियों ने मां-बेटे को पीटा, दोनों घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव जसाला में रविवार को मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। आरोप है कि पड़ोस के कई लोगों ने मिलकर एक महिला और उसके बेटे पर लाठी-डंडों से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया।गांव जसाला निवासी महिला बालेश पत्नी मुकेश ने बताया कि पड़ोसियों से उनकी पुरानी रंजिश चली आ रही है। इसी रंजिश के चलते आरोपी आए दिन उनके साथ छींटाकशी करते रहते हैं। रविवार को जब वह अपने घर के बाहर सफाई कर रही थी, तभी आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी।महिला के पुत्र विपिन द्वारा विरोध करने पर आरोपी और उग्र हो गए और उन्होंने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे मां-बेटा दोनों घायल हो गए। आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।घायलों ने उपचार के बाद थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# घर में घुसकर महिला से मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** मोहल्ला खेल निवासी राबिया पत्नी नसीम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसका देवर खालिक उससे पूर्व से ही रंजिश रखता है। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते रविवार को करीब 11 बजे खालिक अचानक उसके घर में घुस आया और बिना किसी कारण के गाली-गलौज करने लगा। पीड़िता ने जब इसका विरोध किया और उसे ऐसा करने से रोका तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के दौरान उसे गंभीर चोटें आईं। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। घटना के बाद परिजनों ने घायल महिला को संभाला और उसे थाने ले जाकर पूरे घटनाक्रम से पुलिस को अवगत कराया। पीड़िता ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो सके। मामले में कार्यवाहक थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर प्राप्त हो गई है। तहरीर के आधार पर मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।









# एसडीएस कॉन्वेंट में 12वीं के विद्यार्थियों को समर्पित विदाई एवं आशीर्वाद समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** एसडीएस कान्वेंट स्कूल में रविवार को कक्षा बारह के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष आशीर्वाद एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष लोकेश तोमर, प्रबंधक पाल आर्य एवं प्रधानाचार्य सतीश भटनागर द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में जूनियर छात्र-छात्राओं ने सीनियर विद्यार्थियों का रोली व तिलक लगाकर तथा रक्षासूत्र बांधकर स्वागत किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें नृत्य, गायन एवं खेल प्रदर्शन शामिल थे। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों एवं शिक्षकों का मन मोह लिया। प्रबंधक पाल आर्य ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को तकनीक का सकारात्मक उपयोग करने की सलाह देते हुए कहा कि मोबाइल और लैपटॉप जैसे उपकरणों का प्रयोग ज्ञान प्राप्ति एवं व्यक्तित्व विकास के लिए करना चाहिए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

प्रधानाचार्य सतीश भटनागर ने विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं और अनुशासन, परिश्रम तथा सम्मान के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह के अंत में विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों का आशीर्वाद लिया तथा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सुमित कुमार, ऋतिक कुमार, प्रदीप शर्मा, आकाश तोमर, रवि, आदित्य शर्मा, सिया, हरप्रीत, अमनदीप, श्रुति बंसल, खुशी बंसल, हिमांशी मालिक, राधिका शर्मा, ओम सिंह, पंकज गर्ग, अलका सैनी, मोहित गर्ग, चेतना, रुचि, संस्कार सिंघानिया सहित समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों का सहयोग रहा।

# मदरसा नूरिया का सालाना इस्लाही कार्यक्रम संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे के मदरसा नूरिया में रविवार को सालाना इस्लाही द्धसुधारात्मकऋ कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के दौरान मदरसे में संचालित शैक्षिक व तरबियती व्यवस्था की जानकारी दी गई। बताया गया कि मदरसा नूरिया में आलिम कोर्स, हिफ्ज व नाजरा के साथ-साथ हिंदी, अंग्रेजी एवं दो वर्षीय प्रशिक्षण पाठ्ड्क्रम की शिक्षा दी जा रही है, जिससे छात्राओं का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर जानकारी दी गई कि सत्र के दौरान मदरसे की पांच छात्राओं ने अपनी शिक्षा पूरी की है। इनमें शबनम पुत्री मुनीर, कहकशा पुत्री सबीर, नाजिया पुत्री इनाम, सुमैया पुत्री इंतजार तथा सादिया पुत्री शाहिद शामिल हैं। सभी छात्राएं झिंझाना की निवासी हैं। छात्राओं की सफलता पर मदरसा परिवार व अभिभावकों में हर्ष का माहौल रहा। कार्यक्रम में बतौर अतिथि मौलाना शकील, मौलाना आबिद, मौलाना जियाउलहक, कारी वकीलुर रहमान एवं मुफ्ती आजम ने शिरकत की। वक्ताओं ने छात्राओं को मुबारकबाद देते हुए कहा कि आज के दौर में तालीम के साथ अच्छी तरबियत और नैतिक मूल्यों का होना बेहद जरूरी है, तभी एक बेहतर समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम का समापन दुआ के साथ किया गया। मदरसा प्रबंधन की ओर से सभी अतिथियों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

## प्रथम यज्ञ रायफल्स क्लब में संपन्न

**शामली।** शहर के आर्यसमाज मंदिर शामली के तत्वावधान में आयोजित ऋषि बोध उत्सव श्रृंखला का प्रथम यज्ञ रविवार को करनाल रोड स्थित शामली रायफल्स क्लब में संपन्न हुआ। कार्यक्रम मुकेश चौधरी के निवास स्थान पर आयोजित किया गया।यज्ञ का संच. ालन सुदेशपाल आर्य पुरोहित के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर आर्य जगत के भजन गायक कुलदीप आर्य ने भजन एवं प्रवचनों के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को वैदिक विचारों से अवगत कराया। इस अवसर पर यजमान मुक. ेश चौधरी को सत्यार्थ प्रकाश ग्रंथ भेंट किया गया। कार्यक्रम में आर्यसमाज के संरक्षक रघुवीर सिंह आर्य, प्रधान सुभाष गोयल आर्य, मंत्री नितिन वर्मा आर्य, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र आर्य, मीरा वर्मा, रामकुमार गुप्ता, गिरधारी लाल गोयल, यशपाल पवार, कमला आर्या, संतोष आर्या, सुनीता पाल, पूनम आर्या, सुषमा आर्या, कौशल्या आर्य उपस्थित रहे।

# बाबा दयाल शाह व भानशाह महाराज के स्मरण में निकाली कलश यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** तपोमूर्ति वृह्मलीन सती बाबा दयाल शाह महाराज एवं सति बाबा भानशाह महाराज की पुण्यतिथि के उपलक्ष मे प्राचीन दयाल आश्रम मे आयोजित 475 वे महाशिव रात्री महोत्सव पर आयोजित राम कथा के प्रथम दिन बैड़ बाजो के साथ क्लश शोभाय शोभायात्रा निकाल कथा स्थल पर कलश स्थापना के साथ राम कथा को शुभारम्भ करते हुए कथा व्यास मनोज जी महाराज ने कहा सनातन के प्रत्एक घर में राम का चिंतन ओर रामायण का मनन होना चाहिए विश्वास एक छोटा सा शब्द है ,बोलो तो एक सेकेंड लगता है, सोचो तो एक मिनट लगता है, समझो तो एक दिन लग जाता है पर साबित करने में पूरी जिंदगी लग जाती है थोड़ी सी लाप.



रवाही से कितनी भयंकर बर्बादी हो जाती है ।यह कलयुग चल रहा है इसलिए ए विचार छोड़,दीजिए की बिना स्वार्थ लोग आपसे रिश्ता रखेंगे या काम करेंगे ।जो व्यक्ति अपने वर्तमान को बिगाड़ लेता है उसका भविष्य स्वयं ही धुंधला हो जाता है आदर्श सन्यासी होने की अपेक्षा एक आदर्श गृहस्थ होना अधिक कठिन है ।जीवन की सारी समस्याएं हमारे मन और मन पर पड़ने वाले प्रभाव पर निर्भर करती है। यदि हम अपने मन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने दें तो उन बातों का कोई मूल्य नहीं है आज से हम अपने मन को किसी भी व्यर्थ की बातों के प्रभाव से मुक्त रखने का प्रयास करे और अपने कर्म पथ पर चलते हुए प्रभु चिंतन में मन लगाए ।क्योंकि भजन ही जीवन का सार है। शंकर भगवान कहते है उमा कहूं मैं अनुभव अपना सत हरी भजन जगत अब सपना।अत: हमको राम कथा को जीवन में उतर कर उसको व्यवहार में लाना चाहिए। उन्होने कहा जब हम अपनी चिंता को चिंतन मे, आस्था को विश्वास में परिवर्तित कर देते है तो भगवान हमारे संघर्ष को आशीर्वाद मे परिवर्तित कर देते है इससे पूर्व दयाल आश्रम से बैड़ बाजो के साथ 108 कलशो की नगर परिक्रमा शोभा यात्रा निकाली गई शोभा यात्रा का नगर मे स्थान स्थान पर श्रृध्धालु नर नारियो ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया नगर परिक्रमा के पश्चात दयाल आश्रम कथा स्थल पर धार्मिक अनुष्ठानो के साथ कलश स्थापित किए गए कार्यक्रम में दुर्गा महिला संकीर्तन मण्डल पानीपत व थाना भवन जय माता समिति, दयाल आश्रम ट्रस्ट के सदस्यो ने बढ चढ कर भाग लिया।

## एक नजर

### तेज रफ्तार कार बैंकट हॉल में घुसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** शहर के माजरा रोड पर एक अनियंत्रित तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बैंकट हॉल में घुस हुई। हादसा इतना भीषण था कि कार दीवार तोडते हुए अंदर घुस गई और पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के दौरान कार सवार नशे में धुत थे, जिनको गंभीर चोटे आई है। पीडित बैंकट हॉल संचालक ने पुलिस से मामले में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। गत देर करीब दो बजे शहर के माजरा रोड चौधरी चरण सिंह कालोनी से एक तेज रफ्तार थार पहुंची, जो अनियंत्रित होकर देर गार्डर मैरिज होम की बैरिकेटिंग तोडते हुए दीवार में घुस गई। हादसा इतना भीषण था कि तेज आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोगों में जाग हो गई और लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने जाकर देखा तो कार में एक व्यक्ति व एक व्यक्ति सवार थे। जिन्होने शराब को सेवन किया हुआ था और गंभीर रूप से घायल हो चुके थे। मौजूद लोगों ने घायलों को पुलिस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां घायलों की पहचान 18 वर्षीय सिद्धार्थ पुत्र कांत निवासी चौधरी चरण सिंह कालोनी, 45 वर्षीय नीटू पुत्र प्रेमपाल निवासी गोहरनी के रूप में हुई। घायलों में सिद्धार्थ की हालत नाजुक होने के कारण हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया, जबकि नीटू उपचार के बाद घर चला गया। बैंकट हॉल मालिक विकास ने बताया कि कार सवार दोनों शराब का सेवन किए हुए थे। गरीमत रही कि हादसे के समय बारातघर के गेट पर कोई नही था अन्यथा बडा हादसा हो सकता था। थार कार में हूटर भी लगा हुआ है, जो आए दिन हादसे करती रहती है। पीडित ने पुलिस ने मामले में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### रेशम उद्योग की भूमि पर गांव के लोगों का कब्जा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील के गांव भनेड़ा उद्दा में रेशम उद्योग की भूमि पर गांव के लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है इस संबंध में ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। गांव भनेड़ा उद्दा में खसरा संख्या 913 रकबा व 4760 हैकटेयर अभिलेखों में रेशम उद्योग श्रेणी 6-4 की भूमि दर्ज है जिस पर गांव के कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है आरोप है कि जब कब्जा धारी को कब्जा छोड़ने के लिए कहा जाता है तब वह झगड़े पर उतारू हो जाते हैं इस संबंध में गांव निवासी सुधीर राधेश्याम सूर्यांश योगेंद्र राजेंद्र आदि ने संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी संदीप त्रिपाठी को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

### मेंटेनेंस कार्य के चलते आज चार घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र केरटू पर मेंटेनेंस कार्य के चलते सोमवार 9 फरवरी 2026 को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार सुबह 11बजे से दोपहर 3 बजे तक संबंधित क्षेत्रों में बिजली सप्लाई बंद रहेगी। उपखंड अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि उपकेंद्र पर आवश्यक रखरखाव कार्य कराया जाना है, जिससे भविष्य में विद्युत आपूर्ति को सुचारु बनाए रखा जा सके। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि निर्धारित समय के दौरान आवश्यक कार्य पहले ही निपटा लें।

### नि:शुल्क नेत्र जांच एवं आई लुब्रिकेट ड्रॉप्स वितरण शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** लायन्स क्लब शामली सिनर्जी द्वारा रविवार को शहर के शान्तिनगर में निशुल्क नेत्र जांच एवं आई लुब्रिकेट ड्रॉप्स वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित हुआ, जिसमें क्षेत्र के करीब 105 लोगों ने नेत्र परीक्षण कराकर लाभ उठाया। शिविर में नेत्र विशेषज्ञ डॉ। श्रेय माहेश्वरी ने मरीजों की आंखों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। इस दौरान आंखों की नियमित देखभाल, समय-समय पर जांच कराने तथा बढ़ते स्क्रीन उपयोग के कारण होने वाली समस्याओं से बचाव के उपायों के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान लंबे समय तक मोबाइल, कंप्यूटर और लैपटॉप के उपयोग से होने वाली आंखों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए निशुल्क आई लुब्रिकेट ड्रॉप्स का वितरण भी किया गया। उपस्थित लोगों को बताया गया कि ए ड्रॉप्स आंखों में सूखापन, जलन, चुभन और थकान जैसी समस्याओं में राहत प्रदान करती हैं, विशेषकर एसी वातावरण में कार्य करने वाले लोगों के लिए यह उपयोगी होती हैं। मौके पर अध्यक्ष डॉ। अजय वर्मा, निशांत गर्ग, मोहित काम्बोज, तुषार धवन, भारत संगल, अनंत गुप्ता, अमन शर्मा, विश्वास तेहरी, भुवनेश, सिद्धार्थ गर्ग आदि मौजूद रहे।

### एलम में दो ट्रांसफार्मरों से कीमती सामान और तेल चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** थाना क्षेत्र में विद्युत चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। चोर बेखौफ होकर लगातार बिजली विभाग को निशाना बना रहे हैं, जिससे विभाग को भारी आर्थिक नुकसान के साथ-साथ विद्युत आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। चोरों ने एक सप्ताह पूर्व हाईटेंशन लाइन से लंबी दूरी का तार चोरी किए जाने के साथ ही ट्रांसफार्मरों को क्षतिग्रस्त कर उनमें से कीमती सामान व तेल चोरी कर लिया गया था, अब चोरों ने दो ट्रांसफार्मरों से कीमती सामान और तेल चोरी कर फरार हो गए। कस्बा एलम स्थित बिजली घर पर तैनात अवर अभियंता सुरेंद्र कुमार ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि कुछ दिन पूर्व अज्ञात चोरों ने कनियान मार्ग पर स्थित हाईटेंशन लाइन से करीब 1770 मीटर तार चोरी कर लिया था। तार चोरी की इस घटना के कारण क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई और बिजली विभाग को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी। अभी इस घटना को एक सप्ताह भी नहीं बीता था कि चोरों ने दूसरी वारदात को अंजाम दे दिया। रेलवे लाइन के किनारे स्थित खेत में लगे दो ट्रांसफार्मरों को क्षतिग्रस्त कर उनमें से कीमती सामान व तेल चोरी कर लिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर बिजली विभाग में हड़कंप मच गया।मामले को लेकर अवर अभियंता सुरेंद्र कुमार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार चोरों की तलाश शुरू कर दी है। कार्यवाहक थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार का कहना है कि विद्युत विभाग के अवर अभियंता की तहरीर मिली है। शीघ्र ही चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# मुठभेड़ में दो गोकश घायल, तीसरा फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो गौकशों को घायलावस्था में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। जबकि एक आरोपी फरार होने में सफल रहा। जनपद में अपराध नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कुतुबशेर पुलिस ने गोकशी के मुकदमे में वांछित दो गौकश अभियुक्तों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध, गोकशी, एनडीपीएस, चोरी एवं अन्य आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु पुलिस द्वारा सघन गश्त एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बीती रात 7/8 फरवरी थाना कुतुबशेर पुलिस टीम बड़ी नहर पटरी से हबीबगढ़ जाने वाले कच्चे रास्ते पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान ग्राम हबीबगढ़ की ओर से एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर संदिग्ध पीछे मुड़कर भागने लगे। पीछा किए जाने पर उनकी मोटरसाइकिल असंतुलित होकर गिर गई। खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लग गई, जिन्हें घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। तीसरा अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार कॉम्बिंग की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान नासिर पुत्र इरशाद निवासी ग्राम धलापड़ा, थाना सरसावा तथा शोबान पुत्र शमशाद निवासी हमजा कॉलोनी, थाना कोतवाली देहात (मूल निवासी ग्राम धलापड़ा, थाना सरसावा) के रूप में हुई है। पुलिस ने घायल अभियुक्तों को प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया है। इनके अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से दो अवैध तमंचे, चार जिंदा कारतूस, दो खोखा, गोकशी के उपकरण (लकड़ी का गुटका, चार चाकू, एक दाब, दो रस्सी) तथा बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद कर ली।



## संदिग्ध हालत में सड़क किनारे मिला शव

**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव खजूरवाला के निकट हाइवे किनारे सोमवार सुबह एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली कि सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव संदिग्धावस्था मे पडा है। घटनास्थल पर पहुंच कर पुलिस ने शव की तलाशी ली तो उसकी जेब से एक पर्ची मिली, जिस पर एक मोबाइल नंबर लिखा हुआ था। मिले नंबर पर संपर्क करने पर मृतक की शिनाख्त मेरठ के कृष्ण विहार निवासी पचास वर्षीय अरुण के रूप में हुई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी हो सकेगी। अभी तक मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

# नवागंतुक एसएसपी का अभिनंदन करेगी नगर शांति समिति: मौलवी फरीद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर शांति समिति की बैठक में नवांगतुक एसएसपी अभिनंदन का का स्वागत अभिनंदन करने का निर्णय लिया गया।

कलसिया रोड स्थित अध्यक्ष चयन समिति पं.जयनाथ शर्मा के आवास आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखते हुए नवांगतुक एसएसपी अभिनंदन का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया जायेगा। इस दौरान समिति के मुख्य स्वागत अध्यक्ष डा.अनुपम मलिक का स्वागत भी किया गया। बैठक में समिति अध्यक्ष अशोक गांधी, जामा मस्जिद प्रबंधक मौलवी फरीद, शीतल टंडन, मौहम्मद अहमद, मौहम्मद असद मौजूद रहे। बैठक का संचालन संयोजक ब्रित चावला द्वारा किया गया।

## बिजली के जर्जर तार बदलवाने की मांग

**सहारनपुर।** गिल कॉलोनी क्षेत्र में स्थित एक जर्जर बिजली खंभे को लेकर स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि खंभा अत्यंत पुराना व क्षतिग्रस्त अवस्था में है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस संबंध में पूर्व में संबंधित विभाग को सूचना देने के साथ-साथ सीएम पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

स्थानीय निवासियों तहसीन सिंह, रतन सिंह ठाकुर, प्रमोद उर्फ मनेन्द्र सिंह, तुषार, गुरमीत सहित अन्य लोगों ने बताया कि खंभे की स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। कॉलोनी में बच्चों व बुजुर्गों की आवाजाही बनी रहती है, ऐसे में किसी भी समय दुर्घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

# जमीनी विवाद में फायरिंग से युवक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारीगढ।** थाना बिहारीगढ़ के शिवालिक क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग और जमीन विवाद अब जानलेवा रूप लेता जा रहा है। रविवार को शिवालिक फार्म हाउस में दो पक्षों के बीच पुरानी जमीनी रंजिश को लेकर हुई तकरार कुछ ही मिनटों में गोलियों की गूंज में बदल गई। घटना में गोली लगने से शिवम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दो अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए।

मौके पर मौजूद पंकज शर्मा ने बताया कि कुछ लोग उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करना चाहते थे। इसी विवाद को लेकर विपक्षी पक्ष ने रविवार शाम करीब चार बजे उनके किराये के फार्म हाउस पर बातचीत के लिए बैठक बुलाई थी। आरोप है कि बातचीत शुरू होने से पहले ही महज दो मिनट के भीतर विपक्षी पक्ष ने धड़ाधड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोलियों की बौछार से फार्म हाउस में अफरा-तफरी मच गई। घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं ने पहाड़ों में हो रही प्लॉटिंग, जमीन फ्रॉड और खूनी संघर्ष को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इलाके में दहशत का माहौल है और लोग कानून-व्यवस्था को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं।



# शिव से बनता है जीवन सुखमयः संतोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की नकुड़ शाखा द्वारा फंदपुरी में शिव जयंती कार्यक्रमों की श्रृंखला में एक भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी ने मंगल दीप प्रज्वलित कर किया।देवबंद केंद्र की संचालिका बी.के. पारुल बहन ने परमपिता शिव परमात्मा का यथार्थ परिचय देते हुए कहा,

परमात्मा निराकार हैं, हम सबके पिता हैं और सुख-शांति-आनंद के दाता हैं। रामपुर मनिहारान से आई बी.के. संतोष बहन ने राजयोग की महिमा बताते हुए कहा कि शिव पिता से जुड़कर हम सुख-शांति प्राप्त कर जीवन को सुखमय बना सकते हैं। सहारनपुर से पधारी बी.के. रानी बहन ने आह्वान किया कि परमात्मा शिव से जुड़कर जीवन को आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्यों से भरपूर करें और चरित्र का नवनिर्माण करें।

विधायक मुकेश चौधरी ने अपने संबोधन में कहा परिवारों में आध्यात्मिक जागृति लाएँ, सनातन धर्म को जीवन में उतारें ताकि हम देश निर्माण में सकारात्मक योगदान दे सकें। कार्यक्रम का संचालन बी.के. संगीता बहन ने किया।समारोह के अंत में निर्माणाधीन प्रभु उपवन परिसर में शिव ध्वजारोहण किया गया।

तत्पश्चात सभी ने ब्रह्मा भोजन का आनंद लिया।इस अवसर पर गणमान्य नागरिक, भक्तजन और ब्रह्माकुमारी बहनों की भारी संख्या में उपस्थिति रही।



# हिन्दू सम्मेलनों में एकजुटता व आत्ममंथन पर दिया जोर







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद में आयोजित हिंदू सम्मेलनों में एकजुटता व आत्ममंथन पर जोर दिया गया।

नगर में नारायण पुरी मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत आयोजित हिंदू सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए प्रोफेसर राघवेंद्र स्वामी ने कहा कि समाज में सांस्कृतिक चेतना, संगठन की शक्ति, राष्ट्र और कर्तव्यों के प्रति जागृत होना वर्तमान समय की जरूरत है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यवाह ने संघ के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए पंच परिवर्तन विषय पर विस्तार से अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष शिवकुमार गौड़ ने की। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ किया गया। मंजू गुप्ता, कामना मित्तल, मीनाक्षी, घर संगीता गोयल द्वारा स्वागत वंदना प्रस्तुत की गई। समापन अवसर पर सुश्री निधि राणा द्वारा वंदे मातरम के सामूहिक गायन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में राकेश वीर, आशु सिंगल, मनोज मित्तल, राजकुमार गर्ग, मुकेश गोयल, अशोक पासवान, विवेक शर्मा, अजय त्यागी, प्रवीण शर्मा, अजय बंसल, अरविंद शर्मा, राजेश ओझा, पार्षद गौरव कपिल, अजय वशिष्ठ सहित अनेक लोगों का विशेष योगदान रहा। महानगर के चिलकाना रोड पर राज पैलेस में इन कार्यक्रमों में मुख्य भागवत पीठाधीश्वर आचार्य देशमुख वशिष्ठ जी महाराज ने हिंदुओं को संगठित होकर राष्ट्र की मजबूती के लिए जोर दिया। इनके अलावा पेपर मिल रोड स्थित गीता पम्प कम्पाउंड, मनोहरपुर स्थित रामलीला मैदान में भी हिंदू सम्मेलन आयोजन किया जिनमें हिंदुओं को संगठित एवं सामाजिक एकता पर बल दिया गया। इस दौरान भारी संख्या में हिंदू संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**नकुड़।** सनातन धर्म लाखों वर्षों से चला आ रहा आदि और अनंत सत्य है, जिसने हिंदू समाज को सदैव राष्ट्र और मानवता की दिशा दी है।

उक्त विचार संत प्रवर गुणचौतन्य प्रकाश ने नगर में आयोजित हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए रखे। उन्होंने कहा कि आज हिंदू समाज को संगठित होने की सबसे अधिक आवश्यकता है। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार, मंदिरों पर हमलों और पलायन की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि हिंदू समाज एकजुट नहीं हुआ तो ऐसी विभीषिकाएं कहीं भी दोहराई जा सकती हैं। शांति भारत की पहचान है, लेकिन आत्मरक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के विभाग प्रचारक आशुतोष जी ने कहा कि आरएसएस की स्थापना हिंदू समाज को संगठित और जागरूक करने के उद्देश्य से हुई थी। संघ सौ वर्षों से सेवा, संस्कार और राष्ट्र रक्षा के कार्यों में सक्रिय है और आज 40 से अधिक क्षेत्रों में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज का हिंदू डरने वाला नहीं, बल्कि संगठित और आत्मविश्वासी है।कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता ने अतिथियों का आभार जताया। सम्मेलन में आरएसएस, विश्व हिंदू परिषद सहित अनेक संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग उपस्थित रहे।

**चिलकाना।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उप्लक्ष में समिति दुमझेडा मंडल के ग्राम चौरीमंडी में भव्य एवं विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।

सम्मेलन में क्षेत्र के ग्राम चौरीमंडी, गोविन्दपुर, बैंगनी, दुमझेडा, नाल्हेड़ा, नगला आदि गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता, स्वयंसेवक एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि आचार्य रामनारायण, कार्यक्रम अध्यक्ष आत्मानंद गिरी महाराज, मुख्य वक्ता विश्व बन्धु (सह विभाग स्वयं सेवक संघ) तथा वक्ता दिनेश (जिला संघ संचालक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ) आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि आचार्य रामनारायण ने कहा कि सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए समाज में नैतिक मूल्यों, अनुशासन और देशभक्ति की भावना का होना अत्यंत आवश्यक है। वक्ता दिनेश ने कहा कि समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वयं का बोध, पर्यावरण संरक्षण तथा नागरिक कर्तव्यों का पालन अत्यंत आवश्यक है, उन्होंने उपस्थित जनसमूह से इन मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का संचालन खंडकारवाह मांगेराम द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजेन्द्र सैनी, सुरेश पंवार गोविन्दपुर, चौधरी जयपाल सिंह, संदीप प्रधान चौरीमंडी, पप्पू, संजय, भोपाल सिंह, सुखपाल, सुरेंद्र, सुशील, मोनू, शिवचरण, करेशन सैनी, राजू, विरेंद्र आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म की वीडियो बनाकर लाखों हड़पने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार क्षेत्र की रहने वाली एक विधवा महिला ने एक युवक पर नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने, शादी का झांसा देकर लंबे समय तक शारीरिक शोषण करने और करीब 20 लाख रुपये हड़पने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने एसएसपी सहारनपुर को प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता के अनुसार वह अपने जीवन यापन के लिए कार को किराये पर चलवाती थी। इसी दौरान मई 2024 में मोहित नामक युवक से संपर्क हुआ, जिसने कार को बुकिंग पर चलाने का प्रस्ताव दिया। आरोप है कि 12 मई 2024 को युवक ने नशीला पदार्थ पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी दी। आरोपी ने पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी भी दी।

महिला का आरोप है कि इसके बाद युवक लगातार उसे ब्लैकमेल करता रहा और डर के कारण वह चुप रही। आरोपी ने कई बार अलग-अलग स्थानों के होटलों में ले जाकर उसकी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक शोषण किया और वीडियो

**■ आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग**

बनाता रहा। इस दौरान आरोपी ने ऑनलाइन व नकद रूप में लगभग 10 लाख रुपये वसूल लिए।

पीड़िता के अनुसार बाद में आरोपी ने शादी का आश्वासन दिया और अपने परिवार को भी उसके घर भेजा। शादी के नाम पर आरोपी ने दोबारा करीब 10 लाख रुपये, सोने के जेवरात और एक मोबाइल फोन भी ले लिया। जब महिला ने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने मना कर दिया और उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देने लगा।

महिला का यह भी आरोप है कि दिसंबर 2025 और जनवरी 2026 में आरोपी ने कई बार उसके घर आकर मारपीट की, धमकियां दीं और सबूत मिटाने के उद्देश्य से उसका मोबाइल फोन तोड़ दिया। पड़ोसियों और परिजनों के सामने भी आरोपी ने खुलेआम धमकी दी।

पीड़िता ने बताया कि उसके पास धमकियों की कुछ ऑडियो रिकॉर्डिंग मौजूद हैं। उसने पुलिस से आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने और उसे न्याय दिलाने की मांग की है।

# दूसरी शादी कर तीन तलाक की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर निवासी पीड़िता ने अपने पति पर उसे घर से बाहर निकालने, दूसरी शादी करने तथा अब उसे तीन तलाक देने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है।

रविवार को पीड़िता अफसाना ने थाना पर तहरीर देकर बताया है कि उसकी शादी लगभग 7 वर्ष पूर्व कस्बा गंगोह के मोहल्ला मोहम्मद गौरी निवासी वसीम पुत्र नसीम से मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुई थी।आरोप है कि शादी के बाद से ही उसके पति तथा अन्य ससुरालजनों ने उसे दहेज कम लाने की बात कहते हुए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। जिस सम्बन्ध में कई बार पंचायत भी हुई लेकिन विपक्षियों के व्यवहार में कोई बदलाव नही आया।लगभग तीन वर्ष पूर्व विपक्षियों ने उसे घर से बाहर निकाल दिया। तभी से वह अपने मायके सुल्तानपुर में रह रही है। उसने दहेज उत्पीड़न के सम्बन्ध में एक मुकदमा भी विपक्षियों के खिलाफ दायर कराया था जो कि न्यायालय में प्रचलित है। पीड़िता का कहना है कि विपक्षी उसका ससुर, पति व जेठ उस पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाते रहते है। दो दिन पूर्व यह लोग उसके मायके में आये और मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने लगे यदि उसने मुकदमा वापस लेने से मना किया तो विपक्षियों ने उसके तथा परिजनों के साथ मारपीट की।

## कथा का शुभारंभ

**सरसावा।** गांव सौराना स्थित शिव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर परिसर से कलश यात्रा के साथ हुई।

इसके उपरांत कलश स्थापना की गई और कथा प्रवक्ता अजय किरण महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा का वाचन आरंभ किया। यज्ञाचार्य सचिन वशिष्ठ ने बताया कि बाबा बंशी वाले और बाबा कुटिया वाले की अनुकंपा से श्रीमद् भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक होगी।

### सूचना

मैने अपने पुत्र दिनेश कुमार को उसके कृत्यों से परेशान होकर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**सोमीलाल पुत्र स्व.भरत सिंह निवासी म.नं.366, नागल रोड, नियर रविदास मंदिर, ग्राम लाखनौर, थाना नागल, जिला सहारनपुर।**

### सूचना

हम शपथकर्ता विकास कुमार पुत्र रामू कुमार निवासी म. सं. 83, जनता रोड, वाल्मीकि कॉलोनी, सहारनपुर एवं आरती पत्नी योगेश कुमार निवासी म. सं०.3310, छिपियान, वाल्मीकि बस्ती, सहारनपुर के हैं, हम एक दूसरे के साथ पिछले काफी समय से लिव इन रिलेशनशिप में साथ रहते चले आ रहे हैं और भविष्य में भी हम एक दूसरे के प्रति खुशीपुर्वक निवर्हन करेंगे।

# स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** गोचर कृषि इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा गांव सांचलू में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन का विषय ष्स्वच्छताष् रहा।

कार्यक्रम अधिकारी विकास चौधरी के द्वारा स्वयं सेवकों को स्वच्छता के विषय में विस्तार से बताया गया।स्वयंसेवको द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया।रैली का शुभारम्भ ग्राम प्रधान एवं प्राथमिक विद्यालय सांचलु के अध्यापक अमन कुमार ने किया। स्वयंसेवको ने ष्स्वच्छता को अपनाना है, गन्दगी को दूर भगाना है ष हम सबका एक ही सपना, स्वच्छ और सुन्दर हो देश अपना ष आदि नारों के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक किया।स्वयंसेवको द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया।जिसमें गाँव की सभी गलियों, नालियों,मन्दिर परिसर, भूमिया खेडा,गोगा माहडी एंव विधालय प्रांगण को साफ किया गया। स्वयंसेवको द्वारा ग्रामवासियो को शौचालयों का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।स्वयंसेवको ने ग्राम सांचलू में एक सर्वे किया जिसमें गांव की जनसंख्या, गांव में शौचालयों की संख्या, शौचालयों से वंचित परिवारो की संख्या आदि आंकड़े प्राप्त किए गये। इस अवसर पर अमन कुमार, नितिन चौधरी,विश्वास पंवार, गौरव वर्मा, खुशी, निधि,नजमा, प्रियांशु, पायल, प्रियांशी, राधिका, शिया, सोनाक्षी, शालू,सोनम, वंशिका, अंशुल,हर्षिता पंवार आदि उपस्थित रहे।





## NAGAR NIGAM SAHARANPUR

NO 40/NIVIDA/2025-26 Date 07-02-2026

**NOTICE INVITING TENDER (NIT)**

Nagar Nigam, Saharanpur invites bid for the work mentioned below through e-Procurement in conformity with the terms and conditions of this advertisement and the detailed RFP notice in two bid system from intending bidders fulfilling the eligibility criteria mentioned in this notice and other qualifying requirements mentioned in this tender document. Bidders can participate in the bidding after registering them on E-tendering portal http://etender.up.nic.in. Bidder can download the tender documents from the portal http://etender.up.nic.in after paying the tender cost through online payment. The bidders should have necessary portal enrollment (Digital Signature Certificate) under e-procurement process of Govt. of Uttar Pradesh in required class/category. In case of any queries on this Tender documents, intending bidders may contact Executive Engineer (Civil), Nagar Nigam, Saharanpur.

| Name of the Assignment | Earnest Money Deposit (Rs) | Tender Fee with GST@18% |
|---|---|---|
| Selection of Project Management Consultant for Chief Minister Green Road Infrastructure Development Scheme (CMGRIDS) Phase-3&4, in Saharanpur, Nagar Nigam | Rs. 50,000/- | 1,180.00 |

**Time Schedule For Bidding**

| S.No | Description | Date&Time |
|---|---|---|
| 1. | Start Date for Bid Submission | 09.02.2026 TIME 11:00 AM |
| 2. | Pre-Bid Meeting | 16.02.2026 TIME 03:00 PM |
| 3. | Last Date and Time for Submission of Bid | 24.02.2026 TIME 03:00 PM |
| 4. | Date and Time for Opening of Technical Bid | 24.02.2026 TIME 04:00 PM |

1. Other details can be seen on website http://etender.up.nic.in (for view, download and bidding).
2. Subsequent corrigendum, if required, shall appear on the website.
3. Municipal Commissioner, Saharanpur reserves the right to reject any or all the tenders without assigning any reason.
4. Contractor who wants to participate in bid must register themselves on http://etender.up.nic.in.
5. For any other queries, please contact Executive Engineer (Civil), Nagar Nigam, Saharanpur. (Phone no. 8477008010). Also, for any further queries, the bidders are advised to send an email to: nirman132sre@gmail.com.

**Chief Engineer**
**Nagar Nigam,Saharanpur**

# दहशतगर्दी की दिक्षा देना देशहित में नहीं हैः नकवी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि आज के समय में देश को दारुल उलूम की नहीं बल्कि दारुल उसूल की आवश्यकता है। इस दौरान विपक्षी दलों पर भी हमला बालते हुए कांग्रेस को उन्होंने वेंटिलेटर पर बताया। पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी भाजपा के अल्पसंख्यक स्नेह संवाद कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने देश ही नहीं विश्व के सबसे बड़े इस्लामिक शिक्षण संस्था दारुल उलूम पर भी हमला बोलते हुए कहा कि वहां जो हो रहा है वह अफसोस की बात है। कहा कि किसी भी संस्थान में दहशतगर्दी शिक्षा-दिक्षा की नहीं देशभक्ति की शिक्षा होनी चाहिए। कहा जो दहशतगर्दी की दिक्षा दे रहे हैं वह देशहित और समाज में काम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा राजनीतिक पार्टी है और वह किसी समाज को अछूत नहीं मानती। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि यह पार्टी अब घर से घरोंदे और घरोंदे से घोंसले में सिमट गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का जनाधार वेंटिलेटर पर है। केंद्र सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार का तीसरा सफल कार्यकाल चल रहा है। जबकि अंहकारी गठबंधन का जनाधार लगगात सिमटता जा रहा है। कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कुंवर बासित अली, प्रदेश उपाध्यक्ष अमील शम्सी, जिलाध्यक्ष चौ. हैदर ज़ुबैर, नगराध्यक्ष मुर्तजा कुरैशी, डा. आमिर राव, अब्दुल कादिर गौड आदि शामिल रहे।

# पालिकाध्यक्ष ने किया क्रिकेट क्लब एंड एकेडमी का उद्घाटन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** क्रिकेट क्लब एंड एकेडमी का उद्घाटन पालिका चेयरमैन विपिन गर्ग एवं भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

कसिमपुरा रोड स्थित देवबंद क्रिकेट क्लब एंड एकेडमी का उद्घाटन कार्यक्रम अवसर पर नगर पालिका परिषद के चेयरमैन विपिन गर्ग ने कहा कि आज के समय में खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। खेल न केवल शारीरिक और मानसिक मजबूती प्रदान करते हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि देवबंद क्रिकेट क्लब एंड एकेडमी का उद्देश्य क्षेत्र के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि वे जनपद एवं प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने कहा कि युवाओं को नशे और गलत दिशा से दूर रखने में खेलों की अहम भूमिका है। ऐसी खेल अकादमियां समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करती हैं। उन्होंने एकेडमी प्रबंधन को इस सराहनीय पहल के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में मौजूद खिलाड़ियों ने एकेडमी की सुविधाओं और प्रशिक्षण व्यवस्था की सराहना की। उद्घाटन के दौरान क्रिकेट से जुड़े विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन भी किया गया। एकेडमी प्रबंधन ने बताया कि यहां अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा आधुनिक तकनीक से प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर फहद इकबाल, अयान अरशद आदि खेल प्रेमी व स्थानीय लोग शामिल रहे।



# पश्चिमी प्रदेश निर्माण के बिना क्षेत्र की उन्नति संभव नहींः वर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बेहतर शिक्षा एवं चिकित्सा के साथ ही विकास के लिए 26 जनपदों को मिलाकर पृथक पश्चिम प्रदेश का निर्माण आवश्यक है। तभी लोगो की मूल समस्याओं का समाधान होने के साथ ही लाभ मिलेगा।

पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा व भारतीय किसान यूनियन वर्मा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने अधिवक्ताओं से बात करते हुए उक्त विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बेहतर शिक्षा और चिकित्सा के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 जिलों को मिलाकर पृथक पश्चिम प्रदेश का निर्माण जरूरी है। प्रदेश सरकार को सबसे अधिक टैक्स देने के बावजूद भी पश्चिम प्रदेश में शिक्षा और चिकित्सा नाम मात्र को है। उत्तर प्रदेश में दो एम्स एक गोरखपुर और दूसरा रायबरेली दोनों पूर्वांचल में हैं। आईआईटी कानपुर में है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 8 करोड़ जनता को इलाज के लिए दिल्ली या चंडीगढ़ जाना पड़ता है। जहां पर स्वास्थ्य सेवाएं काफी महंगी है। और आम जनता की पहुंच से बाहर है। राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि सहारनपुर या मेरठ में एक एम्स जरूर होना चाहिए। मेरठ में आईआईटी एन आई टी आईआईएम भी होना चाहिए। जिससे यहां के युवाओं को बेहतर शिक्षा मिल सकें। केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार यहां की 8 करोड़ जनता की घोर उपेक्षा कर रही हैं। उनकी सुविधा के लिए यहां कुछ भी नहीं है। भगत सिंह वर्मा ने कहा कि 45 वर्षों से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिवक्ता गण हाई कोर्ट की बेंच की मांग को लेकर लगातार संघर्ष कर रहे हैं। संघर्ष के बावजूद भी केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार ने आज तक मेरठ में हाई कोर्ट की बेंच देना भी जरूरी नहीं समझा है। जो यहां की जनता के लिए सरासर अन्याय है। यहां के 8 करोड़ लोगों को न्याय के लिए प्रयागराज जाना पड़ता है। जिससे यहां के लोगों को सुलभ न्याय नहीं है। भगत सिंह वर्मा ने कहा कि अब समय आ गया है की सभी को मिलकर पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण के लिए संघर्ष करना होगा। पृथक पश्चिम प्रदेश बनने पर मेरठ में ही हाई कोर्ट व राजधानी होगी और यहां के शिक्षित युवाओं को रोजगार मिलेंगे। पश्चिम प्रदेश बनने पर यहां प्रति व्यक्ति वार्षिक आय देश ही नहीं दुनिया में सबसे अधिक होगी। बैठक को संबोधित करते हुए समाजसेवी रामकिशन सैनी एडवोकेट ने कहा कि अब समय आ गया है कि हम सभी को मिलकर भगत सिंह वर्मा के नेतृत्व में पृथक पश्चिम प्रदेश निर्माण के लिए संघर्ष को आगे आना होगा। पश्चिम प्रदेश बनने पर यहां के 8 करोड़ लोगों को भारी लाभ होगा। और हमारा राज्य उन्नति शील विक. लशील समस्याओं से दूर भ्रष्टाचार से मुक्त राज्य होगा। इस मौके पर समा. जसेवी कुलबीर चौधरी, प्रवेश कुमार एडवोकेट, सुधांशु कुमार एडवोकेट, मनीष कुमार एडवोकेट, युवराज शर्मा एडवोकेट, सत्येंद्र पालीवाल एडवोकेट, गौरव पवार एडवोकेट, नरेश कुमार एडवोकेट, अजीत सिंह एडवोकेट, आदि शामिल रहे।

# मां भारती के चित्र पर सामूहिक पुष्पार्चन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के टंकी रोड स्थित शिव शक्ति वाटिका में रविवार को हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में हिन्दू समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के चित्र के समक्ष सामूहिक पुष्पार्चन के साथ हुआ।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में योगी गौतम नाथ महाराज, मुख्य अतिथि रंजना राष्ट्रवादी, अरविन्द . ष्टा, कौशलेश राय तथा विश्व हिन्दू परिषद परिषद मेरठ प्रांत के प्रांत सेवा प्रमुख प्रेमजी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि योगी गौतम नाथ महाराज ने कहा कि प्रत्येक भारतीय को अपनी सनातन परंपराओं पर गर्व करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्य की विजय के लिए संघर्ष आवश्यक है और समाज को आत्मबल से सशक्त होना होगा। रंजना राष्ट्रवादी ने कहा कि संकट के समय में सामाजिक संगठनों ने सेवा कार्य किए हैं और वर्तमान समय में भी समाज को सजग रहने की आवश्यकता है। उन्होंने जातिगत भेदभाव समाप्त कर एकजुट होकर संस्कृति संरक्षण की बात कही। विशिष्ट अतिथि अरविन्द . ष्टा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना समाज में व्याप्त विभाजन को समाप्त कर समरसता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कारों से युक्त शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त किया जा रहा है। रजनीश नामदेव ने कहा कि संगठन द्वारा देशभर में हिन्दू सम्मेलनों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है, उसी क्रम में शामली में यह सम्मेलन संपन्न हुआ। इस अवसर पर जयदेव संगल, राहुल गिरी, अमित कुमार, निशु आदि मौजूद रहे।



# पुलिस रिकार्ड से सुसाईड नोट गायब होने पर जताई नाराजगी

**देवबन्द।** आत्महत्या के मामले में पुलिस रिकार्ड से मृतक का सुसाईड नोट गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनित वासवानी ने मामले में कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए आगामी 9 फरवरी को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता को पूर्ण साक्ष्य उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है।

नानौता क्षेत्र में विवाहिता द्वारा सात वर्ष पूर्व आत्महत्या करने के मामले में सरकार बनाम धर्मपाल की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनित वासवानी की अदालत में चल रही है। वाद के निस्तारण में देरी के कारण हाई कोर्ट प्रयागराज ने एडीजे अदालत को मामले के शीघ्र निस्तारण के आदेश दिए है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता देवी दयाल शर्मा ने एडीजे अदालत को बताया कि प्रकरण से संबंधित सुसाईड नोट मालखाना थाना नानौता पर तलाश किया गया परन्तु नहीं मिला। जिस पर अदालत ने एडीजीसी को आगामी 9 फरवरी को पत्रावली के लिए समस्त साक्ष्य उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। अदालत ने अपने आदेश पत्र में तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि विधि विज्ञान प्रयोगशाला रिपोर्ट संयुक्त निदेशक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला द्वारा दिनांक 18.07.2018 को ही तैयार की गई। लेकिन 07 वर्ष तक भी पत्रावली पर उपलब्ध नही करायी गयी जो अभियोजन की लापरवाही व उदासीनता को परिलक्षित करता है। उक्त के अभाव में निर्णय के लिए अभियोजन उत्तरदायी होगा।

# यूजीसी नेट में तनु शर्मा ने की 21वीं रैंक प्राप्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** यूजीसी नेट परीक्षा में तनु शर्मा ने 21 वीं रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

शिक्षा विभाग में कार्यरत प्रह्लाद शर्मा की पुत्री तनु शर्मा ने यूजीसी नेट परीक्षा में 99.96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर देश में 21 वीं रैंक प्राप्त कर देव. बंद का नाम रोशन किया है। तनु शर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता, पिता और गुरुजनों को दिया। काली कमली वाला भूतिया मंदिर सेवा ट्रस्ट की अध्यक्षा एवं तनु की माता रेखा शर्मा ने पुत्री की उपलब्धि पर हर्ष जताया। कहा कि यदि लगन हो तो सामान्य वर्ग के विद्यार्थी भी बिना आरक्षण के सफलता की सीढ़ी चढ़ सकते हैं।

# जिजौला में जनसुविधा बनी निजी दुकान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र के गांव जिजौला में चौसाना-बिड़ौली मुख्य मार्ग पर बना बस स्टैंड अब यात्रियों के बजाय निजी उपयोग में नजर आ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सार्वजनिक बस स्टैंड पर अवैध कब्जा कर भीतर मिठाई की दुकान चला दी गई है, जिससे राहगीरों और सवारियों को भारी दिक्कत उठानी पड़ रही है। मामला सामने आने के बाद ग्राम प्रधान ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है। चौसाना बिड़ौली मार्ग पर जिजौला में बस स्टैंड ग्रामीणों की सुविधा के लिए बनाया गया था, ताकि बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सुरक्षित स्थान पर खड़े होकर बस का इंतजार कर सकें। लेकिन अब हालात उलट हैं। बस स्टैंड के अंदर अस्थाई ढांचा खड़ा कर हलवाई की दुकान संचा. लित की जा रही है। चूल्हे की गर्मी, बर्तनों का ढेर और ग्राहकों की भीड़ के कारण यात्रियों के खड़े होने की जगह तक नहीं बची। ग्रामीणों का कहना है कि बसों का इंतजार कर रहे लोग अब सड़क किनारे खड़े होने को मजबूर हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है।

कई बार स्कूली बच्चे और बुजुर्ग वाहन की चपेट में आते-आते बचे हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि सार्वजनिक संपत्ति पर कब्जा कर इसे निजी कमाई का जरिया बना लिया गया है और जिम्मेदार लोग चुप्पी साधे बैठे थे। ग्राम प्रधान आदिल राणा ने बताया, मैं इस समय गांव से बाहर हूं। मुझे इस कब्जे की जानकारी नहीं थी। बस स्टैंड जनसुविधा के लिए है, किसी को वहां दुकान चलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कल ही मौके पर पहुंचकर जगह खाली कराई जाएगी।

# अंडरग्राउंड केबिल के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर में बीएसएनएल के ठेकेदार द्वारा अंडरग्राउंड केबल डालने के कार्य के दौरान दिल्ली रोड स्थित हौंडा शोरूम के सामने नगर पालिका परिषद की मुख्य पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो गई है। पाइपलाइन में लीकेज होने के कारण नगर पालिका प्रशासन ने सोमवार को निर्धारित समय तक पानी की आपूर्ति बाधित रहने की सूचना जारी की है।

शहर में पिछले कई दिनों से बीएसएनएल के द्वारा अंडरग्राउंड केबल डालने के कार्य किया जा रहा है। रविवार सवेरे ठेकेदार द्वारा शहर के दिल्ली रोड स्थित हौंडा शौरूम के सामने कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान जमीन में किए गए गडढे के कारण नगर पालिका की पानी की पाईपलाईन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। जिसके बाद पानी सडकों पर बहने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने मामले की सूचना नगर पालिका को दी। नगर पालिका परिषद के अनुसार क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य 9 फरवरी (आज) को कराया जाएगा। मरम्मत कार्य के चलते सोमवार सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक नगर क्षेत्र में पानी की सप्लाई बंद रहेगी। शहर के कई मोहल्लों में पेयजल संकट की स्थिति बन सकती है। नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे पूर्व में ही आवश्यकतानुसार पानी का संग्रह कर लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके। अधिकारियों का कहना है कि मरम्मत कार्य पूरा होते ही जलापूर्ति सामान्य कर दी जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंडरग्राउंड कार्यों के दौरान सावधानी न बरतने के कारण इस प्रकार की समस्याएं बार-बार सामने आती हैं, जिससे आम जनता को परेशानी उठानी पड़ती है।



# झूठी निकली चोरी की घटना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** गांव चंदोक निवासी अरविंद कुमार ने शनिवार की रात्रि करीब नौ बजे पीआरवी पर कॉल कर अपने घर में चोरी की सूचना दी। सूचना पर सीओ नितेश प्रताप सिंह थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की। जांच के दौरान घर में मौजूद महिलाओं ने पुलिस को बताया कि उनके घर में भात देने के लिए 24000 रुपए की नगदी रखी थी जो चोरों ने घर में घुसकर चोरी कर ली। पुलिस ने घर में छानबीन की तो नगदी घर में ही रखी पाई गई।

# धार्मिक शिक्षा केंद्र में वार्षिक मूल्यांकन सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** स्थानीय मोहल्ला सलारा शेखामेदान स्थित धार्मिक शिक्षा केंद्र मदरसा तालीमुल कुरआन में रविवार को छात्र-छात्राओं का वार्षिक मूल्यांकन आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों की धार्मिक ज्ञान, पाठन कौशल एवं स्मरण शक्ति का आकलन किया गया।

मूल्यांकन में जामिअतुस सालिहातुत तययिबात के प्रबंधक मौलाना तययिब कधसिमी, मौलाना वसीकउ, हाफिज अय्यूब तथा मुफ्ती अनवर शाह कधसिमी ने परीक्षक की भूमिका निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों का मूल्यांकन करते हुए उनके भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक प्रार्थना की गई। उपस्थित अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने संस्था प्रबंधक कधरी इरशाद गोंगवान को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। संस्था प्रशासन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।



# छात्र-छात्राओं के लिए फेयरवेल समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सर्वोदय सीनियर सेकेंड्री स्कूल कसेरवा कलां में रविवार को इंटर के छात्र-छात्राओं के सम्मान फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य सतेन्द्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में सुरुचि देशवाल को मिस फेयरवेल और उवेश मलिक को मिस्टर फेयरवेल घोषित किया गया। दोनों विजेताओं को चेयरमैन रामपाल सिंह, शिवानी, कमलकांत वत्स ने आशीर्वाद देते हुए सम्मानित किया। सभी छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान स्कूल की ओर से सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र भी दिए गए। मोके पर शालू, स्वाति, विकास कुमार, सोनी, निखिल कुमार, पूजा, भावना, अंजलि, हिमांशी, आलका, निकिता आदि मौजूद रहे।

# 65 हजार रुपये की धोखाधड़ी का मामला महिला ने झाड़-फूंक के नाम पर ठगी की शिकायत दर्ज कराई

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के गांव रोटन की एक महिला ने झाड़-फूंक और अंधविश्वास के नाम पर हुई लाखों रूपए की धोखाधड़ी व धमकी की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, कुछ व्यक्तियों ने उसके बच्चे को श्वुरी नजरश या श्वीमारीश से ग्रस्त बताकर डर का माहौल बनाया और बड़ी रकम ऐंठ ली। पीड़िता राशिदा पत्नी सत्तार के अनुसार, रजिया, ते "यब व इकराम नाम के तीन व्यक्तियों ने उसके घर और बच्चे के स्वास्थ्य को लेकर भ्रम फैलाया। उन्होंने बच्चे का इलाज करने के नाम पर तीन किश्तों में कुल 65 हजार रूपए 10,000, 15,000 और 40,000 रूपए वसूले। महिला का आरोप है कि पैसे लेने के बाद भी आरोपी न तो बच्चे को कोई सही देखभाल कर पाए और न ही रकम लौटा रहे हैं। राशिदा ने बताया कि जब उन्होंने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने उन्हें गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। यहां तक कहा कि अगर दोबारा पैसे मांगे तो तुम्हारा भी वही हाल होगा। इस घटना के बाद पीड़िता ने झिंझाना थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है और तथ्यों की पुष्टि के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# उधार के रुपए मांगने पर दुकानदार से मारपीट, थाने पर शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के नई बस्ती मोहल्ला निवासी फुरकान पुत्र मांगा ने रविवार को थाने पर तहरीर देकर पड़ोसी पर उधार के रूपए मांगने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस से मामले में कार्रवाई की मांग की है।

तहरीर में फुरकान ने बताया कि वह कस्बे में कपड़े की दुकान करता है। आरोप है कि उसके पड़ोसी सलीम पुत्र जानू ने कुछ समय पूर्व उससे 72 हजार 250 रूपए का कपड़ा उधार लिया था। कई बार रूपए मांगने के बावजूद आरोपी टालमटोल करता रहा। रविवार को जब पीड़ित अपने रूपए मांगने आरोपी के घर पहुंचा तो इस बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी दौरान सलीम ने अपने परिवार के कई लोगों के साथ मिलकर फुरकान के साथ मारपीट कर दी। शोर शराबा होने पर आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया और मामला शांत कराया। घटना के बाद पीड़ित थाने पहुंचा और पूरे घटनाक्रम से अवगत कराते हुए तहरीर सौंपी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में कार्यवाहक थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की निष्पक्ष जांच कराई जा रही है और जांच के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# बाबा पानप दास समाधि स्थल पर मेला

**धामपु।** बाबा पानप दास समाधि स्थल पर बाबा पानप दास जी की 253 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर मेले का आयोजन किया गया। मेले में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने जिले एवं कई प्रदेशों से आकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया। महंत ओम दास ने बताया कि मेले में श्रद्धालु प्रसाद चढ़ाते हैं, अपनी मंनत मांगते हैं और अपनी मन्नतें पूरी होने पर अपने बच्चों का मुंडन मेले में आकर करते हैं। मेले में बड़ी संख्या में खेल खिलौने और महिलाओं की श्रृंगार, सामग्रियां एवं चाट पकौड़ी बिकती हैं, जिसे खाकर श्रद्धालु आनंद उठाते हैं। मेले में प्रसाद बेचने वाले बड़ी दूर-दूर से आकर प्रसाद बेचते हैं।

समाधि स्थल पर महंत लोग बाबा पानप दास की वाणी सुनाते हैं। श्रद्धालु बाबा पानप दास की वाणी सुनकर उनके आदर्श को अपने जीवन में उतारने का संकल्प करते हैं। मेले में महंत श्रद्धालुओं को प्रसाद देते हैं। श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाते हैं। मेले में महंत ओम दास, उपमहंत विक्रम दास, ज्ञान दास, अशोक दास, हरिदास, पुष्पेंद्र दास आदि रहे। मेले की व्यवस्था बनाने में सचिव महेंद्र सिंह, ठाकुर अभय कुमार सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, हरिकांत सुमन का योगदान रहा। मेले में बड़ी संख्या में पुलिस व्यवस्था बनाने में लगी रही।

# हादसे में ताऊ-भतीजे की मौत से मचा कोहराम

## शादी की खुशियों पर काल की टक्कर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नहटौर-झालू मार्ग पर शनिवार देर शाम हुए एक हृदयविदारक सड़क हादसे ने शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया। थाना नहटौर क्षेत्र के ग्राम सैदपुर बिलाई के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार ताऊ और भतीजे की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ग्राम से लेकर परिवार तक शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम खजूरा जट निवासी सतवीर सिंह (48 वर्ष) पुत्र अमन सिंह और उनका भतीजा भानू (25 वर्ष) पुत्र संजीव शनिवार को बिजनौर से एक शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक नहटौर-झालू मार्ग पर सैदपुर बिलाई के पास पहुंची, सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार हवा में उछलकर सड़क पर गिर पड़े। मौके पर मौजूद लोग दृश्य देखकर सहम गए। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि बाइक भानू चला रहा था और उसने हेलमेट नहीं पहना हुआ था। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरों में हादसा कैद हो गया है, जिसके आधार पर फरार कार चालक की तलाश की जा रही है। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद दोनों का अंतिम संस्कार गंगा बैराज पर किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और हर आंख नम नजर आई। परिजनों के अनुसार सतवीर सिंह तीन भाइयों में दूसरे नंबर के थे, जबकि भानू उनके छोटे भाई संजीव का बेटा था। भानू पूर्व में नूरपुर में शिक्षक रह चुका था और वर्तमान में अपने पिता के साथ खेती कर रहा था। वह अपने पीछे पत्नी, एक बेटा, एक बेटी और माता-पिता को छोड़ गया है, जिनके सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया।

# सड़क सुरक्षा दिवस मनाया

**चांदपुर।** ग्राम केलनपुर स्थित किसान इंटर कॉलेज केलनपुर में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सड़क सुरक्षा दिवस मनाया। इस दिवस पर सर्वप्रथम माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप जलाकर शुभारंभ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। समाजसेवी चौधरी वीर सिंह ने बच्चों को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि दो पहिया वाहन बिना हेलमेट लगाए न चलाये तथा चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट लगाए। साथ ही वाहन चलाते हुए नशा न करे, मोबाइल पर बात न करे, लाल और हरी बत्ती भी ध्यान रखते हुए वाहन चलाये। चौधरी वीर सिंह ने बच्चों को बच्चों का झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर किसान इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नीरज शर्मा तथा कोपल रस्तोगी प्रधानाचार्य राजकीय कन्या इंटर कॉलेज लो. हरपुरा, विपिन कुमार आदि उपस्थित रहे।

# शिविर के दूसरे दिन सफाई अभियान

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के कार्यक्रम अधिकारी मौहम्मद आरिफ एवं डा. उदिता राजपूत द्वारा द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। आज का यह द्वितीय एक दिवसीय शिविर स्वच्छता अभियान को समर्पित किया गया।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### सर्विसेज ने 8वां खिताब जीता फाइनल में केरल को हराया

**ढाकुआखाना, वार्ता।** सर्विसेज़ ने रविवार को खचाखच भरे ढाकुआखाना फुटबॉल स्टेडियम में संतोष ट्रॉफी 2025-26 के लिए 79वीं नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप के रोमांचक फाइनल में केरल को 1-0 से हराया। यह आठवीं बार था जब उन्होंने अपने उतार-चढ़ाव भरे इतिहास में भारतीय फुटबॉल का पवित्र खिताब जीता। स्ट्राइकर अभिषेक पवार ने 109वें मिनट में तनावपूर्ण मुकाबले का एकमात्र गोल किया, रेगुलेशन और एक्स्ट्रा टाइम के पहले हाफ में कोई गोल नहीं हुआ था। चैंपियनशिप के इतिहास में यह सिर्फ दूसरी बार था जब ये दोनों टीमें फाइनल में भिड़ीं। वे आखिरी बार 2012-13 एडिशन के फाइनल में कोच्चि में मिली थीं, जब सर्विसेज ने पेनल्टी शूट-आउट से 4-3 से जीत हासिल की थी।

### सात्विक-राधिका शर्मा ने जीता मिक्स्ड डबल्स खिताब

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की उभरती हुई महिला सिंगल्स खिलाड़ी देविका सिहाग ने रविवार को बाकू में अजरबैजान इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में इंटरनेशनल सर्किट पर अपना लगातार दूसरा टाइटल जीता, जबकि सात्विक रेड्डी के और राधिका शर्मा ने मिक्स्ड डबल्स का टाइटल जीता। देविका, जो पिछले हफ्ते थाईलैंड मास्टर्स में बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 300 टाइटल जीतने वाली सिर्फ तीसरी भारतीय महिला सिंगल्स खिलाड़ी बनी थीं, ने फाइनल में हमवतन नव्या कंडेरी को 21-10, 21-13 से हराकर अपना टाइटल जीतने का सिलसिला जारी रखा। टाइटल जीतने के बाद बाई मीडिया से बात करते हुए, देविका ने कहा कि वह इन दो हफ्तों में जिस तरह से खेलीं, उससे खुश हैं, भले ही उन्होंने ज्यादा ट्रेनिंग नहीं की हो।

# भारत-पाकिस्तान मैच पर लाहौर में तीन पार्टियों की मीटिंग

- **बीसीबी के प्रेसिडेंट इस तीन पार्टियों की मीटिंग में देश को रिप्रेजेंट कर रहे हैं**
- **पीसीबी बातचीत की टेबल पर आया है, मीटिंग का नतीजा क्या होगा, यह अभी भी अंदाजा लगाने की बात**

**लाहौर, वार्ता।** भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले टी 20 विश्व कप मैच में पाकिस्तान के हिस्सा लेने के मुश्किल मुद्दे पर इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अधिकारियों के बीच रविवार को लाहौर में मीटिंग होनी है। मीटिंग में बांग्लादेश के भी शामिल होने की उम्मीद है, जिसे पीसीबी ने बुलाया है।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के प्रेसिडेंट अमीनुल इस्लाम इस तीन पार्टियों की मीटिंग में देश को रिप्रेजेंट कर रहे हैं, जिसके लिए आईसीसी के कुछ अधिकारी भी आने वाले हैं। बांग्लादेश का शामिल होना समझना मुश्किल नहीं है, क्योंकि पूरा टी20 विश्व कप का झगड़ा तब शुरू हुआ जब बीसीबी ने लिटन दास की टीम के लिए जगह बदलने की मांग की, यह कहते हुए कि वे भारत में सुरक्षित नहीं हैं। हालांकि आईसीसी ने उस रिक्वेस्ट को ठुकरा दिया और स्कॉटलैंड ने बांग्लादेश की जगह ले ली, लेकिन पाकिस्तान ने उनके साथ एकजुटता दिखाते हुए विरोध में कोलंबो में भारत का मैच नहीं खेलने की कसम खाई। जैसा कि क्रिकबज ने शनिवार को बताया, पाकिस्तान का यह कदम एक बड़े मुद्दे में बदल गया है, जिसमें दुर्लभ फ़ोर्स मेज्योर क्लॉज का इस्तेमाल किया गया है, जिसकी वैधता को आईसीसी ने पूरी तरह से खारिज कर दिया था। भारत का मैच न खेलने के लिए भारी फ़ाइनेंशियल नुकसान और संभावित सजाओं की संभावना का सामना करते हुए - जिससे मेंबर्स पार्टिसिपेशन एग्रीमेंट का अपमान होता है - पीसीबी बातचीत की टेबल पर आया है। मीटिंग का नतीजा क्या होगा, यह अभी भी अंदाजा लगाने की बात है, लेकिन यह डेवलपमेंट इस बात का संकेत है कि पाकिस्तान टीम बड़े कोलंबो मैच पर अपने रुख पर फिर से सोच रही है। इस कदम की श्रीलंका ने पहले ही आलोचना की है, जिसने बताया है कि बॉयकॉट की वजह से टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में देश को भारी फाइनेंशियल नुकसान हो सकता है। श्रीलंका ने पाकिस्तान को उस समय की भी याद दिलाई जब उसे इंटरनेशनल बॉयकॉट का सामना करना पड़ा था और कैसे श्रीलंका क्रिकेट टीम ने इंटरनेशनल क्रिकेट को पाक में वापस लाने में मदद की थी।

# कीवियों ने अफगानिस्तान को हराया





- **टिम साइफर्ट 65 और फिलिप्स की 42 रनों की शानदार बल्लेबाजों की बदौलत न्यूजीलैंड ने जीत हासिल की**

**चेन्नई, वार्ता।** टिम साइफर्ट (65) और ग्लेन फिलिप्स (42) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने रविवार को टी-20 विश्वकप 2026 के चौथे मुकाबले में अफगानिस्तान को पांच विकेट से हरा दिया। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। मुजीब उर रहमान ने दूसरे ही ओवर में फिन ऐलन (एक) और रचिन रविंद्र (शून्य) को आउटकर न्यूजीलैंड को दो झटके दिए।

इसके बाद ग्लेन फिलिप्स ने टिम साइफर्ट के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 74 रनों की साझेदारी हुई। 10वें ओवर में राशिद खान ने ग्लेन फिलिप्स को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। ग्लेन फिलिप्स ने 25 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए (42) रनों की पारी खेली। 13वें ओवर में मोहम्मद नबी ने टिम साइफर्ट को आउटकर न्यूजीलैंड को चौथा झटका दिया। टिम साइफर्ट ने 42 गेदों में सात चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 65 रन बनाए। मार्क चैपमैन 17 गें. दों में 28 रन को 16वें ओवर में ओमरजई ने आउट किया। न्यूजीलैंड ने 17-5 ओवर में 183 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। डैरिल मिचेल 14 गेंदों में (25) और कप्तान मिचेल सैंटनर आठ गेंदों में 17 रन बनाकर नाबाद रहे। अफगानिस्तान के लिए मुजीब उर रहमान ने दो विकेट लिए। अजमतउल्लाह ओमरजई, राशिद खान और मोहम्मद नबी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रहमानउल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जदरान की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 35 रन जोड़े। छठें ओवर में लॉकी फर्ग्युसन ने पहली गेंद पर इब्राहिम जदरान (10) और छठी गेंद पर रहमानउल्लाह गुरबाज (27) का शिकार कर लिया। इसके बाद गुलबदीन नईब और सेदिकुल्लाह अटल की जोड़ी ने तीसरे विकेट के लिए 79 रन जोड़कर अफगानिस्तान के बड़े स्कोर की नींव रखी। 15वें ओवर में जेकब डफी ने सेदिकुल्लाह अटल (29) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। 18वें ओवर में रचिन रविंद्र गुलबदीन नईब को आउटकर पवेलियन भेज दिया। गुलबदीन नईब ने 35 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 63 रनों की पारी खेली। डरविश रसूली (20) और अजमतउल्लाह ओमरजई (10) रन बनाकर आउट हुए। अफगानिस्तान ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 182 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फर्ग्युसन ने दो विकेट लिए। मैट हेनरी, जेकब डफी और रचिन रविंद्र ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# भारत ने आखिरी दिन जीते नौ स्वर्ण पदक

- **बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 की अगुवाई कर रहे है लवलीना व अरुंधति**



**ला नुसिया, वार्ता।** भारत ने आखिरी दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए बॉक्सम एलीट इंटरनेशनल 2026 को बहुत सफल तरीके से खत्म किया, जिसमें ओलंपिक मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन और पूर्व यूथ वर्ल्ड चैंपियन अरुंधति चौधरी ने ला नुसिया, एलिकांटे में शानदार फिनिश करते हुए नौ गोल्ड मेडल जीते। एक खास उपलब्धि यह रही कि शनिवार को भारत ने सात एलीट विमेंस फाइनल में हिस्सा लिया - जिसमें 54किग्रा डिवीजन में एक ऑल-इंडियन टाइटल क्लैश भी शामिल था - और हर एक में गोल्ड मेडल जीता। ला नुसिया, एलिकांटे में हुए बॉक्सम एलीट 2026 में 20 देशों के 200 से ज्यादा बॉक्सर्स ने हिस्सा लिया, जिससे सीजन की शुरुआत में ही एक हाई-क्वालिटी इंटरनेशनल टेस्ट मिला। भारत नौ गोल्ड, तीन सिल्वर और सात ब्रॉन्ज मेडल के साथ कॉम्पिटिशन का सबसे सफल देश रहा। बीएफआई के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, बॉक्सम एलीट ने ठीक वैसा ही मौका दिया जैसा हम सीजन के इस स्टेज पर ढूंढ रहे थे, जिसमें मजबूत इंटरनेशनल मुकाबले, अलग-अलग वेट कैटेगरी में गहराई और हाई-प्रेशर वाले मुकाबले शामिल थे। स्पेन में परफॉर्मेंस, खासकर फाइनल में कन्वर्जन रेट, हमारे प्रोग्राम की प्रोग्रेस को दिखाता है। आने वाला साल मुश्किल होने के साथ, यह टूर्नामेंट हमारे बॉक्सर्स को आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार करने में एक अहम कदम रहा है। पूरे दल को शानदार कैंपेन के लिए बधाई। भारत की महिलाओं ने आखिरी दिन बेंचमार्क सेट किया। मंजू रानी (48किग्रा) और नीतू (51) ने स्पेन की मार्टा लोपेज और नोएलिया गुटिरेज पर एकमत से जबरदस्त जीत के साथ शुरुआत की, इससे पहले पूनम (54) ने कड़े मुकाबले वाले ऑल-इंडियन फाइनल में हमवतन प्रीति को हराया। प्रिया (60) और अरुंधति (70) ने यूक्रेनी विरोधियों पर 5-0 से शानदार जीत हासिल की, जबकि लवलीना (75) ने अपना खास कंट्रोल और संयम दिखाते हुए इंग्लैंड की मैरी-केट स्मिथ को 4-1 से हराया। नैना (80) ने यूक्रेन की रईसा पिस्कुन पर आसान जीत के साथ स्वीप पूरा किया। महिलाओं के प्रदर्शन पर बात करते हुए, भारतीय महिला टीम के हेड कोच सैंटियागो नीवा ने कहा कि यह महिलाओं का शानदार प्रदर्शन था।

# दिल्ली में भारतीय टीम से जुडेंगे सुंदरः सूर्या




- **वाशिंगटन सुंदर साइड स्ट्रेन के कारण पिछले कुछ समय से टीम से बाहर थे**

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा है कि वॉशिगटन सुंदर 12 फरवरी को नामीबिया के खिलाफ होने वाले अगले टी-20 विश्व कप मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। वॉशिंगटन साइड स्ट्रेन के कारण पिछले कुछ समय से टीम से बाहर थे। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच भी नहीं खेला था। उन्होंने नेट्स में गेंदबाजी शुरू कर दी थी, लेकिन टीम प्रबंधन ने चार फरवरी को हुए अभ्यास मैच में उन्हें नहीं खिलाने का निर्णय किया। जसप्रीत बुमराह भी अभ्यास मैच और शनिवार को अमेरिका के खिलाफ हुए मैच में नहीं खेले। अमेरिका के खिलाफ उम्मीद से अधिक कड़े मैच के बाद सूर्यकुमार ने दोनों खिलाड़ियों पर बात की। उन्होंने कहा कि वॉशिगटन सुंदर हमारे साथ दिल्ली में जुड़ रहे हैं। वह ठीक हैं और सब कुछ सही है। मौजूदा हालात में वॉशिगटन, स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल के बैक-अप हैं। अक्षर पटेल ने अमेरिका के खिलाफ 162 रन के बचाव में 24 रन देकर दो विकेट लेकर अहम भूमिका निभाई थी। अक्षर और वरुण चक्रवर्ती के अलावा जब तक तीसरे स्पिनर की जरूरत न हो, फिट होने के बावजूद वॉशिगटन एकादश से बाहर रह सकते हैं। फिट होने पर बुमराह टीम में वापस आएंगे। सूर्यकुमार ने कहा कि मौसम की वजह से उन्हें तेज बुखार था। जिसका असर मुंबई में पहले मैच से पहले अभिषेक शर्मा पर भी पड़ा था। बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज की वापसी हुई।

# मनीषा ने जागरेब ओपन में जीता स्वर्ण पदक



- **एशियाई चैंपियन मनीषा भानवाला ने क्वालिफायर में स्वीडन की टिड्रा को 9-4 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की**

**क्रोएशिया, वार्ता।** भारत की मनीषा भानवाला ने जागरेब ओपन 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में महिलाओं की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में स्वर्ण जीता, जबकि अंतिम पंघाल ने 53 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता। एशियाई चैंपियन मनीषा भानवाला ने क्वालिफायर में स्वीडन की टिड्रा डेलमिर को 9-4 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की, जिसके बाद क्वार्टर-फाइनल में कजाकिस्तान की निलुफर रैमोवा के खिलाफ 14-4 से शानदार जीत दर्ज की। इसके बाद भारतीय पहलवान ने जर्मनी की एमोरी एंड्रिच को 11-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उन्होंने शनिवार को जापान की पूर्व अंडर-23 विश्व चैंपियन हिमेका तो. कुहारा को 3-0 से हराकर जागरेब ओपन में भारत का दूसरा स्वर्ण पदक जीता। दो बार की विश्व कुश्ती चैंपियनशिप की कांस्य पदक और ओलंपियन अंतिम पंघाल ने भी 53किग्रा वर्ग में पोडियम फिनिश के साथ जागरेब में भारत की पदक संख्या में इजाफा किया। उन्होंने क्वार्टर में अमेरिका की केटी गोमेज को 11-0 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की, लेकिन सेमीफाइनल में एक और अमेरिकी पहलवान और आखिर में चैंपियन बनी एवरेस्ट लेडेकर से हार गईं। यह मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा, लेकिन अंतिम क्राइटेरिया के आधार पर हार गईं। कांस्य पदक मुकाबले में, अंतिम पंघाल ने अपनी ही देश की अंजली कछवा को 10-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की, जो क्वार्टर फाइनल में एवरेस्ट लेडेकर से हार गई थीं। इस बीच, दीक्षा मलिक ने भी 72किग्रा महिला फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत जीता। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में क्रोएशिया की वेरोनिका विल्क को 4-0 से और सेमीफाइनल में क्रिस्टीना ब्रात्चिकोवा को 4-2 से हराया। फाइनल में, दीक्षा मलिक को तुर्की की पेरिस 2024 की कांस्य पदक विजेता बुसे तोसुन कैवुसोग्लू से 5-2 से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। प्रिया भी महिलाओं के 76 किग्रा वर्ग में कांस्य मुकाबले में पहुंचीं, लेकिन फ्रांस की केंड्रा डाचर से 6-0 से हार गईं। ग्रीको-रोमन स्पर्धा में, भारत के अमन 77 किग्रा वर्ग में क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए, जबकि रोहित 87 किग्रा वर्ग में क्वालिफायर से आगे नहीं बढ़ पाए।

# द स्टेट्समैन विटेज एंड क्लासिक कार रैली को दिखाई हरी झंडी



- **इस अवसर पर कार प्रेमी अपनी-अपनी पुरानी शानदार गाड़ियों को लेकर रैली के लिए वहां मौजूद थे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने रविवार को बहुप्रतीक्षित द स्टेट्समैन विटेज एंड क्लासिक कार रैली के 59वें आयोजन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली यहां बाराखंभा रोड पर स्टेट्समैन हाउस से शुरू हुई। इस अवसर पर कार प्रेमी अपनी-अपनी पुरानी शानदार गाड़ियों को लेकर रैली के लिए वहां मौजूद थे। द स्टेट्समैन विटेज एंड क्लासिक कार रैली एक वार्षिक समारोह है जिसका दिल्ली और कोलकाता में आयोजन होता है। यह भारत और उपमहाद्वीप में सबसे पुराने लगातार चलने वाली स्पर्धाओं में से एक है।

रैली की शुरुआत 1964 में दिल्ली में हुई थी। रैली में हिस्सा लेने वाली मशहूर विटेज और क्लासिक कारों में 1936 रोल्स रॉयस, 1926 स्टडबेकर एर्स्किन, 1906 रेनॉल्ट रेरेस, 1935 राइटक्राफ्ट, और 1938 मर्सिडीज, 1937 वोल्सेली, 1932 बेबी ऑस्टिन, 1938 एडलर, 1937 डॉज, 1929 ऑस्टिन 7 टूरर, 1919 सिट्रोएन टॉरपीडो, 1913 स्टोवर, 1912 स्टैंडर्ड कोवेंट्री और कई अन्य कारें शामिल हैं। रैली के 59वें आयोजन में 100 से अधिक गाड़ियां हिस्सा ले रही हैं।

इस स्पर्धा का मुख्य आकर्षण विटेज और क्लासिक कारों का जमावड़ा है, जिसे बाद में शहर में चलाया जाता है जहां कारों की मौलिकता और सड़क पर उनके प्रदर्शन का आकलन किया जाता है। एक शानदार परेड और लाइव संगीत होता है। रोल्स रॉयस, बेंटले, रेल म्यूजयिम की 1914 जॉन मॉरिस फायर इंजन, छोटी विटेज और क्लासिक कारें, और बाहर से आई कारें इस साल के कार्यक्रम की कुछ खास बातें होंगी। हिस्सा लेने वाली विटेज और क्लासिक कारें दोपहर एक बजे इंडिया गेट के पास मेजर ध्यान चंद नेशनल स्टेडियम पहुंचेंगी। पुरस्कार वितरण समारोह मेजर ध्यान चंद नेशनल स्टेडियम में दोपहर साढ़े तीन बजे होगा। गाड़ियों के मालिक हर साल इस रैली का बेसब्री से इंतजार करते हैं क्योंकि यह उन्हें पुराने जमाने की अपनी अच्छी तरह से मेंटेन की गई मशीनों को आज की सड़कों पर चलाने का एक अनोखा मौका देती है। यह रैली राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को विटेज गाड़ियों के जरिये एक शानदार दौर की झलक देखने का मौका देती है। इन गाड़ियों को विटेज, क्लासिक, पोस्ट-वॉर और दूसरी कैटेगरी में बांटा गया है।

# शिखर धवन को दिल्ली खेल महाकुंभ का ब्रांड एंबेसडर बनाया



- **टूर्नामेंट का आयोजन राजधानी के सभी 12 जिलों की 16 जगहों पर किया जाएगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली सरकार ने शुक्रवार से शुरु हो रहे पहले दिल्ली खेल महाकुंभ के लिए यूथ आइकन और अर्जुन अवॉर्डी, शिखर धवन को ब्रांड एंबेसडर बनाया है।

दिल्ली सरकार के शिक्षा और खेल निदेशालय का उद्देश्य इस मंच के जरिये राजधानी में जमीनी स्तर पर खेलों में भागीदारी को मजबूत करना और प्रतिभा की पहचान करना है। इस टूर्नामेंट का आयोजन राजधानी के सभी 12 जिलों की 16 जगहों पर किया जाएगा जिसमें हजारों युवा एथलीट बास्केटबॉल, फुटबॉल, एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, स्क्वैश और वॉलीबॉल में हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के शिक्षा और खेल मंत्री आशीष सूद ने कहा कि दिल्ली खेल महाकुंभ को प्रतिभा और खेलों के विकास के लिए एक बदलाव लाने वाले मंच के तौर पर देखा गया है।

ब्रांड एंबेसडर के तौर पर शिखर धवन का जुड़ना इस पहल को बहुत अधिक भरोसा और प्रेरणा देता है, और यह जमीनी स्तर पर विकास, बड़े पैमाने पर भागीदारी को बढ़ावा देने और भविष्य के स्पोर्ट्स टैलेंट की पहचान करने के हमारे मकसद के साथ पूरी तरह से जुड़ता है। शिखर धवन ने कहा कि मैं बहुत आभारी हूं और इस सम्मान के लिए दिल्ली सरकार और शिक्षा एवं खेल निद. ेशालय को धन्यवाद देना चाहता हूं। दिल्ली खेल महाकुंभ इस क्षेत्र में खेल के विकास की दिशा में एक सराहनीय कदम है, जो टैलेंट से भरा हुआ है और सही मौके और प्रदर्शन की तलाश में है। एक प्रोफेशनल एथलीट के तौर पर, मैं अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच मिलने की अहमियत समझता हूं और अपने वेंचर दा वन स्पोर्ट्स के जरिये, मैं युवाओं के लिए अपने सपने पूरे करने का रास्ता और इकोसिस्टम बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध रहा हूं। भारतीय खेलों में दिल्ली की एक समृद्ध विरासत है और मुझे उम्मीद है कि इस एसोसिएशन के जरिये मैं उभरते हुए टैलेंट को स्वयं पर विश्वास करने और भाग लेने के लिए प्रेरित कर पाऊंगा।

# रातों-रात भारत के विश्व कप स्टार बने सिराज

- **अमेरिका टीम पर भारत की मुश्किल जीत के एक अनालाइकली स्टार के तौर पर उभरे**




**मुंबई, वार्ता।** तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने जर्मनी में एक लंबी छुट्टी और रियल मैड्रिड का मैच देखने के लिए स्पेन जाने का प्लान बनाया था। उन्होंने हैदराबाद में अपने दोस्तों को इस प्लान के बारे में बताया और जब इंडियन टीम के ट्रेनर एड्रियन ले रॉक्स का कॉल आया, तो उन्होंने डिस्टर्ब न करने की रिक्वेस्ट की। मुंबई शुक्रवार रात तक उनके आईपीएल से पहले के प्लान में नहीं था। चौबीस घंटे बाद, वह अमेरिकी टीम पर भारत की मुश्किल जीत के एक अनलाइकली स्टार के तौर पर उभरे। फिर अचानक, सूर्या भाई (कप्तान सूर्यकुमार यादव) ने मुझे कॉल किया। उन्होंने कहा, 'तैयार हो जाओ, अपना बैग पैक करो, और आओ।' मैंने कहा, 'सूर्या भाई, मजाक मत करो, क्योंकि ऐसा नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा, 'मैं तुम्हें सच बता रहा हूं - तैयार हो जाओ।' जैसे ही उन्होंने फ़ोन रखा, मुझे नेशनल सिलेक्टर (प्रज्ञान) ओझा का कॉल आया। तो अचानक, मुझे शॉकिंग न्यूज मिली। मोहम्मद सिराज के पास अपना बैग पैक करने और मुंबई के लिए फ्लाइट पकड़ने के लिए बहुत कम समय था, जहां वह चोटिल हर्षित राणा की जगह भारतीय टीम में शामिल हुए। भगवान ने जो लिखा है उसे कोई नहीं बदल सकता। मैं आया, मैच खेला - सब कुछ लिखा था। भगवान महान हैं। इससे आगे कोई कुछ नहीं कर सकता। लेकिन सिराज ने कल रात जो किया, शायद बहुत कम खिलाड़ी कर सकते हैं। सीधे प्लेइंग ग्प में चुने जाने के बाद, उन्होंने नई गेंद से सबसे अच्छे स्पेल में से एक डाला, जिससे टीम को कुछ अहम सफलताएं मिलीं - खासकर तब जब भारत 161 के मामूली टोटल का बचाव कर रहा था। अमे. रिका का स्कोर 11 रन पर दो विकेट और फिर 13 रन पर तीन विकेट था, और मैच असल में पहले चार भारतीय ओवरों में ही जीता और हारा गया। सिराज ने 29 रन देकर तीन विकेट लिए, और मैच की आखिरी गेंद पर एक विकेट और जोड़ा, जो उन्होंने पावरप्ले में लिए थे। सिराज ने 18 महीनों से कोई टी20 नहीं खेला था, उनका आखिरी मैच जुलाई 2024 में श्रीलंका में था। उन्होंने खुद को इस बात से समझौता कर लिया था कि वह वर्ल्ड कप कैंपेन का हिस्सा नहीं होंगे और उन्होंने इंडियन टीम के ट्रेनर से कहा था कि उन्हें एक ब्रेक की जरूरत है, क्योंकि उन्होंने अभी-अभी कुछ रणजी मैच खत्म किए थे जिनमें उन्होंने हैदराबाद टीम की कप्तानी की थी। बाद में, उन्होंने कहा, ष्भगवान ने मेरी किस्मत बदल दी। सिराज की वापसी परियों की कहानियों जैसी है, वैसी ही खेल की सफलता की कहानियां बनती हैं। उन्हें न सिर्फ़ कम समय में टीम में शामिल होना पड़ा, बल्कि तैयारी के लिए बहुत कम समय में मैच भी खेलना पड़ा, क्योंकि लीड करने वाले जसप्रीत बुम. राह ठीक नहीं थे। सिराज खास तौर पर तब चमकने के लिए जाने जाते हैं जब वे बुमराह की छाया में नहीं होते, और उन्होंने टी20 में वापसी करते हुए अपने पहले दो ओवरों में विकेट लेकर अपनी इस पहचान को बनाए रखा। 18 महीने का ब्रेक कोई रुकावट नहीं था क्योंकि सिराज ने तुरंत लय पकड़ ली।

# निधि से कराए गए विकास कार्यों का किया शुभारंभ

## हमेशा बिना भेदभाव विकास कराया: मेहरबान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ब्लाक प्रमुख पुंवारका मेहरबान मुखिया ने आज अपनी निधि से कराये गये कार्यो का उदघाटन किया।

ग्राम पंचायत सुमली व मुल्लापुर में ब्लाक प्रमुख की निधि से कार्य शुरू कराये गये थे। उनके संपंन होने पर ब्लाक प्रमुख मेहरबान मुखिया ने दोनों ग्राम पंचायतों में पहुंचकर कार्यो का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा ही बिना भेदभाव के विकास कार्य कराये है। इस दौरान ग्राम प्रधान अमित कुमार, प्रधान महफूज, देवला असलूब प्रधान, सलेमपुर प्रधान अंसार अहमद, कोलकी प्रधान रजत प्रधान, मक्केबास प्रधान मसरूर, अखलाक मलिक आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## विधायक राजीव गुंबर व मेयर डा.अजय सिंह का स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सहारनपुर।** नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में विधायक निधि से कराए जाने वाले सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का नगर विधायक राजीव गुम्बर एवं महापौर डॉ. अजय सिंह ने संयुक्त रूप से शिलान्यास किया।

वार्ड संख्या 12 के रामपुरी कॉलोनी में रामपाल शर्मा के मकान से दयाराम गुप्ता के मकान तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इसके पश्चात वार्ड संख्या 14 की इंदिरा कॉलोनी में सूरजपाल के मकान से भाटिया की फैक्ट्री होते हुए राजेंद्र के मकान से हरपाल के मकान तक सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इसी वार्ड में अमित के मकान से शीतला माता मंदिर तक तथा गुरुद्वारे से कैलाश के मकान तक सीसी रोड निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया। वार्ड संख्या 41 के शारदा नगर क्षेत्र में स र्कि ट हाउस रोड से शोभाराम शिवपुरी शमशान घाट तक सीसी रोड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि क्षेत्र में सड़क एवं नाली निर्माण से नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्रीय विकास को गति प्राप्त होगी। स्थानीय नागरिकों ने निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

# एसएसपी आशीष को भावभीनी विदाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पुलिस उपमहानि. रीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी का जनपद से पुलिस उपमहानिरीक्षक (तकनीकी) लखनऊ के पद पर स्थानांतरण होने के अवसर पर एक भव्य एवं गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया। इ

जनपद के नवनियुक्त एसएसपी अभिनंदन सिंह एव समस्त राजपत्रित अधिकारीगण, पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण तथा विभिन्न शाखाओं के प्रतिनिधियों द्वारा डीआईजी आशीष तिवारी को भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके कार्यकाल को अनुकरणीय, प्रेरणादायी एवं ऐतिहा. सिक बताते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की। जनपद में अपने कार्यकाल के दौरान उनके द्वारा अनुशासन, पारदर्शिता, कर्तव्यनिष्ठा तथा जनहित में प्रभावी पुलिसिंग को प्राथमिकता देते हुए अनेक महत्वपूर्ण पहलें की गईं, जिनसे जनपद में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई तथा पुलिस-जन संवाद को नई दिशा मिली। उनके कुशल मार्गदर्शन में जनपद पुलिस ने अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, साइबर जागरूकता एवं जनसुनवाई जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया।

# वर्णिका व निशू यूपी टीम में शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा घोषित महिला क्रिकेट टीम में सहारनपुर की खिलाड़ियों और कोच को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर जिले में खुशी का माहौल है। सहारनपुर की वर्णिका चौधरी को उत्तर प्रदेश महिला क्रिकेट टीम का उप कप्तान बनाया गया है, जबकि निशू चौधरी को टीम में शामिल किया गया है। इसके साथ ही सहारनपुर की भावना तोमर को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।

उत्तर प्रदेश महिला टीम बीसीसीआई की वनडे सुपर लीग प्रतियोगिता में भाग ले रही है, जो 6 से 28 फरवरी तक राजकोट में खेली जा रही है।इस उपलब्धि पर सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि एसडीसीए के अध्यक्ष मोहम्मद





अकरम के प्रयासों से सहारनपुर का क्रिकेट लगातार नई-नई सफलताएं हासिल कर रहा है।एसडीसीए के सचिव लतीफ उर रहमान व उपाध्यक्ष परविंदर सिंहने कहा कि सहारनपुर की खिलाड़ियों को प्रदेश की टीम में अहम जिम्मेदारी मिलना जिले में क्रिकेट के मजबूत आधार को दर्शाता है।

एसडीसीए के कोषाध्यक्ष पाली कालड़ा ने कहा कि खिलाड़ियों और कोच को प्रदेश स्तर पर पहचान मिलना उनकी मेहनत और संगठनात्मक प्रयासों का परिणाम है और आगे भी एसडीसीए खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग देता रहेगा।इस उपलब्धि पर एसडीसीए के संरक्षक अमर गुप्ता, राज कुमार राजू, मीडिया प्रभारी सैयद मशकूर, जॉइंट सेक्रेटरी महेश शर्मा, मोहम्मद वकार, भूपेंद्र कच्छल, विनय कुमार, सत्यम शर्मा, रवि सिंघल, योगेश गुप्ता, राकेश शर्मा, रणधीर कपूर, विक्रांत चौधरी, आमिर कुरैशी, अर्जुन चौहान, आदिल खान, तनवीर खान, संजय विश्वकर्मा, शोएब अहमद, सचिन सैनी, पीयूष राणा, रविश राठी, अर्जुन कुमार, अंजर अली, प्रीति मेहरा, राज शेखर, राव मुजीब, अक्षय चौहान, आयुष चौधरी, प्रिंस पटेल और ललित पंवार आदि ने हर्ष जताते हुए सहारनपुर की खिलाड़ियों और कोच के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सरकारी योजनाओं की जानकारी दी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** ज्योति जन कल्याण उद्योग प्रशिक्षण सेवा संस्थान द्वारा एक दिवसीय रोजगार जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे शिक्षित बेरोजगार युवाओ, युवतियों को रोजगार के प्रति जागरूक किया गया।


मुख्य अतिथि डा पहलसिंह सैनी ने कहा कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नही होता है। बस जरूरत है उसे मन से स्वीकार कर पूरी लगन निष्ठा से करने की । संस्थान के प्रबंधक सोमपाल सिंह सैनी ने संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमो के बारे जानकारी दी। इस अवसर पर प्रभारी विशाल नामदेव, मोहम्मद सलीम, विजयपाल धीमान, रीना सैनी, सोनिया, मुस्कान,पंकज कुमार, विक्रम सिंह, डा सोहनवीर आदि सहित उपस्थित रहे ।

# फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का किया आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल विश्व. विद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन और कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी की प्रेरणा से ग्लोकल स्कूल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के द्वारा संकाय सदस्यों की शैक्षणिक दक्षता एवं शोध क्षमताओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ. ओम कुमार हर्ष रहे, जो फिजिक्स, इंजी. नियरिंग, कंप्यूटर साइंस एवं इंफॉर्मेशन सिस्टम्स के क्षेत्र में अंत. रराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शिक्षाविद् हैं। उन्होंने दो पीएच.डी. एवं डी.एससी. जैसी उच्चतम उपाधियाँ प्राप्त की हैं तथा भारत एवं विदेश के अनेक प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रोफेसर, डीन एवं डायरेक्टर के रूप में अपनी



सेवाएँ दी हैं। उनके कई शोध पत्र अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हो चुके हैं और वे विश्व के विभिन्न मंचों पर व्याख्यान दे चुके हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ ग्लोकल स्कूल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के डीन डॉ मोहम्मद मजहर अफजाल के द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत के साथ किया गया। उन्होंने प्रो. डॉ. ओम कुमार हर्ष के शैक्षणिक एवं शोध क्षेत्र में दिए गए उल्लेखनीय योगदान की सराहना की।

# पड़ोसी महिला समेत तीन पर घायल करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम घाटहेड़ा निवासी पीड़ित बुजुर्ग ने अपने पड़ौस निवासी एक महिला सहित तीन लोगों पर उसके साथ मारपीट करके उसे घायल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने घायल बुजुर्ग को मेडिकल जांच के लिए भिजवाया है। जिसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जायेगी।

रविवार को ग्राम घाटहेड़ा निवासी पीड़ित बुजुर्ग असलम पुत्र इश्हाक घायल अवस्था मे थाना पहुंचा तथा बताया कि वह अपने घर पर आराम कर रहा था। तभी बच्चों में हुई मामूली कहासुनी को लेकर उसके पडौस निवासी विपक्षी बाप, बेटा तथा बेटे की पत्नी उसके घर के बाहर खड़े होकर गंदी गंदी गालियां देने लगे। यदि उसने अपने घर से बाहर निकलकर उन्हें गाली देने से मना किया तो विपक्षी उस पर टूट पड़े और मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में वह घायल हो गया और उसके शरीर से खून बहने लगा।

पीड़ित बुजुर्ग ने बताया कि उसकी चीख पुकार की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोगो ने किसी तरह विपक्षियों से उसे छुड़ाया। विपक्षी जाते जाते भी उसे जान से मारने की धमकी देकर गए हैं। घायल पीड़ित बुजुर्ग ने थाना पहुंचकर विपक्षी उपरोक्त के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई है। पुलिस ने पीड़ित घायल को मेडिकल जांच के लिए भिजवाया है।

# साहिम मिस्टर व अंशिका मिस फेयरवेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एमआरएस मेमोरियल स्कूल में कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं को समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। साहिम मिस्टर व अंशिका सैनी मिस फेयरवेल बनी।

गंगोह रोड स्थित स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। जिसके बाद छात्र-छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतिया दी गई। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर विनीत सैनी ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अनुशासन, परिश्रम एवं सकारात्मक सोच ही जीवन में सफलता की सच्ची कुंजी है। मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती सुनीता सैनी ने छात्र-छात्राओं को जीवन में सदैव सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने, आत्मविश्वासद बनाये रखने तथा विद्यालय के मूल्यों को अपने आचरण में उतारने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा चौधरी ने छात्र छात्राओं को निरंतर परिश्रम, नैतिक मूल्यों एवं दृढ संकल्प के साथ लक्ष्य की ओर अग्रसर रहने का संदेश दिया।




सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के बाद साहिम को मिस्टर फेयरवेल, अंशिका सैनी को मिस फेयरवेल, रजत को मिस्टर एवं अंजलि को मिस एमआरएस, विदिता सैनी को मिस्टर एवं दिव्यांशी को मिस डिसप्लीन चुना गया, जबकि कृष्णा सैनी व आयुष को सौ प्रतिशत एटंडेन्स अवार्ड से नवाजा गया। मंच का संचालन आफिया व वंश द्वारा किया गया।

# नाबालिग अपहृता बरामद, आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर फरार कर ले जाने वाले एक आरोपी को घटना के मात्र 12 घण्टे के अंदर गिरफ्तार करके अपहृता किशोरी को सकुशल बरामद किया।

विगत 07 फरवरी शनिवार को गांव निवासी एक पीड़िता की लिखित तहरीर पीड़िता की 15 वर्षीय नाबालिग पुत्री को घर से कस्बा चिल. काना में सामान लेने के लिए जाने तथा वापस वहां से वापस न आने के सम्बन्ध मे थाना पर मुकदमा दर्ज किया गया था। एसएसपी द्वारा उपरोक्त घटना का संज्ञान लेते हुए की किशोरी की शीघ्र बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था।

तत्पश्चात पुलिस टीम अपहर्ता की बरामदगी में जुट गई और आज रविवार को एसपी सिटी एवं सीओ सदर के निकट पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी विनोद कुमार की अगुवाई में गठित पुलिस टीम ने नाबालिग अपहर्ता को मात्र 12 घण्टे के अन्दर ग्राम पावटी कलाँ थाना कैराना जनपद शामली से सकुशल बरामद कर उक्त किशोरी को अगवाह करने वाले आरोपी मुनव्वर पुत्र गय्यूर निवासी ग्राम पावटी कलाँ थाना कैराना जनपद शामली को उसके गांव से गिरफ्तार किया है। विवेचना के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में अपराध सम्बन्धी धाराओं की वृद्धि कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# सकारात्मक समाचारों को दें प्राथमिकता: जसवंत

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। सांस्कृतिक संस्था 'प्रतिबिंब' व 'साहित्य भारती' सहारनपुर द्वारा आयोजित यहां एक भव्य समारोह में वरिष्ठ पत्रकार व साहित्यकार डॉ. वीरेन्द्र आजम की पत्रकारिता के 50 वर्ष पूर्ण होने पर राजनेताओं, साहित्यकारों, शिक्षकों व्यापारियों एवं समाज के प्रबुद्ध वर्ग ने उनका अभिनंदन किया और उन्हें 'रत्नाकर सम्मान' देकर सम्मानित किया।



अंबाला रोड स्थित रामतीर्थ केंद्र में समारोह का शुभारंभ मां शारदा की प्रतिमा के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन व नरेंद्र मस्ताना द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि संसदीय कार्य राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने वीरेन्द्र आजम को स्वच्छ, स्वस्थ, समर्पण और ईमानदारी के साथ 50 वर्ष पूर्ण करने पर बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने अपनी पत्रकारिता से समाज को सकारात्मक दिशा दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन कर ऐसे लोगों को प्रोत्साहित करना चाहिए अन्यथा समाज में बुराई हावी हो जाती है। उन्होंने आयोजन के लिए स्वामी रामतीर्थ के अध्यक्ष सर्वेश्वर प्रभाकर सहित आयोजकों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि सकारात्मक समाचारों को समाचार पत्रों में प्राथमिकता के साथ अधिक तथा नकारात्मक समाचारों को कम से कम स्थान दिया जाए।

देश के प्रख्यात साहित्यकार एवं मुख्य वक्ता डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र ने वीरेंद्र आजम को 'अजात शत्रु' बताते हुए कहा कि आज पत्रका. रिता जब मिशन से कमीशन पर आ गयी है तब ऐसे दीपों का जलते रहना आवश्यक है जो समाज को अपने प्रकाश से राह दिखा सकें। पद्मश्री भारत भूषण ने कहा कि वीरेंद्र आजम ने अच्छे लक्ष्य लेकर पत्रकारिता की, उनकी पत्रकारिता सदैव सकारात्मक रही है। पद्मश्री सेठपाल ने कहा कि वीरेंद्र आजम ने सौम्यता, धैर्य और सम्मान के साथ 50 वर्ष की पत्रकारिता पूरी की है। साहित्यकार अरुण नैथानी ने कहा उन्होंने सामाजिक सरोकारों के साथ साहित्यिक पत्रकारिता में भी नये आयाम स्थापित किये है।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि वीरेन्द्र आजम की पत्रका. रिता लोकतंत्र की सजग सखी, समाज का विवेक और मानव मूल्यों की धरोहर है। पूर्व महापौर संजीव वालिया, नगर विधायक राजीव गुंबर, पूर्व विधायक वीरेंद्र ठाकुर, पर्यावरणविद् डॉ. एस के उपाध्याय, योगेश दहिया, समाजसेवी महेंद्र तनेजा, रामतीर्थ केंद्र के अध्यक्ष सर्वेश्वर प्रभाकर, जयनाथ शर्मा, डॉ. वीरेन्द्र शर्मा शम्मी न भी विचार रखे।

इसके अतिरिक्त सीए संजय गुप्ता, सीए तुषार अग्रवाल, मनीष कच्छल, विनीत सैनी एडवोकेट व धर्मपाल सैनी एडवोकेट, साहित्यकार डॉ. विजेंद्र पाल शर्मा, गोकरण दत्त शर्मा, शहर काजी नदीम अख्तर, एसआईए अध्यक्ष शिव कुमार गौड, राकेश शर्मा, नीना धींगड़ा, घनश्याम माहेश्वरी, संदीप सैनी, अंकुर सैनी, दिनेश तेजान व मोनूआदि ने भी मल्यार्पण कर डॉ.वीरेंद्र आजम का अभिनंदन किया। समारोह का काव्यात्मक संचालन देहरादून से पधारे डॉ. वीरेन्द्र शर्मा शम्मी ने किया।

# मंदिर का वार्षिक महोत्सव संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** अम्बाला रोड स्थित श्री शक्तिपीठ वैष्णो धाम हनुमान मंदिर सरसावा में 5 फरवरी से चल रहे वार्षिक महोत्सव एवं अखंड चंडी यज्ञ का आज हवन पूजन एक और भंडारे के साथ समापन हो गया जिसमें सैकड़ो भक्तों ने हवन में आहुति डालकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

श्री शक्तिपीठ वैष्णो धाम हनुमान मंदिर के पीठाधीश्वर संध्या जी महाराज जी ने बताया कि हर वर्ष होने वाले इस आयोजन में 5 दिन 16 पंडित 24 घंटे अखंड चंडीगढ़ का गुणगान करते हैं और इसी दौरान माता रानी का श्रृंगार एवं पूजन भी किया जाता है इस पूजन में जो भक्त जाकर अपना सेवा सहयोग करते हैं एवं माता रानी का गुणगान करते हैं माता रानी उनका कल्याण करके हमेशा अपना आशीर्वाद बनाए रखती है इस पूजन



यज्ञ का कार्यक्रम के उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन किया गया और सभी हवन यज्ञ पूजन विद्वान आचार्य अमित भारद्वाज एवं उनके सहयोगी आचार्य सोनू शास्त्री आचार्य भानु आचार्य विकास देश से आचार्य विशाल आचार्य सागर आचार्य प्रदीप आचार्य सत्यम आचार्य दिवस आचार्य अनुराग त्रिवेदी आचार्य अभिषेक आचार्य शिवम आचार्य बृजेश आचार्य आशीष आचार्य विशाल के द्वारा किया गया में मुख्य यजमान नकुड विधायक मुकेश चौधरी ,एसपी सिटी व्योम बिंदल ,रविंद्र पनियाला, पुष्पेंद्र चौधरी, हरीश पवार ,सरवन चोपड़ा ,आदि रहे

# सराहनीय कार्य को महिलाएं सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कम्पनी बाग में प्रतिदिन प्रात: योग, सैर एवं प्रभु नाम जप करने वाली संस्था राधे कुंज मॉर्निंग परिवार द्वारा महिला सम्मान दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संस्था से जुड़ी उन सभी मातृशक्तियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने कड़ाके की सर्दी के बावजूद अपने दैनिक घरेलू कार्यों के साथ-साथ नियमित रूप से कम्पनी बाग पहुंचकर योग, सैर, प्रभु नाम जप एवं अन्य साथियों को जोड़ने का सराहनीय कार्य किया। कार्यक्रम में राधे कुंज मॉर्निंग परिवार के अध्यक्ष भागीरथ सेठी, सचिव अमन तनेजा, कोषाध्यक्ष मोनू ग्रोवर, गोपाल , तारा चंद, प्रवीण आहूजा एवं विनोद चुग ने संयुक्त रूप से विनय बठला, पिंकी कोचर, निशा कालड़ा, देवांशी




चावला, अनीता शर्मा, सुनीता गोगिया, मनीषा मित्तल, श्यामा कक्कड़, दीप्ती शर्मा, उर्मिला गोयल, अनीता, विनीता सेठ, निशा शर्मा, आशा नारंग एवं कनिष्का शर्मा को सम्मानित किया। साथ ही योगेश मिगलानी एवं मुरली खन्ना को विशेष सहयोग के लिए सम्मान प्रदान किया गया। फ्रेंड्स मॉर्निंग क्लब के अध्यक्ष एम.पी. सिंह चावला, रायवाला एसोसिएशन से अंतरिक्ष अरोड़ा, कम्पनी बाग क्लब के मंजीत सिंह, अनिल तुली, एस.पी. सिंह बिट्टू, नीरज, नरेश तनेजा, हरीश इशपुजानी, बावा सेठी, नंद लाल, संजीव गर्ग, गुरमीत खट्टर, दीपक छाबड़ा, राजेश अरोड़ा, विक्की चावला, मनोज चौहान आदि मौजूद रहे।

# मुस्लिम फंड ट्रस्ट के शिविर में 450 लोगों के नेत्रों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** मुस्लिम फंड ट्रस्ट देव. बंद की कस्बे में स्थित शाखा द्वारा मदनी आई हॉस्पिटल देवबंद के सहयोग से एक नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमे प्रमुख नेत्र चिकित्सका सफीना तबस्सुम की टीम ने करीब 450 रोगियों की आंखों की जांच कर उन्हे उचित परामर्श व दवाई वितरित की ।

शिविर का शुभारंभ मुस्लिम फंड देवबंद के सचिव मोहम्मद अनस सिद्दीकी, डॉ. एस. ए. अजीज ने फीता काटकर किया। मुस्लिम फंड ट्रस्ट देवबंद के प्रबंधक सुहेल सिद्दीकी ने कहा कि मुस्लिम फंड देवबंद एवं मदनी आई हॉस्पिटल की ओर से समय-समय पर ऐसे नि:शुल्क शिविर आयोजित कर गरीब और जरूरतमंद वर्ग को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व देवबंद में मेगा आई कैंप का आयोजन किया गया था। सुहेल सिद्दीकी ने कहा कि मुस्लिम फंड ट्रस्ट देवबंद के संस्थापक मरहूम मौलाना हसीब सिद्दीकी ने अपनी पूरी जिंदगी खल्क ए खिदमत मे गुजार दी थी। उनकी उसी रिवायत को आगे बढ़ाने का काम ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है।




मुस्लिम फंड ट्रस्ट नागल शाखा के मैनेजर साजिद हसन ने जानकारी दी कि शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सफीना तबस्सुम ने कुल 450 मरीजों की आंखों की जांच की। इनमें से करीब 250 मरीजों को मुफ्त चश्मे वितरित किए गए, जबकि 30 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया है। जिनका मदनी आई हॉस्पिटल के सहयोग से उपचार किया जाएगा।

शिविर में मुख्य रूप से डॉ. जावेद, डॉ. असरार अहमद, डॉ. शहजाद, मोहम्मद तारिक, डॉ. सो. हेल, नजम उस्मानी, फैसल मेहदी,अदील सिद्दीकी, फैजी सिद्दीकी, समीर चौधरी, मोमीन अली,मोहम्मद उस्मान, इसरार अहमद, हाफिज इंतजार, अब्दुल सत्तार, इकबाल, खालिद, मुन्नू खान, शादाब आदि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 9 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# लापता लोगों की संख्या

सभी जानते हैं कि एक बड़ी आबादी रोजगार व अन्य कार्यों के लिए दिल्ली आती-जाती रहती है। राष्ट्रीय राजधानी में इस वर्ष जनवरी माह के दौरान ही देश की 800 लोग लापता पाए गए, जिसमें महिला, बच्चे व अन्य वयस्क भी शामिल हैं। जैसा कि स्वाभाविक था दिल्ली में लापता लोगों का आंकड़ा सामने आने के बाद आम लोगों में चिंता व्याप्त हो गई। प्रशासनिक स्तर पर भी इस समस्या की ओर अधिकारियों का ध्यान गया। बेलगाम सोशल मीडिया पर, तो इन आंकड़ों पर अपनी-अपनी सुविधा और राजनीतिक हितों के मद्देनजर व्याख्या और बयानबाजी सामने आने लगी। पब्लिक फोरम पर कहा जाने लगा कि यह दिल्ली की कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह है। इन आंकड़ों के सामने आने के बाद घर से निकलने के बाद सुरक्षा इंतजामों को लेकर तमाम तरह की सलाहें दी जाने लगीं। कुछ लोग देश के सिस्टम पर सवाल खड़े करने लगे। कुछ लोगों में भय से जुड़ी प्रतिक्रिया भी सामने आई। लेकिन इस बाबत दिल्ली पुलिस द्वारा जारी आंकड़े भी अधिक चिंता बढ़ाने वाले नजर आए। प्रथम दृष्टया यह खबर परेशान करने वाली है, लेकिन पड़ताल में पाया गया कि यह स्थिति पिछले कुछ सालों के आंकड़ों के ही अनुरूप है, अगर हम पिछले कुछ सालों के आंकड़ों पर नजर डालें , तो यह स्थिति की पुनरावृत्ति ही है। लेकिन यदि बीते कुछ सालों में लापता होने वाले लोगों की संख्या पर नजर डालें तो कहा जाता है कि इस साल जनवरी में सामने आई लापता लोगों की संख्या ज्यादा नहीं है। इस बाबत दिल्ली पुलिस का कहना है कि जनवरी 26 में कुल 1,777 लोगों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। प्रथम दृष्टया यह संख्या भले ही बढ़ी लगे, लेकिन जब पिछले दो सालों के आंकड़ों से इसकी तुलना की जाती है तो नई तस्वीर उभरती है। दरअसल, इन आंकड़ों की तह में जाएं तो दिल्ली का विशाल इलाका व सघन जनसंख्या घनत्व भी इसके मूल में है। दिल्ली पुलिस के आंकड़ों के अनुसार साल 2024 में करीब 24,893 लोग लापता हुए थे। यानी एक माह में औसतन 2,074 लोग। वहीं साल 2025 में ये संख्या 24,508 लोग लापता हुए। अर्थातद्द् हर माह 2,042 लोग गुम हुए। इस दृष्टि से जनवरी, 26 का आंकड़ा इस संख्या से कम है। सवाल है कि 2026 के पहले माह के आंकड़ों को लेकर भय क्यों व्याप्त हुआ? दरअसल, पहले पंद्रह दिनों के आंकड़ों के हिसाब से दिल्ली में हर रोज 54 लोग लापता हो रहे थे। इन आंकड़ों के सामने आने के बाद लोगों ने इसके मूल में किसी संकट को देखा। दिल्ली पुलिस के अनुसार ये आंकड़े स्थायी गुमशुदगी के नहीं होते। कुछ लोग अल्पकाल के लिए कहीं चले जाते हैं और देर रात तक घर भी लौट आते हैं। पुलिस का यह भी कहना है कि राष्ट्रीय राजधानी में आनॅलाइन और एप आधारित सिस्टम के जरिये लोग जल्दबाजी में अपने परिजनों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करा देते हैं। मसलन यदि कोई बच्चा किसी कारणवश स्कूल से लौटने में देर कर दे, कोई व्यक्ति कुछ घंटों तक फोन संपर्क से कट जाए या कोई बुजुर्ग भटकने पर देर से घर पहुंचे तो लोग गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा देते हैं। ये कथित गुमशुदा लोग कुछ समय बाद घर तो लौट आते हैं, लेकिन लोग पुलिस डेटा को अपडेट नहीं करते। फलस्वरूप पुलिस आंकड़ों में उनकी गुमशुदगी बनी रहती है। पुलिस का दावा है कि लापता लोगों को खोजने की दर में लगातार सुधार हो रहा है। साल 2016 में जो 23,409 लोग लापता हुए थे, उनमें से करीब 85 फीसदी नौ साल के भीतर मिल गए। साल 2025 में दर्ज मामलों में 63 फीसदी लोगों को भी एक साल के भीतर तलाश लिया गया।

## ट्रेड डील लेबर ऑफ लव



भारत-अमेरिका व्यापार समझौते ट्रेड डील एक लेबर ऑफ लव है, इसमें किसानों के हितों की पूरी तरह रक्षा की गई है और किसी भी संवेदनशील कृषि उत्पाद पर कोई रियायत नहीं दी गई है, भारत के किसानों और उत्पादकों के हितों का 100 प्रतिशत ध्यान रखा गया है, भारत ने मांस, पोल्ट्री, जीएम फूड्स या उनके उत्पादों पर कोई रियायत नहीं दी है, इसके अलावा सोया मील, मक्का, चावल, गेहूं जैसे अनाज और ज्वार, बाजरा, रागी जैसी फसलों पर भी कोई छूट नहीं दी गई है, भारत में पैदा होने वाले फल जैसे केला, स्ट्राबेरी, चेरी, खट्टे फल, हरी मटर, काबुली चना, मूंग जैसी दालें, तिलहन, मूंगफली और शहद जैसे उत्पादों पर भी कोई समझौता नहीं किया गया है, ये सभी उत्पाद भारत के लिए संवेदनशील हैं और इनके मामले में नरमी नहीं बरती गई है।

**-पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री**

# मिर्गी: बीमारी नहीं, सोच बनती है सबसे बड़ी चुनौती



योगेश कुमार गोयल



हर वर्ष फरवरी के दूसरे सोमवार को 'अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 9 फरवरी को वैश्विक स्तर पर मनाया जाएगा। यह केवल एक स्वास्थ्य-दिवस नहीं बल्कि उस मानवीय संघर्ष की सामूहिक अभिव्यक्ति है, जिसे दुनियाभर में करोड़ों लोग प्रतिदिन जीते हैं। मिर्गी एक ऐसी चिकित्सीय स्थिति है, जो शरीर से अधिक समाज के व्यवहार से पीड़ित करती है। इसी गहरे यथार्थ को सामने लाने के लिए यह दिवस स्थापित किया गया ताकि मिर्गी के प्रति फैली भ्रांतियों, भय और कलंक को तोड़ा जा सके और इसे एक सामान्य न्यूरोलॉजिकल स्थिति के रूप में स्वीकार किया जा सके। इस दिवस का आयोजन इंटरनेशनल ब्यूरो फॉर एपिलेप्सी और इंटरनेशनल लीग अगेंस्ट एपिलेप्सी के संयुक्त प्रयासों से वर्ष 2015 में प्रारंभ हुआ था। तब से यह दिन न केवल जागरूकता का प्रतीक बना बल्कि नीति-निर्माताओं, स्वास्थ्य विशेषज्ञों और समाज को एक साझा मंच पर लाने का माध्यम भी बन गया है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस की थीम 'मिर्गी प्रतिज्ञा Epilepsy Pledge रखी गई है। यह विषय केवल सहानुभूति तक सीमित नहीं है बल्कि ठोस प्रतिबद्धता की मांग करता है। यह हमें आमंत्रित करता है कि हम मिर्गी को समझने, स्वीकार करने और उसके साथ जी रहे लोगों के लिए सुरक्षित, समावेशी और सम्मानजनक वातावरण बनाने की व्यक्तिगत और सामूहिक प्रतिज्ञा लें। यह थीम इस विचार को केंद्र में रखती है कि वास्तविक परिवर्तन केवल जागरूकता अभियानों से नहीं बल्कि व्यवहार, नीति और सामाजिक .ष्टिकोण में बदलाव से आता है। जब एक शिक्षक कक्षा में मिर्गी से पीड़ित बच्चे को समान अवसर देता है, जब एक नियोक्ता योग्यता के आधार पर निर्णय करता है और जब एक नागरिक दौरे के समय घबराने के बजाय सही प्राथमिक उपचार देता है, तभी मिर्गी प्रतिज्ञा साकार होती है। मिर्गी एक दीर्घकालिक मस्तिष्क संबंधी विकार है, जिसमें व्यक्ति को बार-बार दौरे पड़ते हैं। ये दौरे मस्तिष्क में अचानक उत्पन्न होने वाली अनियंत्रित विद्युत गतिविधि के कारण होते हैं। सामान्य अवस्था में मस्तिष्क की कोशिकाएं संतुलित और क्रमबद्ध विद्युत संकेतों के माध्यम से शरीर के सभी कार्यों का संचालन करती हैं लेकिन मिर्गी के दौरे के दौरान यही प्रणाली अस्थाई रूप से बाधित हो जाती है। इसका प्रभाव हर व्यक्ति में अलग-अलग रूप में दिखाई दे सकता है, किसी में हल्का कुछ सैकेंड का शून्य भाव तो किसी में पूरे शरीर में तीव्र झटके और बेहोशी। यह स्थिति किसी भी उम्र में हो सकती है और यह न तो संक्रामक है, न ही किसी पाप, अभिशाप या मानसिक कमजोरी का परिणाम। इसके बावजूद, मिर्गी के साथ जीने की सबसे बड़ी चुनौती चिकित्सा नहीं, सामाजिक व्यवहार है। भय, अज्ञानता और मिथकों के कारण मिर्गी से पीड़ित व्यक्ति को अक्सर अलग-थलग कर दिया जाता है। समाज में यह गलत धारणा आज भी मौजूद है कि मिर्गी व्यक्ति की बौद्धिक क्षमता, कार्यक्षमता या विश्वसनीयता को कम कर देती है। इसी सोच का परिणाम है कि बच्चों को स्कूल में उपेक्षा झेलनी पड़ती है, युवाओं को नौकरी में अवसर नहीं मिलते और व्यस्कों को विवाह व सामाजिक स्वीकृति में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कई बार यह कलंक स्वयं दौरे से अधिक पीड़ा का कारण बन जाता है क्योंकि यह व्यक्ति के आत्मसम्मान, मानसिक स्वास्थ्य और जीवन की संभावनाओं को सीमित कर देता है। अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस इसी सामाजिक कलंक को तोड़ने का एक वैश्विक प्रयास है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि मिर्गी का सही इलाज संभव है और लगभग 70 प्रतिशत मामलों में उचित दवाओं से दौरे नियंत्रित किए जा सकते हैं। फिर भी, विश्व स्तर पर एक बड़ा उपचार अंतर मौजूद है, विशेषकर विकासशील देशों में, जहां मिर्गी से पीड़ित लगभग 80 प्रतिशत लोग रहते हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, दवाओं की अनुपलब्धता और आर्थिक बाधाएं इस अंतर को और गहरा कर देती हैं। यह दिवस सरकारों और स्वास्थ्य प्रणालियों पर यह नैतिक दबाव बनाता है कि वे मिर्गी को सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राथमिकता के रूप में देखें। भारत जैसे देश में, जहां एक करोड़ से अधिक लोग मिर्गी से पीड़ित हैं, यह दिवस विशेष महत्व रखता है। यहां ग्रामीण क्षेत्रों में मिर्गी की दर शहरी क्षेत्रों की तुलना में अधिक है और जागरूकता का स्तर अपेक्षाकृत कम। कई स्थानों पर आज भी झाड़-फूंक, अंधविश्वास और सामाजिक बहिष्कार जैसी प्रथाएं देखने को मिलती हैं, जो रोगी को समय पर चिकित्सा सहायता से वंचित कर देती हैं। अंतर्राष्ट्रीय मिर्गी दिवस ऐसे समाजों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और करुणा आधारित सोच को स्थापित करने का अवसर प्रदान करता है। मिर्गी के विभिन्न प्रकार होते हैं, जो इस बात पर निर्भर करते हैं कि दौरे मस्तिष्क के किस हिस्से से और कैसे शुरू होते हैं।

कुछ मामलों में व्यक्ति पूरी तरह सचेत रहता है और केवल आंशिक लक्षण अनुभव करता है जबकि अन्य मामलों में पूरे मस्तिष्क के प्रभावित होने से बेहोशी और तीव्र झटके होते हैं। कई बार दौरे का आरंभिक स्रोत स्पष्ट नहीं हो पाता, जिससे निदान जटिल हो जाता है। इसके बावजूद, आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने दवाओं, शल्य-चिकित्सा, न्यूरोस्टिमुलेशन उपकरणों और विशेष आहार जैसे विकल्पों के माध्यम से उपचार की संभावनाओं को काफी विस्तृत किया है। मिर्गी का उपचार केवल दवा तक सीमित नहीं है बल्कि जीवनशैली प्रबंधन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। पर्याप्त नींद, तनाव नियंत्रण, ट्रिगर कारकों से बचाव और नियमित चिकित्सकीय परामर्श से व्यक्ति अपने जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार कर सकता है किंतु यह सब तभी संभव है, जब समाज सहयोगी हो, न कि निर्णयात्मक। जब परिवार, विद्यालय, कार्यस्थल और समुदाय मिलकर एक सुरक्षित वातावरण बनाते हैं, तभी उपचार वास्तव में प्रभावी होता है। कलंक का सबसे गहरा प्रभाव मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। निरंतर भेदभाव और गलतफहमियों के बीच जीने से व्यक्ति में चिंता, अवसाद और आत्मग्लानि की भावना पनप सकती है। कई लोग अपनी स्थिति को छुपाने का प्रयास करते हैं, जिससे समय पर उपचार नहीं मिल पाता और जोखिम बढ़ जाता है। यह एक दुष्चक्र है, जिसे तोड़ने के लिए सामाजिक स्वीकृति अनिवार्य है। मिर्गी प्रतिज्ञा का सार यही है कि हम केवल सहानुभूति न दिखाएं बल्कि व्यवहार में बदलाव लाएं। प्राथमिक उपचार सीखना, समावेशी भाषा का प्रयोग करना, भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाना, यह सभी छोटे कदम बड़े परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करते हैं। जब हम मिर्गी रोगी के बजाय 'मिर्गी से पीड़ित व्यक्ति' कहते हैं तो हम अनजाने में ही उस व्यक्ति की गरिमा को केंद्र में रखते हैं। स्वास्थ्य केवल शरीर की स्थिति नहीं बल्कि सामाजिक वातावरण का प्रतिबिंब है। एक ऐसा समाज, जो ज्ञान, करुणा और समानता पर आधारित हो, वही किसी भी चिकित्सीय स्थिति से जूझ रहे लोगों को वास्तविक सशक्तिकरण दे सकता है। मिर्गी के संदर्भ में यह और भी आवश्यक है क्योंकि यहां अज्ञानता के कारण होने वाला नुकसान चिकित्सा सीमाओं से कहीं अधिक है। मिर्गी दिवस हम सभी के लिए आत्ममंथन का अवसर है। क्या हम डर से दूर रहेंगे या समझ के साथ आगे बढ़ेंगे? क्या हम चुप रहेंगे या अन्याय के विरुद्ध बोलेंगे? इस दिवस का वास्तविक उद्देश्य तभी पूर्ण होगा, जब मिर्गी से पीड़ित व्यक्ति को समाज में दया का नहीं, समानता का स्थान मिलेगा। यही इस दिवस की आत्मा है, यही इसका संदेश है और यही एक अधिक मानवीय, समावेशी और जागरूक विश्व की दिशा में हमारा सामूहिक संकल्प होना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अधिक परागकण प्राप्त करने का अनोखा तरीका

**वैज्ञानिक यह तो दर्शा चुके हैं कि कोई मधुमक्खी जितने अधिक कंपन पैदा करती है, उतने ही अधिक परागकण उसे हासिल होते हैं। लेकिन यह एक रहस्य था कि बंबलबी कंपन पैदा करने में इतनी कुशल कैसे होती है। इसे समझने के लिए उपसला विश्वविद्यालय के चार्ली वुडरो ने बंबलबी के व्यवहार को बारीकी से देखा। अधिकांश शोधकर्ता मानते आए थे कि मधुमक्खियां गुनगुनाते समय खुद को स्थिरता प्रदान करने के लिए कभी-कभार फूलों को काटती हैं। लेकिन इसी व्यवहार के हाई स्पीड वीडियो में नजर आया कि ए कीट तो अपने सिर और वक्ष को तेजी से हिलाते रहते हैं।**

करंट बायोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन में पता चला है कि बंबलबी जिन फूलों का परागण करती है, उन पर ज्यादा माथा पटकती है। परिणाम यह होता है कि परागकोशों में भरे परागकण ज्यादा मात्रा में बाहर निकलते हैं। यह सही है कि कई फूलों में परागकोशों में परागकण बाहर ही होते हैं और यहां सिर पटकने की जरूरत नहीं होती। लेकिन कई फूलों में परागकण कोश के अंदर होते हैं। ऐसे फूलों के मामले में परागण की क्रिया बहुत आसान नहीं होती। यहां गुंजन परागण काम आता है। गुंजन परागण का मतलब होता है कि बंबलबी ध्वनि कंपन पैदा करती है ताकि उस फूल में कंपन हो और परागकोश के अंदर भरे परागकण बाहर आ जाएं। एक अनुमान के मुताबिक लगभग 9 प्रतिशत पौधे इसी तरह के परागण के भरोसे हैं और इनमें आलू, टमाटर व मटर जैसे कई फसली पौधे भी शामिल हैं। वैसे कीटों के लिए गुंजन-परागित फूलों के परागकणों को बटोरना आसान नहीं होता। क्योंकि ऐसे फूलों में परागकण नलीनुमा परागकोशों में भरे होते हैं और इनमें एक बारीक सा सुराख होता है, लेकिन कुछ मधुमक्खियां (बंबलबी सहित) ऐसे फूलों पर बैठ जाती हैं और अपने पंखों को जमकर फड़फड़ाती हैं। यानी वे गुंजन करती हैं और इसके कंपन परागकोश को कंपायमान कर देते हैं। ऐसा होने पर परागकण बाहर छलकने लगते हैं। वैज्ञानिक यह तो दर्शा चुके हैं कि कोई मधुमक्खी जितने अधिक कंपन पैदा करती है, उतने ही अधिक परागकण उसे हासिल होते हैं। लेकिन यह एक रहस्य था कि बंबलबी कंपन पैदा करने में इतनी कुशल कैसे होती है। इसे समझने के लिए उपसला विश्वविद्यालय के चार्ली वुडरो ने बंबलबी के व्यवहार को बारीकी से देखा। अधिकांश शोधकर्ता मानते आए थे कि मधुमक्खियां गुनगुनाते समय खुद को स्थिरता प्रदान करने के लिए कभी-कभार फूलों को काटती हैं। लेकिन इसी व्यवहार के हाई स्पीड वीडियो में नजर आया कि ए कीट तो अपने सिर और वक्ष को तेजी से हिलाते रहते हैं। तो, वुडरो और उनके साथियों ने एक बंबलबी (Bombus terrestris) का वीडियो बनाया। उन्होंने खास तौर से उस समय के वीडियो रिकॉर्ड किए जब वे दो तरह के गुंजन-परागित फूलों के परागकोशों पर पहुंचीं। इस तरह की वीडियोग्राफी में शोधकर्ता यह भी मापन कर पाए कि बंबलबी के कंपनों के जवाब में फूलों में कितने कंपन हुए। पता चला कि जब गुनगुनाती बंबलबी परागकोश को काटती हैं तो तीन गुना अधिक कंपन फूलों तक पहुंचते हैं। यह भी देखा गया कि काटने वाली बंबलबी ने परागकोश से ज्यादा परागकण छलकाए। अलबत्ता, इन अवलोकनों ने कई नए सवालों को भी जन्म दिया है। जैसे बंबलबी फूलों पर पहुंचकर लगातार परागकोशों को काटती नहीं रहती हैं। यह पता करना रोचक होगा कि वे कब ऐसा करती हैं। दूसरा अवलोकन यह था कि जब वे काटती हैं तो उनका सिर सिर चकरा देने की हद तक कंपन करता है। यह जानना दिलचस्प होगा कि वे ऐसा कैसे कर पाती हैं। यह देखना भी महत्वपूर्ण होगा कि क्या बंबलबी के व्यवहार का फूल के प्रकार से भी कुछ सम्बंध है।



**-स्रोत फीचर्स**

# रिसर्च: क्या बिल्लियों को अपने कद का अंदाजा होता है!

बिल्लियां इतनी लचीली होती हैं कि लोगों ने उन्हें पानी की उपमा दे डाली है जो कितनी भी कम जगह से बाहर निकल जाता है, किसी भी आकार में ढल जाता है। बिल्लियों के ऐसे करतब कभी न कभी आपने भी देखे होंगे, लेकिन क्या बिल्लियां खुद को लचीला मानती हैं? क्या वे किसी छोटे छेद या संकरी संद में से गुजरने के पहले अपने शरीर के आकार को ध्यान में रखकर यह सोचती हैं कि वे इसमें से निकल पाएंगी या नहीं? कुल मिलाकर सवाल है कि क्या बिल्लियों को अपने डील-डौल के बारे में बोध होता है? ओटवोस लोरैंड विश्वविद्यालय के पीटर पोंग्रेज, जिन्होंने कुत्तों और बिल्लियों की समझ-बूझ पर काफी शोध किए हैं, ने इस बार बिल्लियों पर अध्ययन के लिए यही सवाल चुना। अध्ययन के लिए उन्होंने 30 पालतू बिल्लियां चुनी। बिल्लियों के साथ प्रयोगशाला में अध्ययन करना बहुत मुश्किल होता है, इसलिए अध्ययन उन्होंने सभी बिल्लियों के घर जा-जाकर किए। अध्ययन के लिए उन्होंने कमरे में एक ऐसा लकड़ी के पैनल का पार्टीशन लगाया जिसमें एक आयताकार छेद बना हुआ था, और इस आयताकार छेद को (लंबाई और चौड़ाई में) छोटा-बड़ा किया जा सकता था। इस छेद के अलावा, कमरों की सारी ऐसी जगहों को ठीक से बंद कर दिया गया था, जहां से बिल्लियों के निकलने की संभावना हो सकती थी। पार्टीशन के एक तरफ बिल्ली को रखा जाता था और दूसरी तरफ बैठे उनके मालिक उन्हें पुकारते थे। इस पुकार प्रक्रिया में, जब पैनल में छेद बड़ा था। इतना बड़ा कि छेद की ऊंचाई और चौड़ाई बिल्लियों की ऊंचाई (पंजे से लेकर कान के ऊपरी छोर तक) और चौड़ाई (छाती की) से अधिक थी, तो बिल्लियां बेहिचक फर्राटे से उसमें से निकल रही थीं। फिर छेद की चौड़ाई को



उतना (आरामदायक) ही रखा, लेकिन ऊंचाई थोड़ी-थोड़ी कम की गई और दूसरी ओर से बिल्लियों के मालिक उन्हें पुकारते रहे। अब बिल्लियां थोड़ा हिचकिचाने लगीं, शायद उन्हें लग रहा था कि उनका कद इस छेद से बहुत अधिक है। लेकिन हिचकिचाहट के बाद भी वे इस छेद से निकलने की कोशिश करती रहींय तब भी जब छेद उनके कद का आधा था। इससे लगता है कि बिल्लियों को अपने शरीर के साइज (ऊंचाई) के बारे में कुछ तो अंदाजा है, लेकिन चौड़ाई के मामले में नतीजे अलग रहे। शोधकर्ताओं ने ऊंचाई को आरामदायक स्थिति में स्थिर रखकर चौड़ाई को थोड़ा-थोड़ा कम किया। छेद चाहे कितना भी संकरा क्यों न हो गया हो . यहां तक कि बिल्लियों की चौड़ाई का आधा भी, बिल्लियां छेद से निकलने से पहले कभी नहीं हिचकिचाई। छेद से निकलने में उनकी गति जरा भी धीमी नहीं हुई। इससे लगता है कि बिल्लियां अपनी चौड़ाई का अंदाजा नहीं लगा पातींय वे तो बस अपने लचीले शरीर का फायदा उठाती हैं, कोशिश करती रहती हैं और संकरी से संकरी जगह से निकल लेती हैं। ऐसा शायद इसलिए है क्योंकि बिल्लियां अधिक लचीली होती हैं, इसलिए उन्हें केवल कुछ ही मामलों में अपने शरीर के आकार का ध्यान रखना होता होगा, लेकिन वास्तव में बिल्लियां अपने शरीर की साइज के बारे में क्या सोचती हैं यह अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाया है। फिलहाल जितना भी पता चला है, उस जानकारी का इस्तेमाल बिल्लियों के मालिक उनके लिए घर, खेल के मैदान वगैरह को सुरक्षित रखने में कर सकते हैं, ताकि बिल्लियां किसी छोटी-संकरी जगह में न फंस जाएं। ए नतीजे आईसाइंस में प्रकाशित हुए हैं। **-स्रोत फीचर्स**

## टापुओं के चूहों के विरुद्ध वैश्विक जंग

वर्ष 1959 में, एक छोटे समुद्री पक्षी व्हाइट-फेस्ड स्टॉर्म पेट्रेल को बचाने के एक प्रयास में न्यूजीलैंड के मारिया द्वीप से चूहों का सफाया किया गया था। यह अनुभव कई टापुओं पर घुसपैठी चूहों को खत्म करने के एक वैश्विक अभियान की प्रेरणा बना। एक गैर-सरकारी संस्थान आइलैंड कंजर्वेशन के अनुसार, पिछले पचास वर्षों में 666 द्वीपों से चूहों को खत्म करने के लिए 820 प्रयास किए गए हैं और सफलता लगभग 88 प्रतिशत रही है। गौरतलब है कि चूहे आम शहरी जीव हैं, लेकिन टापुओं पर यह काफी विनाशकारी हो जाते हैं। वास्तव में टापू जैसे अलग-थलग पारिस्थितिकी तंत्र जोखिमग्रस्त प्रजातियों के घर हैं और चूहे इन टापुओं पर रहने वाले पक्षियों, स्तनपाइयों, उभयचरों और सरीसृपों की लगभग 75 प्रतिशत विलुप्ति के लिए जिम्मेदार हैं।

चूहों की तीन सबसे आम प्रजातियां, काला चूहा, ब्राउन या नॉर्वे चूहा और प्रशांत चूहा इस उन्मूलन का लक्ष्य हैं। यह कृंतक, अक्सर जहाजों पर सवार होकर टापुओं पर पहुंच जाते हैं और तेजी से संख्यावृद्धि करते हैं। एक मादा चूहा एक साल में सैकड़ों-हजारों संतानों को जन्म दे सकती है। गैलापागोस से लेकर अंटार्कटिका के दक्षिण जॉर्जिया द्वीप तक उन्मूलन अभियान सफल रहे हैं। दक्षिण जॉर्जिया के टापुओं को चूहों से मुक्त करने के लिए 10 साल तक 135 करोड़ डॉलर का अभियान चला। इसमें हेलीकॉप्टर की मदद से 3000 टन जहरीला चारा फैलाया गया। चूहों को खत्म करना चुनौतीपूर्ण कार्य है। उष्ण कटिबंधीय द्वीपों पर चूहे साल भर प्रजनन करते हैं और उन्हें प्रचुर मात्रा में भोजन उपलब्ध होता है। ऐसे में बार-बार प्रयास करने की आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए, गैलापागोस के उत्तरी सीमोर द्वीप पर प्रारंभिक अभियान के बाद चूहों की आबादी में फिर से इजाफा दिखा था, जिसके बाद उन्मूलन प्रयास फिर से शुरू करना पड़ा। आसपास चूहों की आबादी होने से या मानव निवास वाले द्वीपों पर पुनरू घुसपैठ की संभावना अधिक होती है। उन्मूलन प्रयासों का पैमाना बढ़ रहा है। 2019 तक उन्मूलन के लिए लक्षित द्वीपों का औसत क्षेत्रफल 1700 हैक्टर था, लेकिन टोंगा स्थित लेट आइलैंड (11,600 हैक्टर) और गैलापागोस में फ्लोरियाना द्वीप (17,900 हैक्टर) जैसे बड़े द्वीप नए केंद्र बन गए हैं। फिलहाल, सबसे बड़ा द्वीप उन्मूलन प्रयास दक्षिण जॉर्जिया द्वीप (1,00,000 हैक्टर) पर हुआ है। हाल ही में, न्यूजीलैंड ने एक योजना शुरू की है जिसका उद्देश्य 2050 तक पूरे देश को चूहों, फेरेट्स और पोसम जैसी प्रजातियों से छुटकारा दिलाना है।

**-स्रोत फीचर्स**


# यौन अपराधी एपस्टीन के बेबी रैंच का खुलासा

## यौन अपराधी और अरबपति वित्तीय उद्यमी ने बनाई थी अपने डीएनए से सुपर रेस मानव बनाने की योजना

**वाशिंगटन।** यौन अपराधी और अरबपति वित्तीय उद्यमी जेफ्री एपस्टीन हमेशा विवाद और अपराध के कारण सुर्खियों में रहा। 2019 में न्यूयॉर्क की जेल में उनकी मौत से पहले, एपस्टीन ने कथित तौर पर एक चौंकाने वाली योजना बनाई थी। उनका लक्ष्य था अपने डीएनए के जरिए 'सुपर रेस' के मानव तैयार करना।

एपस्टीन ने न्यू मेक्सिको में अपने विशाल रैंच, जिसे जीरो रैंच कहा जाता है, का इस्तेमाल महिलाओं को गर्भवती करने और अपनी संतान उत्पन्न करने के लिए करने का इरादा जताया। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कई वर्षों तक वैज्ञानिकों और व्यापारिक सलाहकारों को यह योजना साझा की। कुछ लोगों ने इसे निजी रूप से 'बेबी रैंच' कहा। हालांकि, कोई सबूत नहीं है कि यह योजना कभी लागू की गई या कानूनी रूप से अवैध होती। एपस्टीन ने अपने धन और सामाजिक प्रभाव का इस्तेमाल विश्व के प्रमुख वैज्ञानिकों को अपनी ओर आकर्षित करने में किया। इसमें नोबेल विजेता भौतिक विज्ञानी मरे गेल-मान, थ्योरिटिकल फिजिसिस्ट

■ एपस्टीन ने अपने धन और सामाजिक प्रभाव का इस्तेमाल विश्व के प्रमुख वैज्ञानिकों को अपनी ओर आकर्षित करने में किया



स्टीफन हाकिंग, विकासवादी जीवविज्ञानी स्टीफन जे. गुल्ड और आनुवंशिकी विशेषज्ञ जार्ज एम. चर्च शामिल थे। एपस्टीन ने शोध निधि, सम्मेलनों और उच्च स्तर की बैठकों का आयोजन किया, ताकि वैज्ञानिक विचार विमर्श में उसका प्रभुत्व रहे। एपस्टीन ट्रांसह्यूमनिज्म के प्रति बेहद उत्साहित थे, जो तकनीक और जेनेटिक इंजीनियरिंग के जरिए मानव क्षमताओं को बढ़ाने की विचारधारा है। उन्होंने अपने शरीर के संरक्षण और मृत्यु के बाद शरीर को फ्रीज करने की क्रायोनिक्स तकनीक में भी रुचि दिखाई। हाल के वर्षों में अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा जारी किए गए दस्तावेजों में संकेत मिलते हैं कि एपस्टीन ने कथित रूप से बच्चों को जन्म दिलवाया। एक महिला ने दावा किया कि उसने 2002 के आसपास 16-17 वर्ष की उम्र में एक बच्ची को जन्म दिया, जिसे जन्म के तुरंत बाद एपस्टीन के पूर्व सहयोगी घिस्लेन मैक्सवेल द्वारा कब्जा लिया गया। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। जेफ्री एपस्टीन का जन्म और शुरुआती जीवन न्यूयार्क में बीता। बताया जाता है कि 1970 के दशक में एपस्टीन ने न्यूयार्क में ही डाल्टन स्कूल में गणित (मैथ्स) से लेकर भौतिकी (फिजिक्स) तक पढ़ाया। उसने खुद भी एक यूनिवर्सिटी से इनकी पढ़ाई की थी, हालांकि वह कभी ग्रैजुएशन पूरा नहीं कर पाया। जिस दौरान एपस्टीन स्कूल में पढ़ा रहा था, तभी एक छात्र के पिता उससे इतने प्रभावित हुए थे कि उन्होंने जेफ्री को वाल स्ट्रीट में स्थित निवेश बैंक 'बीयर स्टियर्न्स' के एक सीनियर पार्टनर से मिलाया। यहां पहुंचने के बाद जेफ्री ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

## ओलंपिक्स के पहले हमले आयोजन को 'नुकसान पहुंचाने की कोशिश'

**मिलान।** इटली के परिवहन मंत्रालय ने बोलोन्या क्षेत्र में शीतकालीन ओलंपिक्स के पहले दिन हुई ट्रेन सेवाओं को बाधित करने वाली घटनाओं को 'नुकसान पहुंचाने की कोशिश' करार देते हुए कहा है कि ये 2024 में पेरिस ओलंपिक खेलों के उद्घाटन से ठीक पहले फ्रांस में हुए हमलों की याद दिलाती हैं। बोलोन्या क्षेत्र में रेलवे ट्रैक और उससे जुड़ी अवसं. रचनाओं को नुकसान पहुंचने की कई घटनाएं सामने आई हैं। पहली घटना शनिवार सुबह बोलोन्या-वेनिस खंड पर दर्ज की गई, जहां क्षतिग्रस्त केबल पाए गए। इसके अलावा, बोलोन्या-पाडुआ लाइन पर एक स्विच के पास एक देसी बम (आईईडी) बरामद किया गया, जिसे निष्क्रिय कर दिया गया। इसी मार्ग के उच्च-रफ्तार रेलवे खंड पर बिजली के केबल काटे गए।



**नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र अरब अमीरात के प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) छात्रों से बातचीत करते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।**

## मैरी कॉम और द फैमिली मैन के लिए मशहूर अभिनेता सुनील थापा का निधन

**काठमांडू।** 'मेरी कॉम' और 'द फैमिली मैन' जैसी फिल्मों में यादगार भूमिकाओं के लिए मशहूर अभिनेता सुनील थापा का शनिवार को यहां 68 वर्ष की आयु में निधन हो गया। थापा को बेहोशी की हालत में काठमांडू के नॉर्विक अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। ईसीजी के बाद डॉक्टरों ने उनकी मृत्यु की पुष्टि की। डॉक्टरों ने हृदयगति रुकने का संदेह जताया है। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने थापा परिवार और उनके दोस्तों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए नेपाली सिनेमा में उनके योगदान की प्रशंसा की।

## रूसी जनरल पर जानलेवा हमले के बाद हिरासत में दो आरोपी

**मॉस्को।** रूस की संघीय सुरक्षा सेवा ने रविवार को बताया कि उसने एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी की हत्या की कोशिश के मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। एजेंसी ने एक बयान में कहा कि संदिग्धों ने रूस की सैन्य खुफिया एजेंसी के उप-प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर अलेक्सेएव को मारने की कोशिश की थी, जिन्हें शुक्रवार को उत्तर-पश्चिम मॉस्को में एक रिहायशी इमारत के अंदर कई गोलियां मारी गई थीं। बयान में कहा गया कि एक संदिग्ध को उसके साथी की मदद से संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में हिरासत में लिया गया और रूसी अधिकारियों को सौंप दिया गया। दूसरे को मॉस्को में हिरासत में लिया गया। एजेंसी ने बताया कि तीसरा संदिग्ध यूक्रेन भाग गया। सभी संदिग्ध रूसी नागरिक हैं। उल्लेखनीय है कि लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर एलेक्सेएव को मॉस्को में उनके आवास पर कई गोलियां मारी गई थीं, जिसके बाद उन्हें एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। बाद में अहम अंग में गोली लगने के घाव के लिए उनकी आपातकालीन सर्जरी की गई। अधिकारियों ने बताया कि उनके ठीक होने की उम्मीद है। एलेक्सेएव रूस की जीआरयू सैन्य खुफिया एजेंसी के मुख्य निद. ेशालय में नंबर दो के अधिकारी हैं।

# ड्रैगन की बड़ी साजिश का खुलासा!

## गलवां तनाव के सात दिन बाद चीन ने किया था परमाणु परीक्षण, अमेरिका के आरोपों से हलचल

**वाशिंगटन।** 2020 में जब पूरी दुनिया कोविड महामारी से जूझ रही थी और दूसरी ओर गलवाल घाटी में भारत और चीन के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया था। इसी दौरान तनाव की आड़ में चीन अपने नापाक मंसूबे को अंजाम देने की तैयारी में लगा हुआ था। आरोप है कि गलवां घाटी में भारतीय सैनिकों की शहादत के कुछ ही दिनों बाद चीन ने गुप्त रूप से परमाणु परीक्षण किए। ये आरोप अमेरिका ने लगाए हैं। ऐसे में देखा जाए तो यह केवल अंतर्राष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि क्षेत्रीय सुरक्षा और रणनीतिक संतुलन के लिए भी गंभीर चेतावनी है।

इतना ही नहीं ऐसे संवेदनशील समय में चीन की यह कथित गतिविधि उसकी मंशा और दीर्घकालिक रणनीति पर अहम सवाल भी खड़े करती है। बता दें कि अमेरिका ने बीते शुक्रवार को चीन पर यह आरोप लगाए हैं। अमेरिका के अंडर सेक्रेटरी ऑफ स्टेट थामस जी डिनैनो ने कहा है कि चीन ने गुप्त रूप से परमाणु विस्फोट परीक्षण किए, ताकि दुनिया को इसकी भनक न लगे। अमे. रिका का दावा है कि चीन ने ऐसे तरीके अपनाए जिससे भूकंप मापने वाली अंतर्राष्ट्रीय प्रणालियां (सीस्मिक मानिटरिंग) भी इन परीक्षणों को ठीक से पकड़ न सकें। डिनैनो के मुताबिक, 22 जून 2020 को चीन ने ऐसा ही एक परमाणु परीक्षण किया था। यह तारीख इसलिए भी अहम है क्योंकि यह परीक्षण गलवां घाटी में भारत-चीन हिंसक झड़प के ठीक एक हफ्ते





■ ऐसे में देखा जाए तो यह केवल अंतर्राष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि क्षेत्रीय सुरक्षा और रणनीतिक संतुलन के लिए भी गंभीर चेतावनी है

बाद हुआ था। गलवां संघर्ष में भारत के 20 जवान शहीद हुए थे, जबकि खुफिया रिपोर्ट्स के अनुसार 30 से ज्यादा चीनी सैनिक भी मारे गए थे। अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि चीन ने जिस तकनीक का इस्तेमाल किया, उसे 'डिकपलिंग' कहा जाता है। इस तकनीक में विस्फोट को इस तरह अंजाम दिया जाता है कि उसके झटके कम महसूस हों और अंतर्राष्ट्रीय निगरानी एजेंसियों को शक न हो। अमेरिका का कहना है कि चीन सैकड़ों टन क्षमता वाले परमाणु परीक्षणों की तैयारी और उन्हें अंजाम दे चुका है। इतना ही नहीं डिनैनो ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सिल. सिलेवार पोस्ट में बताया कि चीन का यह कदम पूरी दुनिया के लिए खतरनाक है। उन्होंने कहा कि मौजूदा परमाणु समझौते आज की चुनौतियों से निपटने में नाकाम हो चुके हैं। इस दौरान डिनैनो ने न्यू स्टार्ट संधि का भी जिक्र किया, जो 2010 में अमेरिका और रूस के बीच हुई थी। इस संधि का मकसद परमाणु हथियारों की संख्या को सीमित करना था। लेकिन डिनैनो के मुता. बिक, 2026 तक यह संधि अप्रासंगिक हो जाएगी क्योंकि चीन बहुत तेजी से अपना परमाणु जखीरा बढ़ा रहा है। रूस के पास बड़ी संख्या में ऐसे हथियार हैं जो इस संधि के दायरे में नहीं आते और चीन के एक भी परमाणु हथियार पर इस संधि का कोई नियंत्रण नहीं है। उन्होंने कहा कि जहां अमे. रिका के ज्यादातर परमाणु हथियार न्यू स्टार्ट के तहत सीमित थे, वहीं रूस और चीन पर इसका असर बेहद कम या न के बराबर रहा। अमेरिकी अधिकारी ने साफ कहा कि अब अमेरिका को अपने नागरिकों और सहयोगी देशों की सुरक्षा के लिए नई परमाणु नीति और नई अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था बनाने की जरूरत है, जो आज के खतरों को ध्यान में रखे, न कि पुराने दौर की परिस्थितियों को। गौरतलब है कि इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी ऐसे संकेत दे चुके हैं। बीते साल अक्टूबर में उन्होंने कहा था कि अगर रूस और चीन परमाणु परीक्षण करते हैं, तो अमेरिका भी उसी स्तर पर परीक्षण शुरू कर सकता है, हालांकि तब उन्होंने कोई ठोस जानकारी नहीं दी थी। डिनैनो का बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका न्यू स्टार्ट संधि के खत्म होने के बाद रूस और चीन के साथ तीन देशों की नई बातचीत शुरू करना चाहता है, ताकि परमाणु हथियारों पर नए सिरे से सीमाएं तय की जा सकें।

## चीन में 18 साल से कम उम्र वाले तिब्बती बच्चों के मठों में प्रवेश पर रोक

**बीजिंग।** चीन सरकार ने तिब्बती समुदाय के धार्मिक जीवन पर नियंत्रण और कड़ा करते हुए 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के मठों में प्रवेश पर रोक लगा दी है। रिपोर्ट के मुताबिक इस फैसले से तिब्बती संस्कृति, परंपराओं और धार्मिक अधिकारों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस प्रतिबंध की जानकारी तब सामने आई जब चीनी मैसेजिंग ऐप वीचौट पर एक वीडियो सामने आया। इसके बाद तिब्बती अधिकारों के उल्लंघन को लेकर चिंता बढ़ गई। तिब्बत और निर्वासित तिब्बतियों से जुड़े समाचार पोर्टल फायुल के अनुसार, खाम क्षेत्र के एक मठ के प्रवेश द्वार पर स्पष्ट रूप से लिखा नोटिस लगाया गया है 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का ईबी में प्रवेश वर्जित है। रिपोर्ट में बताया गया है कि यह पाबंदी ऐसे समय लागू की गई है, जब तिब्बती इलाकों में सर्दियों की छुट्टियों के चलते स्कूल बंद रहते हैं। आमतौर पर इस दौरान बच्चे अपने माता-पिता के साथ मठों में धार्मिक गतिविधियों में भाग लेते थे।

# जापान में फिर सनाए ताकाइची की सरकार

**टोक्यो।** जापान में फिर से प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची की सरकार बनने जा रही है। प्रधानमंत्री ताकाइची के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन को अहम संसदीय चुनाव में दो-तिहाई बहुमत मिल गया है।

सत्तारूढ़ गठबंधन को निचले सदन की 465 में से 312 सीटें मिली हैं। जो बहुमत के आंकड़े 233 से काफी अधिक है। सनाए ताकाइची की इस शानदार जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बधाई दी है। प्रधानमंत्री ताक. इची की सत्तारूढ़ पार्टी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपीद्ध ने 465 सीटों में से 312 सीटों पर दर्ज की है। वहीं, 86 सीटों पर अभी गिनती जारी है। विपक्षी दलों के खाते में अभी तक मात्र 68 सीटें ही आई हैं। ताकाइची ने अक्टूबर में जापान की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभाला था। वह व्यक्तिगत रूप से काफी लोकप्रिय हैं, लेकिन उनकी पार्टी उनकी लोकप्रिय नहीं थी, जिसके बाद ताकाइची ने अचानक से चुनावों का एलान कर दिया था। उनका यह फैसला अब सही साबित हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने जापान के प्रतिनिधि सभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज



■ पीएम सनाए की पार्टी ने चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज की, पीएम मोदी और ट्रम्प ने दी बधाई

करने पर ताकाइची को बधाई दी है। सोशल मीडिया पर साझा संद. ेश में पीएम मोदी ने कहा कि भारत-जापान की विशेष रणनी. तिक और वैश्विक साझेदारी दुनिया में शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने भरोसा जताया कि सनाए ताकाइची के नेतृत्व में भारत-जापान मित्रता और अधिक मजबूत होगी और दोनों देशों के संबंध नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जापान में हुए संसदीय चुनाव को लेकर ट्वीट कर प्रधानमंत्री सनाए ताक. इची को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह चुनाव जापान के भविष्य के लिए बेहद अहम है।

# दुनियाभर मे आलीशान होटलों में तब्दील हो गई कई जेल

**नई दिल्ली।** कभी कठोर अनुशासन, संकरी कोठरियों और साधारण भोजन के लिए पहचानी जाने वाली जेलें अब दुनिया के कुछ हिस्सों में विलासिता, आराम और विरासत पर्यटन की अनूठी मिसाल बनती जा रही हैं।

विरासत इमारतों को होटल के रूप में पुनर्जीवित करने की प्रवृत्ति के तहत कई ऐतिहासिक जेलों को पंचतारा और बुटीक होटलों में बदला जा रहा है। इस कड़ी में जापान के नारा शहर की पूर्व किशोर जेल एक नया आकर्षण बनने जा रही है। मेइजी काल में 1908 में स्थापित यह जेल 2017 तक कार्यरत रही और बाद में इसे राष्ट्रीय महत्वपूर्ण सांस्कृतिक संपत्ति घोषित किया गया। अब एक प्रतिष्ठित जापानी होटल ब्रांड



■ अब विलासिता आराम और विरासत पर्यटन की अनूठी मिसाल बनती जा रही हैं जेलें

इसे जून 2026 में ऑल-सूट होटल के रूप में खोलने जा रहा है। प्रत्येक सुइट के लिए नौ से 11 पुरानी कोठरियों को मिलाया गया है, जबकि पूर्व निरोध विग में जापानी-फ्रेंच रेस्तरां होगा। परिसर में नारा प्रिजन म्यूजियम भी खोला जाएगा, जहां आगंतुक इस इमारत के इतिहास और वास्तुकला से रूबरू हो सकेंगे। नारा जेल ऐसा पहला कारावास नहीं है जिसे होटल में बदला गया हो, बल्कि पूरी दुनिया में यह चलन बढ़ता हुआ दिख रहा है। तुर्की के इस्तांबुल में स्थित सुल्तानाहमेत क्षेत्र की एक पूर्व जेल आज फोर सीजन्स होटल के रूप में दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित होटलों में गिनी जाती है। सन् 1918 में तुर्की नवशास्त्रीय शैली में निर्मित यह भवन 1969 तक जेल रहा, जहां अधिकतर लेखक, पत्रकार और बुद्धिजीवी बंद रहे।

## फिल्म बॉर्डर-2 ने की 300 करोड़ क्लब में एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपर स्टार सनी देओल की फिल्म 'बॉर्डर 2' ने भारतीय बाजार में 301 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म 'बॉर्डर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर गदर मचा दिया है। फिल्म 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सनी देओल लीड रोल में हैं। इनके अलावा इस फिल्म में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मोना सिंह, मेधा राणा, सोनम बाजवा और अन्या सिंह जैसे सितारे भी हैं। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म 'बॉर्डर 2' ने भारतीय बाजार में पहले सप्ताह में 224.25 करोड़ की कमाई की। फिल्म ने दूसरे सप्ताह में भारतीय बाजार में 70.15 करोड़ का कारोबार किया। फिल्म ने 15वें दिन 2.85 करोड़ की कमाई की।

# सस्ते भारतीय टीके नहीं मिलने से पाक अर्थव्यवस्था पर दबाव

## पाकिस्तानी स्वास्थ्य मंत्री मुस्तफा कमाल ने इस पर हताशा जताते हुए कहा, हालात कठिन है

**कराची।** पाकिस्तान में भारत से किफायती टीके नहीं मिलने के कारण अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य दबाव में है। पाकिस्तानी स्वास्थ्य मंत्री मुस्तफा कमाल ने इस पर हताशा जताते हुए कहा, हालात कठिन हैं। मई 2025 के संघर्ष के बाद से भारत से सस्ते टीकों की आपूर्ति रुकने से देश की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है।

इससे पहले वैश्विक सार्वजनिक-निजी स्वास्थ्य साझेदारी के तहत पाकिस्तान ग्लोबल अलायंस फार वैक्सीन्स एंड इम्यूनाइजेशन (गावी) के जरिये सस्ते टीके लेता था। गावी दुनिया के सबसे गरीब देशों के बच्चों को टीके दिलाती है। कमाल बोले, फिलहाल पाकिस्तान 40 करोड़ डालर की वार्षिक लागत पर टीके मंगाता है व 51 प्रतिशत



■ मई 2025 के संघर्ष के बाद से भारत से सस्ते टीकों की आपूर्ति रुकने से देश की अर्थव्यवस्था प्रभावित हुई है

लागत वहन करता है। इसका अर्थव्यवस्था पर बुरा असर हो रहा है। गावी की भूमिका को स्वीकार करते हुए पाकिस्तानी स्वास्थ्य मंत्री मुस्तफा कमाल ने कहा, यह संगठन खरीद मध्यस्थ और वित्तपोषण भागीदार के रूप में पाकिस्तान को मुख्य रूप से भारत से टीके प्राप्त करने में मदद करता रहा है। वह बोले, दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण संबंधों के बावजूद, गावी ने पाकिस्तान को भारतीय दवा कंपनियों के जरिये मदद की। कोविड में भी गावी ने भारत से लाखों टीके जुटाने में मदद की थी। सरकार वर्तमान में नागरिकों को 13 प्रकार के टीके मुफ्त में दे रही है, लेकिन इनमें से किसी का भी उत्पादन देश नहीं होता है। पाकिस्तान विश्व का पांचवां सबसे अधिक आबादी वाला देश है, जिसकी आबादी लगभग 24 करोड़ है और यहां प्रति वर्ष 62 लाख जन्म होते हैं, जिससे टीकों की मांग में काफी वृद्धि हुई है। कमाल ने कहा: अंतर्राष्ट्रीय सहायता के कारण वार्षिक आयात लागत को नियंत्रण में रखा गया है, लेकिन यदि टीकों का स्थानीय उत्पादन शुरू नहीं होता है तो यह स्थिति बदल सकती है। भारत ने पिछले साल 7 मई को पहलगाम हमले के प्रतिशोध में पाकिस्तान में आतंकी ढांचे को निशाना बनाते हुए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे। इन हमलों के कारण दोनों देशों के बीच चार दिनों तक भीषण झड़पें हुईं, जो 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने की सहमति के साथ समाप्त हुईं।

# अमेरिकी कृषि के बड़े पैमाने पर पतन की चेतावनी

## ट्रम्प प्रशासन की नीतियों ने इस क्षेत्र को 'बहुत नुकसान' पहुंचायाः किसान नेता व संगठन

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में कृषि नेताओं और संगठनों ने कई चेतावनियां जारी करते हुए कहा है कि अगर मौजूदा प्रशासन की नीतियां जारी रहीं तो वे 'अमेरिकी कृषि के बड़े पैमाने पर पतन' का कारण बन सकती हैं। अमेरिका के प्रमुख कृषि संघों और अमेरिकी कृषि विभाग (यूएसडीए) के 27 पूर्व नेताओं के एक गठबंधन ने हाल ही में अमेरिकी कांग्रेस को एक औपचारिक पत्र जारी किया। इस पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन की अपनाई गई नीतियों ने इस क्षेत्र को 'बहुत नुकसान' पहुंचाया है। उन्होंने आंकड़ों के हवाले से कहा कि इस साल सभी फार्मों में से मुश्किल से आधे ही फार्म मुनाफा कमा पाएंगे। उनकी यह बात अमेरिकन फार्म ब्यूरो फेडरेशन के डेटा से मेल खाती है। इस डेटा में भी पाया गया है कि अमेरिकी किसान पिछले तीन सालों में 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक के नुकसान में है। इस खत में लिखा



गया है कि खेती में इस्तेमाल की जाने वाली विभिन्न प्रकार की सामग्री (इनपुट) पर आयात शुल्क लगाया गया है। उर्वरक से लेकर, खेती के रसायन, से लेकर मशीनरी के पुर्जो तक, प्रशासन के शुल्क ने खेती में इनपुट की कीमतें बढ़ा दी हैं और पैदावार की लागत को जिसों की कीमतों से काफी ऊपर कर दिया है। इसमें कहा गया कि खेती में इनपुट की लागत बढ़ाना अमे. रिकी किसानों की जेब से पैसा निकालना है। पत्र में आगे कहा गया है कि इस प्रशासन की व्यापार नीतियों और कांग्रेस की कार्रवाई की कमी ने हमारी वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को कम करके, निर्यात बाजारों को बाधित करके और कमोडिटी कीमतों को कम करके अमे. रिकी किसानों को भी नुकसान पहुंचाया है। यह दो पिछली चेतावनियों के बाद आया है। पहली चेतावनी अक्टूबर 2025 में 215 से अधिक कृषि संगठनों का एक पत्र के जरिए दी गई और बाद में इस साल 15 जनवरी को 56 कृषि समूहों का एक पत्र जारी किया गया। इनमें देश में बिगड़ती कृषि अर्थव्यवस्था के मुख्य कारणों के रूप में व्यापार संरक्षणवाद, श्रम की कमी और संघीय कर्मचारियों की छंटनी का हवाला दिया। कांग्रेस नेतृत्व को जनवरी के पत्र में चेता. वनी दी गई थी कि बड़ी संख्या में किसान आर्थिक रूप से कर्ज में डूबे हुए हैं, फार्म दिवा. लियापन लगातार बढ़ रहा है, और कई किसानों को अपनी अगली फसल उगाने के लिए धन हासिल करने में कठिनाई हो सकती है।

## 10 अप्रैल को रिलीज होगी अक्षय कुमार की फिल्म 'भूत बंगला'

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार की आने वाली हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' 10 अप्रैल, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'भूत बंगला' का निर्देशन प्रियदर्शन कर रहे हैं। 14 साल बाद अक्षय कुमार और प्रियदर्शन फिर से एक साथ आए हैं। 'भूत बंगला' से पहले अक्षय और प्रियदर्शन 'हेराफेरी', 'गरम मसाला', 'भागम भाग', 'भूल भुलैया', 'दे दना दन' और 'खट्टा मीठा' में साथ काम कर चुके हैं। इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ वामिका गब्बी, तब्बू और परेश रावल जैसे कलाकार नजर आने वाले हैं। फिल्म में दिवंगत अभिनेता असरानी भी नजर आएंगे। पहले यह फिल्म 15 मई 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी।





